


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 244 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.9, 2079 शुक्रवार, 18 नवंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी बीमार, सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में शरीक होने आए थे

सिलीगुड़ी, 17 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बीमार हो गए। हालांकि, कुछ देर बाद वे ठीक हो गए और अपनी कार से रवाना हो गए।

भाजपा विधायक नीरज जिम्बा ने बताया कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद गड़करी ने बेचैनी की शिकायत की थी। डॉक्टरों ने तुरंत संभाला व मंच के पीछे ले गए। दवाएं आदि लेने के कुछ देर बाद वे ठीक हो गए।

## ज्ञानवापी मामले पर मुस्लिम पक्ष को जबर्दस्त झटका

# कोर्ट ने मामला सुनवाई योग्य माना



वाराणसी, 17 नवंबर (एजेंसियां)। ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने सहित तीन मांगों से संबंधित याचिका पर आज कोर्ट का आदेश आ गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत ने किरन सिंह की याचिका को सुनवाई योग्य माना है। अब इस पर सुनवाई दो दिसंबर को होगी।

इस मामले में बीते 15 अक्टूबर को ही अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गई थीं। तभी से आदेश में पत्रावली लंबित थी। इस प्रकरण में वादिनी किरन सिंह की तरफ से मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर हिंदुओं को सौंपने और शिवलिंग की पूजा पाठ राग भोग की अनुमति मांगी गई थी। अब इस मामले को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि दो दिसंबर निर्धारित की गई है। अगली तारीख पर तत्काल पूजा वाले प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होगी। गुरुवार को कोर्ट के आदेश मद्देनजर अदालत परिसर में जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था रही। विश्व वैदिक सनातन संघ ने कोर्ट के इस आदेश का स्वागत किया है।

**ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का :**

वादिनी किरन सिंह के अधिवक्ताओं ने दलील में कहा था कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो आपत्ति उठाई गई है, वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का है जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि वह मस्जिद है या मंदिर। दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था इसलिए हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। यह भी दलील दी कि विशेष धर्म स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है।

स्ट्रक्चर का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद। जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है। कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिन्दू पक्ष पर लागू नहीं होता है। >14

### टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल से कड़ी पूछताछ

कोलकाता, 17 नवंबर (एजेंसियां)। पशु तस्करी घोटाले में पूछताछ के लिए (ईडी) की टीम आज एक बार फिर से आसनसोल जेल पहुंची जहां उसने तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुव्रत मंडल से कड़ी पूछताछ की। ईडी ने अनुव्रत की बेटी से पूछताछ के बाद ही आसनसोल जेल पहुंची।

अनुव्रत की बेटी सुकन्या ने कहा था कि उसके पिता अनुव्रत ही उन सभी वित्तीय खातों और लेन-देन से अवगत थे, जिनके बारे में उन्होंने उससे पूछा था। ईडी ने घोटाले के सिलसिले में सुकन्या मंडल से दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में पहले ही पूछताछ की थी। अनुव्रत मंडल जो टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष हैं, को सीबीआई ने अगस्त में पशु तस्करी में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था और मामले में एजेंसी द्वारा दायर चार्जशीट में भी उनका नाम था।

# आंध्र प्रदेश में टीडीपी नेता पर हमला

## साधु बनकर घर पहुंचा युवक, भीख लेते वक्त धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया

काकीनाडा, 17 नवंबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता पोलनाती शेषगिरी राव पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमलावर साधु बनकर भीख मांगने आया था। हमले में राव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह घटना नेता के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



**सुबह 6 बजे आया हमलावर :**

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि टीडीपी नेता अपने घर के एंट्री गेट पर खड़े हैं और एक साधु को अनाज दे रहे हैं। तभी युवक अपने शॉल के अंदर से धारदार हथियार निकालता है और राव पर दो बार हमला करता है। इससे राव घायल हो जाते हैं और जमीन पर गिर जाते हैं। वहीं, युवक वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाता है। तभी एक महिला घर से बाहर आती है और चिल्लाने लगती है।

अधिकारियों ने बताया कि घटना काकीनाडा जिले के तुनी शहर की है, जब गुरुवार सुबह करीब 6 बजे हमलावर साधु के भेष में राव के घर भिक्षा मांगने के बहाने आया था। पुलिस ने बताया कि हमले में राव के सिर, गर्दन और बाजू पर चोटें आई हैं। फिलहाल, आरोपी की तलाश की जा रही है।

**टीडीपी ने सड़क और भवन मंत्री पर लगाया आरोप :**

टीडीपी ने राव पर हमले के लिए सड़क और भवन मंत्री दादीसेट्टी राजा के समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। टीडीपी के आंध्र प्रदेश यूनिट के प्रेसिडेंट के. अत्चन्नायडू ने राव पर हुए हमले की निंदा की है। उनका कहना है कि मंत्री और विधायक मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। टीडीपी नेता ने कहा कि वाईएसआरसीपी के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए राव पर हमला किया गया है। अत्चन्नायडू ने कहा कि उनकी पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक आरोपी और हत्या की साजिश करने वाले पकड़े नहीं जाते।

# नोटबंदी पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दिया

*रिजर्व बैंक से 8 महीने तक विचार-विमर्श के बाद फैसला लिया था*

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नोटबंदी पर हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा गया है कि 500 और 1000 के नोटों की तादाद बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। इसलिए फरवरी से लेकर नवंबर तक आरबीआई से विचार-विमर्श के बाद ही 8 नवंबर को इन नोटों को चलन से बाहर करने यानी नोटबंदी का फैसला लिया गया था। इस मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी।

**सरकार ने किया अपने फैसले का बचाव :**

सरकार ने नोटबंदी के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि नोटबंदी करने का निर्णय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की विशेष अनुशंसा पर लिया गया था। नोटबंदी से जाली करंसी, टेरर फंडिंग, काले धन और कर चोरी जैसी समस्याओं से निपटने की प्लानिंग का हिस्सा और असरदार तरीका था। यह इकोनॉमिक पॉलिसीज में बदलाव से जुड़ी सीरीज का सबसे बड़ा कदम था।

**नोटबंदी से हुए फायदे भी गिनाए :**

केंद्र ने अपने जवाब में यह भी कहा कि नोटबंदी से नकली नोटों में कमी, डिजिटल लेन-देन में बढ़ोत्तरी, बेहिसाब आय का पता लगाने जैसे कई लाभ हुए हैं। अकेले अक्टूबर 2022 में 730 करोड़ का डिजिटल ट्रांजैक्शन हुआ, यानी एक महीने में12 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन रिकॉर्ड किया गया है। जो 2016 में 1.09 लाख ट्रांजैक्शन यानी करीब 6952 करोड़ रुपये था।

**5 जजों की बेंच कर रही सुनवाई :**

नोटबंदी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं थीं। सबसे पहले विवेक नारायण



शर्मा ने केंद्र सरकार को चुनौती दी थी। 2016 के बाद से नोटबंदी के खिलाफ 57 और याचिकाएं दर्ज कराई गई थीं। जस्टिस एस अब्दुल नजीर, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन, और जस्टिस बीवी नागरत्ना वाली 5 जजों की संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

# श्रद्धा मर्डर केस में आफताब का नार्को टेस्ट होगा

*कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड भी दी, सीन रीक्रिएट करने हिमाचल ले जाएगी पुलिस*

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में 27 साल की श्रद्धा के मर्डर के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को गुरुवार को साकेत कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। कोर्ट ने आफताब की पुलिस कस्टडी 5 दिन बढ़ा दी है। पुलिस ने कोर्ट में आरोपी को हिमाचल की पार्वती घाटी और दिल्ली के वन क्षेत्रों में ले जाकर सीन रीक्रिएट करने की बात कही थी। कोर्ट ने आफताब के नार्को टेस्ट की परमिशन दी है। बताया गया है कि आफताब ने भी इस टेस्ट के लिए अपनी सहमति जताई है। साकेत कोर्ट के बाहर वकीलों ने प्रदर्शन करके जमकर नारेबाजी की। वकीलों की मांग थी कि श्रद्धा के कातिल आफताब



पूनावाला को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। वकीलों के प्रदर्शन के कारण कोर्ट परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। पुलिस को इस प्रदर्शन का इनपुट पहले से ही था, इसलिए उसने कोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी की मांग की थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस नए सुराग वाटर बिल पर आफताब से पूछताछ करना चाहती है। आफताब के महरौली फ्लैट का 300 रुपये का वाटर बिल आया है, जबकि पड़ोसियों का बिल जीरो है। वजह यह कि दिल्ली में 20 हजार लीटर पानी मुफ्त दिया जाता है। पुलिस जानना चाहती है कि आखिर आफताब ने इतना पानी कहां खर्च कर डाला। >14

## मंत्री सत्येंद्र जैन को झटका, राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से केजरीवाल के मंत्री सत्येंद्र जैन को झटका दिया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन और दो अन्य की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। जैन को 30 मई को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था।

आपको बता दें कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा दर्ज है। इससे पहले अप्रैल महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत जैन के परिवार और कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की थीं। इसमें अकिंचन डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों की संपत्तियां शामिल थीं।

जैन पर कथित आरोप हैं कि उन्होंने दिल्ली में कई शेल कंपनियों को लॉन्च किया या खरीदा था। उन्होंने कोलकाता के तीन हवाला ऑपरेटरों की 54 शेल कंपनियों के माध्यम से 16.39 करोड़ रुपये के काले धन को भी सफेद किया था। जैन के पास प्रयास, इंडो और अकिंचन नाम की कंपनियों में बड़ी संख्या में शेयर थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2015 में केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने के बाद जैन के सभी शेयर उनकी पत्नी के नाम कर दिए गए थे। मामला सामने आने पर गिरफ्तारी के बाद जब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के कागजात दिखाकर जैन से सवाल पूछे तो उन्होंने कोरोना के कारण याददाश्त चले जाने का दावा कर दिया था।

# सोरेन से ईडी की पूछताछ, 100 सवालों की लिस्ट तैयार

## मुख्यमंत्री : 1000 करोड़ का घोटाला संभव नहीं, कार्रवाई ऐसी जैसे देश छोड़ने वाला हूं

रांची, 17 नवंबर (एजेंसियां)। अवैध खनन मामले में ईडी की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ जारी है। मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए 100 सवालों की लिस्ट तैयार की गई है। इसके लिए बकायदा दिल्ली से अफसरों की टीम रांची पहुंची है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े सवाल शामिल हैं। साथ ही उनके विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के घर से मिले दस्तावेजों के संबंध में भी सवाल किए जाएंगे।

ईडी की पूछताछ से पहले सोरेन ने ईडी, केंद्र सरकार और राज्यपाल को घेरा है। सोरेन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समन भेजे जा रहे हैं। जैसे मैं देश छोड़ने वाला हूं। सोरेन ने केंद्र पर सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राज्यपाल को घेरते हुए उन्होंने कहा कि वो साजिश रचने वालों का साथ दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने पूरे मामले में राज्यपाल रमेश बैस की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से भेजी गई चिट्ठी पर राज्यपाल अब तक मौन हैं। कई बार बोलने पर ही इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। मुझे मीडिया के हवाले से पता चलता है कि उन्होंने इस पर दोबारा राय मांगी है। सीएम ने राज्यपाल पर सरकार के खिलाफ साजिश करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।



**इतना बड़ा घोटाला समझ से परे**

सोरेन ने कहा कि अवैध खनन के मामले में मुझे बुलाया गया है। 1000 करोड़ के घोटाले की जो बात आ रही है, वो कहीं से भी संभव नहीं लगता है। एक हजार करोड़ के घोटाले का जिक्र आया है, इसका आधार कैसे बना यह समझ से परे है। इतने बड़े घोटाले के लिए कितना खनन होगा ये सोचने की जरूरत है। यह आरोप कहीं से संभव नहीं। एजेंसी को पूरी विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। सरकार को गिराने की साजिश का आरोप लगाते हुए सीएम सोरेन ने कहा कि आनेवाले दिनों में सत्ता के कुछ विधायकों के घर रेड होगी। मुझे इसकी जानकारी मिली है। जांच एजेंसियों को हमें परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार बनने के बाद से ही इसे गिराने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

पूछताछ को लेकर ईडी ऑफिस में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए पटना और दिल्ली कार्यालय से ईडी के वरिष्ठ अधिकारी रांची पहुंचे हैं। साथ ही राजभवन और भाजपा ऑफिस में भी सुरक्षा सख्त कर दी गई है। इधर हिनू चौक से होटल ग्रीन एकर्स तक धारा 144 लागू कर दिया गया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीएम से पूछताछ :**

हेमंत सोरेन के तार अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ने का आरोप है। 8 जुलाई को ईडी ने हेमंत सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा के घर पर छापेमारी की थी। यहां से एजेंसी को हेमंत सोरेन की बैंक पासबुक, साइन किए हुए दो चेक और चेक बुक मिली है। सितंबर में चार्जशीट दाखिल करते हुए ईडी ने बताया था कि जांच में उसे अवैध खनन में एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की हेराफेरी होने के सबूत मिले हैं। अब तक ईडी ने 5.34 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। बैंक में जमा 13.32 करोड़ रुपये फ्रीज किए गए हैं। इतना ही नहीं 30 करोड़ रुपये का एक जहाज भी जब्त किया गया है। बताया जाता है कि इस जहाज का इस्तेमाल अवैध खनन से निकाले गए पत्थरों को ले जाने के लिए किया जाता था। ईडी ने अपनी चार्जशीट में लिखा है कि पंकज मिश्रा अवैध खनन में शामिल था और उसने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की।

## राहुल बोले-सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की, उद्धव का जवाब बयान स्वीकार्य नहीं

मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी विनायक दामोदर सावरकर के अंग्रेजों की मदद करने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। राहुल ने महाराष्ट्र सरकार को भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की चुनौती भी दी। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस नेता टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी वीडी सावरकर का बहुत इज्जत करती है और वह स्वतंत्रता सेनानी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को स्वीकार नहीं करते हैं। हमारे मन में स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता।

**राहुल ने सावरकर का कथित पत्र भी पढ़ा :**

लोगों से बात करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक पत्र को पढ़ा। दावा किया कि वह वीर सावरकर ने अंग्रेजों को लिखा था। राहुल ने पत्र को पढ़कर सुनाया कि सर, मैं आपके सबसे आज्ञाकारी



सेवक बने रहने की विनती करता हूं। उस पर हस्ताक्षर भी किए गए थे। सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। उन्होंने डर के मारे पत्र पर हस्ताक्षर करके महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे नेताओं को धोखा दिया।

इससे पहले वाशिम जिले में मंगलवार को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सावरकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रतीक हैं। सावरकर ने खुद पर एक अलग नाम से एक किताब लिखी थी और बताया था कि वह कितने बहादुर थे। कांग्रेस सांसद ने कहा था कि सावरकर को अंडमान में दो-तीन साल की जेल हुई थी। >14

## गौतम नवलखा की याचिका पर आज सुनवाई

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट गौतम नवलखा की याचिका पर आज सुनवाई करेगा। नवलखा कोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक जेल से घर में नजरबंदी के लिए नहीं भेजा गया है। कोर्ट ने कहा कि एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में गौतम नवलखा की अर्जी के साथ शुक्रवार को एनआईए की याचिका पर भी सुनवाई की जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवलखा की ओर से पेश एक वरिष्ठ वकील की दलीलों पर ध्यान दिया कि शीर्ष अदालत के उन्हें नजरबंद रखने के निर्देश का अब तक पालन नहीं किया गया है।

एनआईए की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आरोपी ने अपने घर का पता देने के बजाय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय का पता दिया है। इसके अलावा एक अलग याचिका भी दायर की जाएगी।

## कठुआ रेप-मर्डर केस : सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया

**नाबालिग आरोपी पर अब अडल्ट कोर्ट में चलेगा मुकदमा**



नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। कठुआ रेप-मर्डर केस के आरोपी शुभम सांगरा पर नए सिरे से मुकदमा चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुभम को नाबालिग करार देने के निचली अदालत और हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने उसे वयस्क यानी बालिग माना है। जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि तथ्यों और मेडिकल सबूतों के आधार पर यह साफ है कि शुभम वारदात के समय नाबालिग नहीं था। वह 18 साल की उम्र पूरी कर चुका था। कोर्ट के मुताबिक, ऐसा कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है जो उसकी उम्र नाबालिग साबित करे।

**क्या है पूरा मामला :**

जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के एक गांव में 10 जनवरी, 2018 को 8 साल की बच्ची को अगवा किया गया। 12 जनवरी को हीरानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। बच्ची को चार दिन तक बंधक बनाकर गलत काम किया गया। बाद में उसकी हत्या कर दी गई। 17 जनवरी को उसका शव मिला। 22 जनवरी, 2018 को यह केस क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। जांच के बाद 7 आरोपियों, जिसमें सांझी राम (तत्कालीन ग्राम पंचायत प्रधान), उसके बेटे विशाल, विशेष पुलिस अधिकारी दीपक खजूरिया उर्फ दीपू, सुरेंद्र कुमार, परवेश कुमार उर्फ मन्नू, हेड कॉन्स्टेबल तिलक राज और उपनिरीक्षक आनंद दत्ता को गिरफ्तार किया था। 8वें आरोपी के रूप में सांझी राम का भतीजे शुभम सांगरा को भी गिरफ्तार किया गया था, >14



# उद्धव सरकार में पटरी से उतरी बुलेट ट्रेन

## परियोजना को शिंदे-फडणवीस ने 5 माह के भीतर दी रफ्तार



मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसियां)। लगता है एकनाथ शिंदे-देवेन्द्र फडणवीस सरकार महाराष्ट्र में विकास कार्यों को गति देने के मामले में कोई सवाल नहीं छोड़ना चाहती है, यही वजह है कि सत्ता में आने के पांच महीने के भीतर ही महाराष्ट्र वाले हिस्से में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना (बुलेट ट्रेन परियोजना) के लिए बोली आमंत्रण का कार्य पूरा कर लिया गया है. यही नहीं परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण का कार्य भी लगभग समाप्ति पर है. पता चला कि राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन (एनएचआरसीएल) ने 15 नवंबर को महाराष्ट्र में शिलफाटा से गुजरात सीमा तक के 135 किमी लंबी रेल लाइन के निर्माण और महाराष्ट्र के ठाणें, विरार, और बोईसर में तीन एलिवेटेड स्टेशन निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की थी. गौरतलब है कि इससे पहले महाराष्ट्र में महा अघाड़ी सरकार के शासन में यह परियोजना आगे बढ़ने में विफल रही थी. इससे पहले 23 सिंतबर को एनएचआरसीएल से महाराष्ट्र में मुंबई से शिलफाटा तक के 20 किमी लंबे ट्रेक के लिए लाइन निर्माण कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की थी. 22 सितंबर को मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स में भूमिगत स्टेशन निर्माण के लिए निविदाएं मांगी गई थी. इन तीनों निविदाओं के साथ, जिसमें टनल निर्माण का कार्य भी शामिल है, इस बड़ी परियोजना के लिए महाराष्ट्र में निविदा का कार्य पूरा हो जाएगा.

दिलचस्प बात यह है कि ये सभी निविदाएं शिंदे-फडणवीस सरकार के जुलाई में सत्ता संभालने के बाद मांगी गई थी. एक शीर्ष केंद्रीय अधिकारी ने बताया कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में भूमि अधिग्रहण का कार्य अटका हुआ था इसलिए निविदाओं का काम भी नहीं हो पा रहा था. महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण से जुड़ा करीब करीब सारा काम संपन्न हो चुका है. खास बात यह है कि नई महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार इस फास्ट ट्रैक परियोजना की गति को लेकर एकमत हैं. 2 जुलाई को सबसे पहले इस बात का खुलासा कर दिया था कि नई बनी शिंदे-फडणवीस सरकार ने परियोजना को फास्ट ट्रैक करने का फैसला लिया है. इस परियोजना के लिए महाराष्ट्र में 298 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की ज़रूरत थी और जून तक करीब 150 हेक्टेयर ज़मीन का अधिग्रहण नहीं हुआ था. लेकिन नई बनी सरकार ने महज चार महीनों के भीतर बाकी बची हुई ज़मीन के अधिग्रहण का कार्य लगभग संपन्न करके इसे एनएचएसआरसीएल को सौंप दिया है. गुजरात वाले हिस्से में परियोजना पर कार्य शुरू भी हो चुका है लेकिन उद्धव ठाकरे सरकार के 2019 से परियोजना को लेकर उदासीन रवैया दिखाने की वजह से परियोजना की तिथि तीन साल आगे बढ़ गई है. पहले योजना को 2023 तक पूरा हो जाना था जो अब बढ़कर 2026 पर पहुंच गई है. उद्धव के रवैये की वजह से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 में आदेश दिया था कि हाई-स्पीड कॉरीडोर का संचालन महाराष्ट्र का इंतजार किए बगैर 2023 तक गुजरात में शुरू कर दिया जाए. हालांकि भाजपा के जुलाई में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ मिलकर सरकार बनाते ही परियोजना का पूरा रुख ही बदल गया. इसके पहले ठाकरे सरकार ने इस योजना को एक घमंड करार देते हुए कहा था कि यह उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है. अगस्त 2021 में केंद्र से संसद में कहा था कि उनके पास परियोजना को पूरा करने के लिए कोई संशोधित समय सीमा नहीं है, इसके साथ ही महाराष्ट्र सरकार पर परियोजना में अत्यधिक देरी लगाने का आरोप लगाया था.

शिंदे और फडणवीस ने जुलाई में सत्ता संभालते हुए यह साफ कर दिया था कि महाराष्ट्र में रेल परियोजना का कार्य द्रुत गति से संपन्न किया जाएगा. इसके परिणाण अब नज़र आन भी लगे हैं.

## गुजरात हाई कोर्ट के जज का तबादला, विरोध में हड़ताल पर गए सभी वकील



अहमदाबाद, 17 नवंबर (एजेंसियां)। जज के प्रस्तावित तबादले के विरोध में गुजरात हाई कोर्ट के वकील हड़ताल पर चले गए हैं। हाई कोर्ट के न्यायाधीश निखिल करियल के पटना हाई कोर्ट में प्रस्तावित तबादले को लेकर गुजरात हाई कोर्ट के सभी वकील कथित रूप से हड़ताल पर चले गए हैं। नया फैसला आने तक हड़ताल जारी रहेगी।

## तापमान में मामूली उछाल, पारा साढ़े तीन डिग्री तक उछला

भोपाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में ठंड ऊपर-नीचे हो रही है। हवाएं उत्तरी होने पर पारा तो गिरा है, पर उम्मीद के अनुरूप सर्दी नहीं पड़ रही है। कोई सिस्टम भी असर नहीं डाल रहा है। जानकारों की मानें तो कुछ दिनों में ठंड जोर पकड़ेगी। प्रदेश में रात का पारा उछला है, एक दिन पहले जहां पचमढ़ी का तापमान 8 डिग्री तक गया था, वो अब 10 डिग्री पर पहुंच गया है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी जिलों का मौसम शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। मौसम विभाग के आंकड़ों की बात करें तो पूर्वी मप्र में तापमान में हल्की बढ़ोतरी तो पश्चिमी हिस्से में तापमान में हल्की गिरावट रही। प्रदेश में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। पचमढ़ी सबसे ठंडा है, यहां का पारा उछलकर 10.5 डिग्री पर पहुंच गया है।

## नौकरी का झांसा देकर नाबालिग से महीनों तक दुष्कर्म

**कोच्चि में महिला समेत नौ गिरफ्तार**

कोच्चि, 17 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के बंदरगाह शहर कोच्चि में नौकरी का झांसा देकर एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने एक महिला समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लड़की का कई महीनों तक यौन शोषण किया। कोच्चि पुलिस ने गुरुवार को बताया कि नौ आरोपियों में से पांच पुरुषों, जिनमें लॉज का मालिक और उसका कर्मचारी भी शामिल है, को एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार अगस्त में जब यह लड़की नौकरी की तलाश में कोच्चि आई तो इन पांच में से एक आरोपी ने उससे दोस्ती गांठी और जॉब दिलाने का वादा किया। इसके बाद वह उसे लॉज में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि इसके बाद तीन अन्य आरोपियों ने भी उसका यौन शोषण किया।

**लॉज मालिक महिला बनी देह शोषण की दलाल**

पुलिस के अनुसार मामले में लॉज की मालिक महिला आरोपी ने इस लड़की के देह शोषण में दलाल की भूमिका निभाई। उसने पीड़िता को कई अन्य लोगों से भी शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। पलारीवट्टोम पुलिस ने मामले में महिला लॉज मालिक सहित चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पोक्सो का मामला दर्ज किया गया है। मामले में और भी लोगों को गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। घटना का खुलासा तब हुआ जब लड़की केरल के त्रिशूर जिले में स्थित अपने घर लौटी और वहां पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पलारीवट्टोम पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत कोच्चि पुलिस को सौंप दी गई, जिसने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली।

# पोर्टेबल घर और तालाब

## भयंकर सर्दी में भी चीन को करारा जवाब देने को तैयार रहेंगे भारतीय सेना के जवान



नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। चीन की किसी भी नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना के हजारों जवान एलएसी यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात हैं. सर्दियों के मौसम में जब बर्फ जम जाते हैं और तापमान माइनस डिग्री में चला जाता है, ऐसे में इन जवानों के लिए पीने की पानी की किल्लत को दूर करने के लिए भारतीय सेना ने बड़ा कदम उठाया है. इंडियन आर्मी कड़ाके की ठंड में भी अपने सैनिकों के लिए ताजा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बड़ी संख्या में तालाब बना रही है. इतना ही नहीं, सेना ने भयंकर सर्दी में जवानों के रहने के लिए पोर्टेबल घर का भी निर्माण किया है. दरअसल, भारत ने पूर्वी लद्दाख में अप्रैल-मई 2020 से संभावित चीनी आक्रमण से निपटने के लिए बड़ी संख्या में नए उपकरणों के साथ 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है. सीमा पर तैनात सैनिकों की रसद आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं. इंडियन आर्मी के इंजीनियर इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने कहा, 'हम वहां तैनात जवानों की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में तालाबों का निर्माण कर रहे हैं. दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) जैसे अग्रिम स्थानों पर सैनिकों ने इस साल कड़ाके की ठंड में भी तालाबों के ताजे पानी का इस्तेमाल किया.' उन्होंने आगे कहा कि अत्यधिक सर्दियों में सतह के स्तर पर पानी जम जाता है और चारों ओर बर्फ हो जाता है, मगर उसके नीचे यह लिक्विड रूप में मौजूद रहता है. हमारे सैनिकों ने अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन तालाबों के पानी का इस्तेमाल किया. बता दें कि डीबीओ यानी दौलत बेग ओल्डी लद्दाख में सबसे ठंडे और सबसे आगे के स्थानों में से एक है और कोल्ड डेजर्ट इलाके में अत्यधिक ठंड की स्थिति देखी जाती है और चारों ओर बर्फ ही बर्फ दिखता है. इन इलाकों में तापमान कुछ मौकों पर शून्य से 40 डिग्री नीचे भी चला जाता है और सेना के लिए अपने जवानों को ताजा पानी और भोजन उपलब्ध कराना एक चुनौती बन जाता है. सेना के इंजीनियर्स ने सैनिकों को चीन सीमा के पास अग्रिम स्थानों पर रहने में मदद करने और वहां रहने की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए व्यापक कार्य किया है. लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल के मुताबिक, सेना ने अब तक पूर्वी लद्दाख में सैनिकों के लिए 22,000 अतिरिक्त आवास बनाए हैं और उन्हें इस तरह से बनाया गया है कि इमारतों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सके और जरूरत पड़ने पर विशिष्ट क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सके. भारतीय सेना ने टैंकों, तोपों और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों के लिए बड़ी संख्या में आवास भी बनाए हैं ताकि बख्तरबंद जवान बहुत ठंडी परिस्थितियों में भी उन्हें संचालित कर सकें.

## सज्जाद लोन ने कहा अगर 1987 न हुआ होता तो घाटी में इतने नए कब्रिस्तान होते



श्रीनगर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस (पीसी) के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने 1987 में हुए विधानसभा चुनावों में धांधली के लिए नेशनल कांफ्रेंस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे लोगों का नेतृत्व करने का दावा नहीं कर सकते जबकि वे लोगों की मौजूदा हालत के लिए जिम्मेदार हैं।

जो 1987 के चुनावों में हुई धांधली की बात नहीं करता, वह कश्मीर के मुद्दे को कभी नहीं समझ पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर 1987 न हुआ होता तो क्या यहां बंदूक घुसपैठ कर लेती। क्या इतने सारे नए कब्रिस्तान होते। उन कब्रगाहों को किसने भरा। कोई भी यह सवाल नहीं पूछ रहा है। माना जाता है कि इसी धांधली से आतंकवाद भड़क उठा था। सज्जाद लोन ने पार्टी के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली के लिए राजनीतिक और कानूनी रूप से प्रयास करेगी।

जम्मू और कश्मीर की एक विरासत थी, जिसे 2019 में नष्ट कर दिया गया था। हम उस विरासत को वापस पाने का प्रयास करेंगे। लोन ने कहा कि 1990 में आतंकवादियों को खाना देने जैसे कृत्यों के लिए कश्मीर में सभी से पूछताछ की जा रही है और उन्हें जेल में डाल दिया गया, लेकिन कोई भी 1987 में बेईमानी करने वालों से पूछताछ नहीं कर रहा है।

## राहुल-कमलनाथ चुनावी हिंदू, नरोत्तम मिश्रा ने की मोहम्मद गौरी-गजनवी से तुलना



भोपाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के मंदिर की आकार में जन्मदिन का केक पर सियासत गरमा गई है. सीएम शिवराज सिंह चौहान के निशाने के आने के बाद अब गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जुबानी हमला बोल दिया है. नरोत्तम मिश्रा ने कमलनाथ पर वार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी आड़े हाथ लिया है. गृहमंत्री ने कमलनाथ और राहुल गांधी को चुनावी हिंदू बताया है. उन्होंने कहा, जब-जब चुनाव आते हैं इन लोगों को मंदिर याद आ जाता है. ये लोग चुनावी हिंदू हैं. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि, कमलनाथ द्वारा इस तरह का केक काटना मंदिरों को ध्वस्त करने वाले मोहम्मद गौरी और महमूद गजनवी की याद दिलाता है. उन्होंने कहा कि, ये सनातन धर्म के होने का दावा करते हैं और हनुमान जी की मुर्ती का जन्मदिन केक बनाकर टुकड़े-टुकड़े कर देते हैं. उन्होंने कहा ये कमलनाथ की मानसिकता दिखाता है और हिंदू धर्म के अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

**हिंदू धर्म का अपमान किया है- नरोत्तम मिश्रा**

नरोत्तम मिश्रा ने इसी दौरान राहुल गांधी पर वार करते हुए कहा कि, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने कहीं मंदिर का दौरा नहीं किया लेकिन मध्य प्रदेश में आते ही धर्म का नया विवाद खड़ा कर दिया. ये लोग धर्म का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं जिसे स्वीकारा नहीं जाएगा.

**माफी मांगें कमलनाथ-बीजेपी**

वहीं, कांग्रेस की ओर से इस पूरे मुद्दे पर बयान जारी कर कहा है कि, बीजेपी भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से डर रही है इसलिए इस तरह के बाते उठा रही है. दरअसल, बुधवार 16 नवंबर को एक वीडियो देखने को मिला था जिसमें कमलनाथ एक केक काटते दिख रहे हैं. ये केक मंदिर के आकार में था जिसपर हनुमान की तस्वीर बनी हुई थी. बीजेपी ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया है. साथ ही कमलनाथ से मांफी मांगने की मांग की है.

## भाजपा-कांग्रेस को हराने वाला पार्षद जिंदगी की जंग हारा

छिंदवाड़ा,17 नवंबर (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा नगर निगम के निर्दलीय पार्षद राजेश भोयर ने बुधवार को फांसी लगाकर जान दे दी। राजेश छिंदवाड़ा के गुलाबरा में रहते थे। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन शाम साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे के आसपास राजेश घर में थे। रात को उनका भांजा खाना देने आया तो राजेश घर के तीसरे कमरे में फंदे पर झूलते मिले। उन्हें तत्काल परासिया रोड स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ढहाया जाएगा मैसूर स्थित गुंबद आकार वाला बस स्टॉप भाजपा सांसद ने बताया था मस्जिद



मैसूर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मैसूर नगर निगम को मैसूर में विवादास्पद गुंबद के आकार के बस शेल्टर को हटाने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। संरचना को हटाने के लिए उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है। बता दें कि कर्नाटक के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने एक ट्वीट कर इस बस स्टॉप को गिराने की धमकी दी थी। सिम्हा ने कहा था कि मैंने इसे सोशल मीडिया पर देखा है। बस स्टैंड में तीन गुंबद हैं, बीच में एक बड़ा और उसके बगल में दो छोटे हैं। वह एक मस्जिद ही है। मैंने इंजीनियरों से कहा है कि तीन-चार दिन में ढांचा गिरा दें। अगर वे नहीं करते हैं, तो मैं एक जेसीबी लूंगा और इसे ध्वस्त कर दूंगा।

**क्या यह तुम्हारा पैसा है?: सिद्धारमैया**

वहीं भाजपा सांसद की धमकी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने जमकर निशाना साधा और कहा कि एक सांसद होने के नाते उन्हें इस तरह की चीजें नहीं करनी चाहिए। जब उनके पास सामान्य ज्ञान की कमी है तो हम क्या कहें? वह बस स्टॉप को नष्ट करने वाला कौन होता है, जब सरकार ने इसे बनाने के लिए पैसा खर्च किया है? क्या यह उसका पैसा है? यह सरकार का पैसा है।

## क्या राजनीतिक दबाव में दी गई थी कोवैक्सिन टीके की मंजूरी? भारत सरकार ने खुद दिया इसका जवाब

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। कोरोना वैक्सीन कोवैक्सिन को लेकर मीडिया में चल रही अफवाह पर अब भारत सरकार ने विराम लगा दिया है। भारत सरकार ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवाक्सिन की मंजूरी किसी भी राजनीतिक दबाव में नहीं दी गई थी। मीडिया में चल रही रिपोर्ट पूरी तरह से भ्रामक और झूठी है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन की मंजूरी देने में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और निर्धारित मानदंडों का पालन किया गया है।

बता दें कि मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राजनीतिक दबाव के कारण स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सिन के निर्माता भारत बायोटेक को कुछ प्रक्रियाओं को छोड़ना पड़ा और नैदानिक परीक्षणों को तेज करना पड़ा। हालांकि, अब भारत सरकार ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है।

## बीएमसी चुनाव को लेकर शिंदे सरकार को कोर्ट का नोटिस



मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बीएमसी चुनावों में कुल सीटों को 236 से घटाकर 227 करने को चुनौती देने वाली याचिका पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है। बता दें कि एकनाथ शिंदे सरकार के अध्यादेश, जिसने संख्या को घटाकर 227 कर दिया था, जिसे ठाकरे गुट के कॉरपोरेटर राजू पेडनेकर ने चुनौती दी थी।

**राणे के बंगले से अनाधिकृत निर्माण हटाने का काम शुरू**

मुंबई के जुहू इलाके में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बंगले से अनाधिकृत निर्माण हटाने का काम गुरुवार को शुरू हो गया। एक निकाय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने सितंबर में बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें मुंबई नगर निकाय को राणे के बंगले 'अधिश' में अनधिकृत निर्माण को गिराने का निर्देश दिया गया था।

**कार्टूनिस्ट ने धमकियों की शिकायत दर्ज कराई**

प्रसिद्ध प्रकाशन 'मार्मिक' के एक कार्टूनिस्ट की शिकायत पर मुंबई में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप लगाया गया था कि दक्षिणपंथी नेता संभाजी भिड़े से मिलते-जुलते कैरिकेचर के लिए उन्हें धमकाया जा रहा है। भायखला थाने के एक अधिकारी ने कहा कि कार्टूनिस्ट गौरव सर्जेराव यादव की शिकायत पर न तो कोई प्राथमिकी दर्ज की गई है और न ही कोई गिरफ्तारी की गई है। उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए अदालत जाने को कहा गया है।

## एलटीटी-गोरखपुर समेत 4 ट्रेन आंशिक निरस्त; एक महीने तक परेशानी



भोपाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। भोपाल से होकर जाने वाली चार ट्रेन वाराणसी जंक्शन स्टेशन में रिमॉडलिंग कार्य के चलते आंशिक प्रभावित रहेंगी। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडन के वाराणसी जंक्शन स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते 16 नवंबर से 15 दिसंबर 2022 तक ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लॉक लिया जा रहा है। इस अवधि के दौरान इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त एवं कई रेलगाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 4 ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशनों से परिवर्तित मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी होकर गुजरती है।

## अंतरिक्ष नियामक ने आज भारत के पहले निजी रॉकेट प्रक्षेपण को मंजूरी दी



नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के अंतरिक्ष नियामक ने निजी क्षेत्र के पहले रॉकेट विक्रम-एस के प्रक्षेपण को मंजूरी दे दी है. विक्रम-एस स्काईरूट एरोस्पेस द्वारा विकसित सब-ऑर्बिटल यान है. अंतरिक्ष नियामक भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने कहा, ''इन-स्पेस ने एक निजी भारतीय अंतरिक्ष स्टार्ट-अप स्काईरूट एरोस्पेस के प्रक्षेपण की अनुमति दे दी है. यह इसरो के सतीश धवन केन्द्र से 18 नवंबर, 2022 को दिन में 11 से 12 बजे के बीच सब-आर्बिटल यान विक्रम-एस को लांच करेगा. प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह निजी क्षेत्र द्वारा विकसित पहले रॉकेट का प्रक्षेपण देखने के लिए श्रीहरीकोटा में मौजूद रहेंगे.

## श्रीलंकाई नौसेना का भारतीय मछुआरे पर हमला! 14 अन्य को गिरफ्तार किया



रामेश्वरम, 17 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरे पर हमला कर दिया। इस दौरान एक भारतीय मछुआरे की आंख में चोट लग गई। समुद्री सीमा उल्लंघन के आरोप में 14 मछुआरों को गिरफ्तार भी किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल मछुआरे की पहचान रामेश्वरम के जॉनसन के रूप में हुई है और बुधवार देर रात जब श्रीलंकाई नौसैनिकों ने उस पर हमला किया, तो उसकी आंख में चोट लग गई थी। इसके अलावा नागापट्टिनम जिले के 14 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पकड़ा गया। उनकी नाव को जब्त कर लिया गया।

## आंगनबाड़ी हैल्पर से शिक्षकों ने किया गैंपरेप

**नशीला पदार्थ पिलाया था**



हिसार सिटी, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार जिले के बरवाला थाना एरिया में आंगनवाड़ी हैल्पर के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप राजकीय स्कूल के 2 अध्यापकों पर है। पीड़िता का कहना है कि दोनों करीब 5 सालों से धमकी देकर दुष्कर्म किया जा रहा था। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर दो शिक्षकों पर धारा 328,376(2)(एन),376डी, 506 केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार शहर में रहने वाली महिला ने बताया कि वह बरवाला एरिया में आंगनवाड़ी हैल्पर है। आरोप है कि 2015 से 2020 तक आरोपित मास्टर जय इंद्र और मास्टर धर्मवीर ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। अध्यापकों ने दुष्कर्म करने के बाद उसको धमकी दी कि इस बारे में किसी को बताएगी तो जान से मार देंगे। आंगनवाड़ी हैल्पर ने डर के मारे इस बारे में किसी को नहीं बताया। शिकायतकर्ता ने बताया कि अध्यापकों से आखिरकार तंग आकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपित जय इंद्र और धर्मवीर पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस मामले में अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सुविचार: परमात्मा को पाने के बाद और कुछ पाने की आवश्यकता नहीं रह जाती

## भारत भर में अलग-अलग नामों से लागू की गई तेलंगाना की योजनाएं : निरंजन



वनपर्ती, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री एस. निरंजन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की दृष्टि और सभी लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता और मुफ्त मछली रोपण के वितरण ने राज्य में मछुआरा समुदाय के लिए रोजगार और आजीविका के अवसरों में सहायता की है।

तत्कालीन आंध्र प्रदेश में, मछुआरों की उपेक्षा की जाती थी, जिससे कई लोगों को आजीविका के लिए अन्य स्थानों पर पलायन करना पड़ता था। निरंजन रेड्डी ने गुरुवार को यहां श्रीरंगपुर मंडल में रंगा समुद्रम में मछली के पौधे जारी करने के बाद कहा कि हालांकि, तेलंगाना के गठन के बाद, मुख्यमंत्री ने मिशन काकतीय की कल्पना की और राज्य में सभी पानी की टंकियों को भर दिया। रैतु बंधु, रैतु बीमा, 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति और पर्याप्त पानी के प्रावधान ने राज्य में किसानों के बीच एक नया विश्वास पैदा किया है, उन्होंने कहा कि तेलंगाना के कल्याण और विकास कार्यक्रम पूरे देश के लिए एक आदर्श है। उन्होंने कहा कि केंद्र और अन्य राज्य सरकारें अलग-अलग नाम गढ़कर इन कार्यक्रमों की नकल कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि मछुआरा समुदाय के लिए आजीविका के अवसरों के अलावा, मछली के पौधे छोड़ने के कदम से गांवों में निवासियों को पोषक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को सब्सिडी के तहत भेड़ के वितरण से गोल्ला कुरुमा समुदाय के आर्थिक कल्याण में भी मदद मिली है, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में पारंपरिक व्यवसायों में जीवन का नया पट्टा दिया है।

## लोग अगले चुनाव में टीआरएस को बाहर करना चाहते हैं : प्रह्लाद जोशी

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के खिलाफ जमकर टिप्पणी करते हुए दावा किया कि तेलंगाना के लोग अगले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी को हराना चाहते हैं। उन्होंने ये बातें यादाद्री भोंगिर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री ने जिले में संसद प्रवास योजना कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रह्लाद जोशी ने उपहास किया कि टीआरएस पार्टी पहले राज्य में मौजूद थी और कहा कि लोग अब इसे भूल गए हैं। उन्होंने दावा किया कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को राज्य सरकार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे भाजपा को मजबूत करने के लिए यादाद्री लोकसभा सीट पर और अधिक विकास कार्यक्रम शुरू करेंगे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने यादाद्रि श्री लक्ष्मीनारसिंह स्वामी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।

## राज्य में पाम ऑयल खेती को बढ़ावा : सोमेश कुमार

### मुख्य सचिव ने मलेशियाई प्रतिनिधिमंडल को दी कई जानकारी



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक उच्चस्तरीय मलेशियाई प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बीआरकेआर भवन में मुख्य सचिव सोमेश कुमार से मुलाकात की और तेल पाम क्षेत्र पर तेलंगाना राज्य सरकार के साथ साझेदारी तलाशने की संभावनाओं पर चर्चा की।

मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल के सीईओ, वान आइशा वान हामिद, प्रचार और संचार प्रभाग, मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल रजिता रज़ाक, मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल की सदस्य रुचि श्रीवास्तव, महानिदेशक मलेशियाई पाम ऑयल बोर्ड, डॉ. अहमद परवेज गुलाम कादिर, सीईओ मलेशियाई पाम ऑयल प्रमाणन परिषद दातुक हाजी दाउद अमातिज़न और मोहम्मद हारिस बिन अब्दुल्ला, मलेशियाई पाम ऑयल प्रमाणन परिषद उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। राज्य में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए, मुख्य सचिव ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने चरणबद्ध तरीके से 20 लाख एकड़ में पाम तेल की खेती को लक्षित करके राज्य में तेल पाम को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े कार्यक्रम की शुरुआत की है। राज्य मलेशिया से बड़ी मात्रा में बीज आयात करता है। ऐसे में दोनों देशों के लिए पाम तेल क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मलेशियाई कंपनियों द्वारा आपूर्ति किए जा रहे अंकुरित बीज शिपमेंट के लिए शीघ्र मंजूरी में सहायता करने का अनुरोध किया। उन्होंने तेलंगाना में ऑयल पॉम मिशन के प्रशिक्षण और प्रमाणन सहायता में मलेशिया से सहयोग मांगा। वह चाहते थे कि प्रतिनिधिमंडल मलेशिया में तेल पाम क्षेत्र में तेलंगाना के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी तंत्र तैयार करें। मलेशिया में आगामी उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ-साथ मलेशियाई कंपनियों के साथ अधिक सहयोग के लिए भी समर्थन मांगा गया है। बैठक में ओएसडी तेलंगाना भवन संजय जाजू, सचिव कृषि और सहकारिता रघुनंदन राव, विशेष सचिव उद्योग विष्णुवर्धन रेड्डी, टीएसआईआईसी के एमडी नरसिम्हा रेड्डी, एमडी, टीएसओआईएलएफईडी सुरेंद्र, निदेशक खाद्य प्रसंस्करण सोसायटी अखिल, संयुक्त निदेशक बागवानी सरोजिनी और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## विधायक राजा सिंह ने इंटेलिजेंस आईजी को लिखा पत्र

### अपनी जान को खतरा होने की बात बताई



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के विवादास्पद विधायक टी. राजा सिंह ने आज खुफिया महानिरीक्षक को एक पत्र लिखा और उनसे पूछा कि वे उनके मौजूदा बुलेट प्रूफ वाहन को क्यों नहीं बदल रहे हैं? उन्होंने आईजी से पूछा कि क्या वह अपने वाहन को बदलने के लिए सीएम केसीआर से अनुमति मांग रहे हैं या इसे बदलने में लापरवाही दिखा रहे हैं? उन्होंने आईजी को बताया कि उन पर असामाजिक तत्वों के हमले की आशंका है और कहा कि उन्हें अपनी जान को खतरा है। उन्होंने आईजी से कहा कि उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करना है और विकास कार्यक्रमों में भाग लेना है। उन्होंने मांग की कि आईजी उन्हें एक नया बुलेट प्रूफ वाहन आवंटित करें। उल्लेखनीय है कि राजा सिंह ने सोमवार को अपने मौजूदा बुलेट प्रूफ वाहनों में बार-बार खराबी आने पर रोष व्यक्त किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि खुफिया विभाग के अधिकारियों ने उनकी जान को खतरा होने की जानकारी होने के बावजूद उन्हें खराब वाहन आवंटित किया है। यह कहते हुए कि केंद्रीय खुफिया विभाग की चेतावनी के बाद राज्य सरकार द्वारा बुलेट प्रूफ वाहन आवंटित किया गया था, उन्होंने कहा कि वाहन चार महीने पहले एक सड़क के बीच में रुक गया था और उन्होंने कहा कि उन्होंने घटना के बाद वाहन को राज्य सरकार को वापस कर दिया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मरम्मत के बाद उसी वाहन को उनके पास भेजा गया है।

## दमरे जीएम ने किया विद्याविहार हाईस्कूल में ग्रीन प्ले ग्राउंड का शुभारंभ



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे, महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने विद्या विहार हाईस्कूल, चिलकलगुडा, सिकंदराबाद में एक ग्रीनप्ले ग्राउंड का उद्घाटन किया। जे.के. जैन, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, राजीव किशोर, प्रधान मुख्य निजी अधिकारी, राजा राम, महानिरीक्षक और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दमरे, श्रीमती उषा जैन, सचिव, एससीआर महिला कल्याण संगठन के साथ-साथ रेलवे के अन्य अधिकारी और समिति सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

ग्रीन प्ले ग्राउंड दक्षिण मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा विद्या विहार हाईस्कूल के छात्रों को सर्वोत्तम खेल सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में की गई एक पहल है। अरुण कुमार जैन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और उन्होंने खेल के मैदान का उद्घाटन किया, जिसमें विभिन्न खेल सुविधाएं जैसे टेनिस, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, कबड्डी, खो-खो आदि शामिल हैं। बाद में, स्कूल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दमरे महाप्रबंधक और सचिव, दमरे डब्ल्यूडब्ल्यूओ ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर बोलते हुए, महाप्रबंधक ने विभिन्न कल्याणकारी पहल करने में हमेशा सबसे आगे रहने के लिए दमरे महिला कल्याण संगठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान बच्चों के खेलने और स्वस्थ विकास के लिए एक सुरक्षित स्थान होगा। उन्होंने कहा कि बाहरी गतिविधियों में संलग्न होने से न केवल उनकी शारीरिक फिटनेस में सुधार होगा बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होगा।

## सुकमा में महिला माओवादी की अस्पताल में मौत

कोत्तागुडेम, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले के कोंटा अस्पताल में गुरुवार को इलाज के दौरान एक वरिष्ठ माओवादी महिला कार्यकर्ता की मौत हो गयी। पुलिस ने उसकी पहचान केरलापाल क्षेत्र समिति की सदस्य जोगी के रूप में की है। स्थानीय पुलिस को माओवादियों के अस्पताल में इलाज कराने की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया गया कि पीलिया से पीड़ित होने के कारण उसे अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने पुष्टि की कि जोगी डीकेएसजेडसी सदस्य सुजाता के सुरक्षा दल की कमांडर थी। पुलिस उसे अस्पताल में भर्ती कराने वालों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## नवजात का अपहरण करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मेहदीपट्टनम से एक बच्चे को अगवा करने वाली दो महिलाओं को आसिफनगर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिलाओं में रंगारेड्डी जिले के पेड्डेमुल मंडल की श्रीवती दस्तम्मा (30) और विकाराबाद जिले के मोमिनपेट मंडल की मोडेम लक्ष्मी (40) शामिल हैं।

डीसीपी (पश्चिम) जोएल डेविस ने बताया कि छह नवंबर की रात पीवीएनआर एक्सप्रेसवे पिलर नंबर 13 और 14 के नीचे एक महिला शबाना बेगम (26) सो रही थी, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उसके 14 महीने के बेटे मोहम्मद रहीम का अपहरण कर लिया। महिला की शिकायत पर अपहरणकर्ताओं का पता लगाने और बच्चे को छुड़ाने के लिए तीन विशेष टीमों का गठन किया गया था। सर्विलांस कैमरों की मदद से कथित अपहरणकर्ताओं को विकाराबाद रेलवे स्टेशन तक ट्रैक किया गया और बच्चे को बचा लिया गया। दस्तम्मा और लक्ष्मी भिखारी हैं और सड़कों, सरकारी अस्पतालों और बस स्टेशनों पर शिशुओं की तलाश में थे। जोएल डेविस ने कहा कि रहीम को फुटपाथ पर सोता देख उन्होंने उसका अपहरण कर लिया। उनका इरादा सार्वजनिक सहानुभूति पाने और भिक्षा लेने के लिए शिशु के साथ आगे बढ़ना था।

पुलिस इस बात की पुष्टि कर रही है कि क्या दोनों महिलाएं पहले शहर में अपहरण के अन्य मामलों में शामिल हैं।

## भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए क्षेत्रीय दलों से हाथ मिलाएगी भाकपा : राजा

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट लड़ाई की जरूरत पर जोर देते हुए भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा कि पार्टी उन सभी क्षेत्रीय दलों और पार्टियों से हाथ मिलाएगी, जो भाजपा पार्टी के खिलाफ हैं। 2024 के आम चुनाव देश के सभी राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए मिलकर काम किया। राजा ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की हार सुनिश्चित करने के लिए, हम अगले चुनाव में सभी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ काम करेंगे। भाजपा ने वादों को पूरा करने में लोगों, खासकर युवाओं के साथ धोखा किया था। उन्होंने कहा कि हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था लेकिन भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा दिया और केंद्र सरकार के अतार्किक फैसलों से देश की आर्थिक वृद्धि बाधित हो रही है।

भाकपा के राष्ट्रीय सचिव के नारायण ने आरोप लगाया कि हवाला धन और सोने के हस्तांतरण में निजी एयरलाइंस संचालक शामिल थे और यह प्रवर्तन निदेशालय की जांच से स्पष्ट था। फिर भी, उड्डयन विभाग ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कोई उपाय नहीं कर रहा था, उन्होंने नारा दिया। नारायण ने मांग की कि नियमित यात्रियों की तरह, निजी ऑपरेटरों के कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों की भी पूरी जांच होनी चाहिए। भाकपा के राज्य सचिव के. संबाशिव राव ने कहा कि पार्टी का एकमात्र एजेंडा भाजपा की हार सुनिश्चित करना है।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, MEENA, R/o.H.No.8-62/3, Maqbool Nagar, Shaheennagar, , Hyd, T.S. changed my Name as HAJERA BEGUM W/o. MOHAMMED IBRAHIM.

नाम और जन्म तिथि में परिवर्तन

मैं सेवा संख्या 15105233 एम, रैंक: हवलदार / जीडी। 1288DSC के **रावादा पापाराव**, नेवल डॉकयार्ड विशाखापत्तनम पुत्र सिम्हाचलम, उम्र: 55 वर्ष, हिंदू, r/at d. ना। 2-71, एससी स्ट्रीट, दंडेमवलसा गांव, अमदलवलसा मंडल श्रीकाकुलम जिला, आंध्र प्रदेश। मेरी पत्नी का नाम और जन्म तिथि मेरे सेना के रिकॉर्ड में **रावादा पद्मावती पत्नी रावादा पापाराव के बजाय पद्मावती के रूप में गलत तरीके से उल्लिखित है, जन्म तिथि 06.04.1971** के बजाय 21.07.1969 है। 17.11.2022.और सभी उद्देश्यों के लिए। यह जनता को सूचित किया जाता है।

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिपालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## तेलंगाना में दो नए एयरोस्पेस पार्क स्थापित करने की योजना




हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना दो नए एयरोस्पेस पार्क स्थापित करेगा। उनमें से एक इब्राहिमपट्टनम के पास एलिमिनेडु में होगा। तेलंगाना एविएशन एंड डिफेंस के निदेशक प्रवीण पीए के अनुसार, दूसरे प्रस्तावित पार्क के लिए स्थान को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। जबकि हैदराबाद पहले से ही जीएमआर एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) और एयर इंडिया एमआरओ का घर है, सफरान ने हाल ही में अपनी एमआरओ सुविधा स्थापित करने के लिए लगभग 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की, जो अपने समूह में सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि सफरान के निवेश में और इजाफा होने की संभावना है। दो और खिलाड़ी राज्य के साथ बातचीत कर रहे हैं। हैदराबाद एमआरओ के केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र नागरिक उड्डयन पक्ष पर है और रक्षा खंड में बहुत अधिक अप्रयुक्त क्षमता है, प्रवीन ने हैदराबाद में गुरुवार को सीआईआई तेलंगाना डिफेंस कॉन्क्लेव में रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता-स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण' विषय के साथ बोलते हुए कहा। ड्रोन टेस्टिंग कॉरिडोर एयरोस्पेस और रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के पोषण के लिए तेलंगाना सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन परीक्षण गलियारा भी कार्ड पर था। प्रस्तावित ड्रोन टेस्टिंग कॉरिडोर ड्रोन के नए उपयोग के मामलों को विकसित करने और उनका परीक्षण करने में मदद करेगा।

राज्य में उद्योग के साथ साझेदारी में एक एयरोस्पेस विश्वविद्यालय की भी योजना है, उन्होंने कहा कि यह पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों के साथ सहयोग के लिए खुला था। कर्नल जसप्रीत सिंह, कर्नल- एडीबी (उद्योग), आर्मी डिजाइन ब्यूरो, भारतीय सेना, ने कहा कि मेक इन इंडिया का मतलब दुनिया के साथ बनाना भी है और देश में महत्वपूर्ण तकनीकों को लाने की आवश्यकता है। अब, सेना और उद्योग के बीच एक संस्थागत इंटरफ़ेस है। प्रमुख आयातकों में से एक होने से, भारत एक सैन्य उपकरण निर्यातक में बदल रहा था, उन्होंने कहा, सेना डिजाइन ब्यूरो भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा उपयोग के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के विकास पर उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ संलग्न है।

उत्पादों को वास्तविक वातावरण में परीक्षण करने की आवश्यकता है। इस साल अकेले आर्मी डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा 60 परीक्षण किए गए। इस अवसर पर डॉ. वाई. श्रीनिवास राव, उत्कृष्ट वैज्ञानिक और निदेशक एनएसटीएल-डीआरडीओ, डॉ. सुब्बा राव पावुलूरी, संयोजक, सीआईआई तेलंगाना रक्षा और एयरोस्पेस पैनल, सी. शेखर रेड्डी, उपाध्यक्ष, सीआईआई तेलंगाना ने भी बात की।

## संगारेड्डी जिले में टैंक में डूबा आदमी

संगारेड्डी, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी जिले के कंडी मंडल के कौलमपेट गांव के उदम चेरुवु में बुधवार को तैरने गया एक व्यक्ति डूब गया। संगारेड्डी पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय दप्पू प्रवीण कुमार बुधवार दोपहर अपने दोस्त के साथ कुलमपेट गांव के एमडी शब्बीर के साथ टैंक के किनारे शब्बीर के डीसीएम वाहन को धो रहे थे। चंचल मूड में, प्रवीण टैंक में कूद गया और थोड़ा गहरा तैर गया। हालांकि, वह वापस तैर नहीं सका। गुरुवार को शव को पानी से निकाला गया। मामला दर्ज किया गया था।

## हैदराबाद शहर में प्रो-कबड्डी लीग की वापसी

### तेलुगु टाइटन्स के कोच वेंकटेश को टर्नअराउंड का भरोसा




हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोविड-19 के कारण तीन साल के अंतराल के बाद हैदराबाद शहर में प्रो-कबड्डी लीग की वापसी हुई है। सीजन नौ का तीसरा चरण शुक्रवार से हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्टेडियम गाचीबोवली में शुरू होगा। घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स घरेलू दर्शकों के सामने शुरुआत में बंगाल वारियर्स से भिड़ेगी।

पूर्व संध्या पर बोलते हुए, तेलुगु टाइटन्स के कोच वेंकटेश गौड ने कहा कि तीन साल बाद, प्रो कबड्डी हैदराबाद में वापस आ गया है। तेलुगु फैन्स काफी सपोर्टिव हैं और उनके सामने खेलना हमेशा रोमांचक होता है।

प्रशंसकों का प्रोत्साहन खिलाड़ियों को खेल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए एक बड़ा बढ़ावा देगा। हालांकि, टाइटंस को अपने द्वारा खेले गए 14 मैचों में से 13 में हार का सामना करना पड़ा। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर कोच ने कहा कि शुरुआत में, हम टीम संयोजन को लेकर संघर्ष करते रहे और हमने गलतियां कीं। उनसे हमने काफी कुछ सीखा है और अब हम अपने सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरों और रेडर्स के साथ तैयार हैं। यह लेग हर टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्ले-ऑफ स्पॉट तय करता है। हालांकि, तेलुगु टाइटंस प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है, लेकिन टूर्नामेंट से नहीं। हमारे पास आठ मैच बचे हैं। हम बिना गलती किए उन्हें जीतेंगे। वेंकटेश गौड़ ने कहा कि दोनों तेलुगु भाषी राज्य कबड्डी को प्रोत्साहित करते हैं और हमने उन्हें अपने पिछले आउटिंग से निराश किया है, लेकिन अभी नहीं। हैदराबादी ने निष्कर्ष निकाला कि हमारे दर्शकों को हम पर विश्वास है और हम उन्हें निराश नहीं करेंगे। हम मैच जीतने के लिए अच्छी रणनीति और तकनीक लेकर आ रहे हैं, चाहे कोई भी विरोधी हो। हालांकि, हमारे कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं, लेकिन हम हैदराबाद में और अधिक एक्शन के साथ अपने तेलुगु प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगे जो उन्होंने पहले याद किया था। हम अपने अभियान को उच्च स्तर पर समाप्त करेंगे।

## चंद्रबाबू नायडू ने राजनीतिक भविष्य पर दिया बड़ा बयान, बोले 2024 मेरा आखिरी चुनाव होगा



हैदराबाद, 17 नवंबर (एजेंसियां)। तेलुगू देशम पार्टी के मुखिया एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने राजनीतिक भविष्य पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने 2024 में टीडीपी को सत्ता में वापस नहीं बैठाया, तो यह उनका आखिरी चुनाव होगा। बुधवार रात करनूल जिले में रोडशो के दौरान उन्होंने यह भावनात्मक टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने अपनी शपथ को याद किया कि जब तक उनकी पार्टी सत्ता में नहीं आती, वे विधानसभा में कदम नहीं रखेंगे।

नायडू ने कहा कि अगर मुझे विधानसभा (वापस) जाना है, अगर मुझे राजनीति में रहना है और अगर आंध्र प्रदेश के साथ न्याय करना है, तो आपको हमारी जीत सुनिश्चित करनी होगी। जब तक कि आप अगले चुनाव में हमारी जीत सुनिश्चित नहीं करते, जो मेरा आखिरी चुनाव हो सकता है। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या आप मुझे आशीर्वाद देंगे? क्या आप मुझ पर भरोसा करेंगे? रोड शो में लोगों को अपने प्रण की याद दिलाते हुए नायडू ने कहा कि अगर वह दोबारा सत्ता में नहीं आए तो अगला चुनाव उनका आखिरी चुनाव होगा। दरअसल, उनका आरोप है कि सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस ने उनकी पत्नी का अपमान किया था।

इसके बाद विपक्ष के नेता ने 19 नवंबर, 2021 को सत्ता में लौटने के बाद ही आंध्र प्रदेश विधानसभा में फिर से कदम रखने की कसम खाई थी। उन्होंने कहा कि मैं केवल चीजों को ठीक करूंगा और राज्य को प्रगति के रास्ते पर वापस लाऊंगा और भविष्य को दूसरों को सौंप दूंगा। यह हर घर में बहस का मुद्दा बनना चाहिए। तेदेपा प्रमुख ने कहा कि मेरी लड़ाई बच्चों और राज्य के भविष्य के लिए है। यह कोई लंबी बात नहीं है। मैंने इसे पहले भी किया है और इसे साबित करने के लिए एक मॉडल है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इसके बारे में सोचें। नफा-नुकसान पर विचार करें।

यदि मैं जो कह रहा हूं वह सही है, तो मेरा सहयोग करें। 72 वर्षीय टीडीपी नेता ने कहा कि कुछ लोग मेरी उम्र का मजाक उड़ा रहे हैं। मैं और (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी एक ही उम्र के हैं। 79 साल की उम्र में बाइडन अमेरिकी राष्ट्रपति बने। वाईएसआरसी के इस दावे का खंडन करते हुए कि नायडू दोबारा चुने जाने पर सभी मुफ्त योजनाओं को खत्म कर देंगे, तेदेपा सुप्रीमो ने जोर देकर कहा कि वह वास्तव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं राज्य का विकास करूंगा। इसके साथ हम कल्याणकारी योजनाओं को लागू करेंगे।

TENDER NOTICE

Invite bidders for eauction at vupadhi website "auction.a2zprocure.com" for sale of accidentally damaged SANY 272 MT crawler crane booms with the reserve price of Rs 1.00 crore. Eauction will be conducted on 23.11.2022 at the time between 3.00 PM to 5.00 PM. Total weight of machine is 286.81 MT including weight of counter weight of 104.13 MT. Damaged crane can be inspected at Buxar SJVN thermal power station, chausa, Bihar. Contact person **M.Balakrishna 9182056748**. Offers with 5% of offer amount as earnest money by DD in favour of **Power Mech Projects Ltd**. Offer without earnest money and/or received after 2.00 PM of 22-11-2022 shall be rejected, Successful bidder shall have to deposit 25 % of the bid amount with in a week time and entire remaining amount with in a month from the date of close of the tender. Earnest money of the unsuccessful bidder shall be returned with in weeks time. The company reserves the right to accept or reject any or all offers without assigning any reason.

# सपा नेता आजम खान को हाई कोर्ट से झटका

## हेट स्पीच मामले में अदालत ने खारिज की याचिका



लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) सपा के कद्दावर नेता आजम खान को इलाहाबाद हाई कोर्ट से झटका लगा है। बता दें कि उच्च न्यायालय ने हेट स्पीच मामले में आजम खान की याचिका खारिज कर दी है। दरअसल आजम खान ने 2019 के मामले में चल रहे मुकदमे पर रोक लगाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। वहीं रामपुर की विशेष अदालत ने अक्टूबर 2022 में दोषी ठहराते हुए 3 साल की जेल की सजा सुनाई थी।

इसके पहले 11 नवंबर को हेट स्पीच मामले में मिली सजा के खिलाफ आजम खान की अपील खारिज होने के बाद चुनाव ने रामपुर सदर विधानसभा उपचुनाव का संशोधित कार्यक्रम उप चुनाव का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी कर दिया था नए शेड्यूल के मुताबिक अब रामपुर में 5 दिसंबर को वोटिंग होगी। इस बीच हाई कोर्ट से आजम खान को निराशा मिली और हेट स्पीच मामले में हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। सपा नेता आजम खान के खिलाफ साल 2019 से चल रहे हेट स्पीच मामले में ट्रायल कोर्ट का फैसला आ गया था जिसमें उन्हें 3 साल की सजा सुनाई गई थी। इस कोर्ट का फैसला आ जाने के बाद आजम खान की याचिका का कोई औचित्य नहीं रह गया था। इसके बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस गोपाल की सिंगल बेंच ने इसी को आधार मानते हुए आजम खान की याचिका को खारिज कर दिया। आजम खान की हेट स्पीच से जुड़ा ये मामला साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव का है। इस मामले में आजम खान ने रामपुर मिलक विधानसभा में एक चुनावी जनसभा के दौरान आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण दिया था जिसके बाद बीजेपी नेता आकाश सक्सेना ने इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में रामपुर की स्पेशल कोर्ट ने आजम खान को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी।

### 1977 के बाद से पहला ऐसा मौका जब आजम खान परिवार नहीं लड़ रहा रामपुर सीट पर चुनाव

लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) 1977 के बाद पहली बार समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान या उनके परिवार का कोई सदस्य रामपुर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में नहीं है। नफरत फैलाने वाले भाषण के एक मामले में आजम खान के गुनहगार साबित होने के बाद से खाली हुई रामपुर सीट पर उपचुनाव 5 दिसंबर 2022 को होगा।

नहीं मिला आजम खान के परिवार को टिकटः समाजवादी पार्टी ने आजम खान की पत्नी तंजीन फातिमा और उनकी बहू को टिकट नहीं दिया और उनके वफादार असीम रजा को टिकट दिया। आजम खान या उनके परिवार का कोई सदस्य 1977 से लगातार इस सीट से चुनाव लड़ रहा है। आजम खान ने 1977 से 2022 तक 12 विधानसभा चुनाव लड़े हैं जिनमें से वह दस बार जीते हैं और दो बार हारे हैं।

## अखिलेश यादव पर बरसे ओपी राजभर



**और कोई नहीं है क्या, सिर्फ उन्हीं का परिवार लड़ेगा? बताया किन लोगों का वोट सपा को नहीं मिलेगा**

लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) उत्तर प्रदेश में मैनपुरी लोकसभा और रामपुर खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने वाले हैं। इन चुनावो से ठीक पहले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर लगातार अखिलेश यादव पर हमला बोल रहे हैं। एक ताजा बयान में अखिलेश और सपा पर तीखा बयान देते हुए उन्होने कहा कि इन चुनावों में दलितों का वोट अखिलेश को नहीं मिलेगा। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि किसी और को टिकट क्यों नहीं गया ? और कोई नहीं है क्या सिर्फ उन्हीं का परिवार चुनाव लड़ेगा?

# गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारियों द्वारा राज्य सरकार को सौंपी गई एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य भर में लगभग 8,441 मदरसों की मान्यता नहीं है।

अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज राज्य मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने विभाग के अधिकारियों को विभाग के पोर्टल और एमईएलए ऐप पर सभी गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की सूची अपलोड करने का निर्देश दिया है, ताकि माता-पिता को किसी विशेष मदरसे के बारे में सही जानकारी मिल सके और वे ऐसा कर सकें। अपने बच्चों को गलत संस्थानों में न भेजें जहां उन्हें गुमराह किया जा सके। मंत्री ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान, 8,441 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की पहचान की गई, जिसमें लगभग 7,64,164 छात्र, लड़कियां और लड़के नामांकित थे। उन्होंने कहा, ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे मुख्यधारा के समाज से जुड़े, यह आवश्यक है कि उन्हें आधुनिक शिक्षा तक पहुंच प्रदान की जाए। सिंह ने अधिकारियों को अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को नए शिक्षा कानूनों के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए और अब तक पहचाने गए सभी गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के बारे में एक स्पष्ट तस्वीर देने के लिए एक प्रस्तुति तैयार की जानी चाहिए। गौरतलब है कि राज्य सरकार के आदेश पर 10 सितंबर को सभी जिलों में मदरसों का सर्वे शुरू किया गया था। सर्वाधिक संख्या में गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मुरादाबाद जिले में पाए गए।

# शिवपाल से अखिलेश और डिंपल की मुलाकात



इटावा, 17 नवंबर (एजेंसियां) मैनपुरी उपचुनाव के मद्देनजर शिवपाल के हर कदम पर इस वक्त सभी की निगाहें टिकी हैं। इस बीच अखिलेश यादव और डिंपल यादव प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से मिलने उनके आवास पर पहुंचे हैं। बता दें, शिवपाल यादव सपा की ओर जारी चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं।

यह मुलाकात उपचुनाव से पहले अहम मानी जी रही है, जो एक घंटे से भी ज्यादा चली। इस दौरान उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद अखिलेश और डिंपल मैनपुरी के लिए रवाना हो गए। वहीं, शिवपाल की ताखा ब्लॉक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई। अखिलेश यादव ने मुलाकात की एक तस्वीर अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने अपने ट्विटर पर एक फोटो शेयर करते हुए हुए लिखा है कि नेता जी और घर के बड़ों के साथ-साथ मैनपुरी की जनता का भी आशीर्वाद साथ है। बता दें कि बुधवार को शिवपाल ने जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं संग बैठक की। सैफई के एक विद्यालय में दो घंटे की बैठक के बाद शिवपाल मीडिया के सामने ही नहीं आए। बाहर निकले कार्यकर्ताओं ने बताया कि शिवपाल ने डिंपल को जिताने के लिए कहा है।

शिवपाल के खुलकर सामने न आने और अपने फैसले की जानकारी मीडिया को न देने से अभी कुछ सवाल खड़े हैं। बैठक से बाहर आए जसवंतनगर क्षेत्र से शिवपाल के प्रतिनिधि ने बताया कि उन्होंने कार्यकर्ताओं की इच्छा जाननी चाही, लेकिन उन लोगों ने स्पष्ट कह दिया कि जो निर्णय वह लेंगे वहीं स्वीकार है।

**डिंपल के सामने हैं रघुराज**

मैनपुरी संसदीय सीट पर होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल यादव को उम्मीदवार बनाया है। वहीं बीजेपी ने पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है।

नेताजी की विरासत को बचाने और डिंपल यादव को जिताने के लिए पूरा परिवार एक है। यही नहीं, अखिलेश यादव को पता है कि शिवपाल यादव की भूमिका इस उपचुनाव में कितनी अहम है, क्योंकि शिवपाल यादव खुद जसवंतनगर से विधायक हैं और जिले में उनकी पकड़ काफी मजबूत है।

## केंद्र को पत्र लिखकर मांगा 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल, छिड़काव के लिए है जरूरी



लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राशन की दुकानों पर केरोसिन वितरण की मांग तेजी से उठ रही है। उधर खाद्य एवं रसद विभाग ने कहा है कि उसके पास केवल बचा हुआ और रिजर्व में रखा स्टॉक ही है। इस पर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल मांगा है।

इस समय मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। खास तौर पर डेंगू और मलेरिया से लोग परेशान हैं। ऐसे में लोगों को मच्छर और उसका लार्वा मारने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग भी कह रहा है कि यदि घर के आसपास जहां भी पानी जमा देखें वहां केरोसिन यानी मिट्टी का तेल छिड़क दें। इस मौसम में कूलर के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए। केरोसिन मच्छर और इसके लार्वा दोनों को ही मार डालता है।

चूंकि अब राशन की दुकानों पर मिट्टी का तेल मिलना बंद हो गया है तो लोग मांग कर रहे हैं कि इसका वितरण फिर से शुरू किया जाए। उधर राशन विक्रेता भी इस बाबत दिल्ली तक जाकर मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि इस सीजन में मिट्टी का तेल बंटना चाहिए। केंद्र सरकार को इसकी मंजूरी देते हुए कोटा जारी करना चाहिए। उधर, खाद्य एवं रसद विभाग रिजर्व में रखे केरोसिन को बेचने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 2021 का बचा हुआ केरोसिन भी कुछ जिलों में ही रखा है। इसे भी बेचा जाएगा लेकिन केवल मलेरिया विभाग को। वह भी व्यावसायिक दर पर। ऐसे में आम लोगों को इसका कोई खास लाभ होने वाला नहीं है। मलेरिया विभाग इसमें पैराथम मिलाकर छिड़काव करता है। अब खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव दिव्य प्रकाश ने पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय को पत्र लिखकर 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल उपलब्ध कराने को कहा है।

## यूपी के 10 जिलों में बनेंगे भव्य, अत्याधुनिक न्यायालय, मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 10 जिलों में भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। सीएम योगी ने आगरा, औरैया, हापुड़, कौशाम्बी, महोबा, बहराइच, चंदौली, हाथरस सहित 10 जिलों में नये न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए लोक निर्माण और नियोजन विभाग के अफसरों को 15 दिन के अंदर डिटेल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

**प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी मॉडल बनें नये न्यायालय भवन**

मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन भवनों की डिज़ाइन न सिर्फ खूबसूरत हो, बल्कि इन्हें वर्टिकल आकर में बनाया जाए, जिससे भूमि की भी बचत हो। साथ ही इन्हें आने वाले 25 से 30 साल बाद कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया जाए। सीएम ने कहा है कि नये न्यायालय भवनों में न्यायाधीशों के लिए सुंदर, स्वच्छ और हवादार कमरों के साथ ही अधिवक्ताओं के लिए अच्छे चैम्बर, बड़ी लाइब्रेरी, कैंटीन, पार्किंग और सेमिनार हॉल भी निर्मित किये जाएं। निर्मित किये जाने वाले नये न्यायालय भवनों को सर्व सुविधायुक्त बनाकर इन्हें प्रदेश ही नहीं देश में भी एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाए।

## कुत्ता काटने पर मालिक पर पहली बार लगा 10 हजार जुर्माना

ग्रेटर नोएडा, 17 नवंबर (एजेंसियां) ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लॉ रेजिडेंशिया सोसाइटी में लिफ्ट के अंदर एक बच्चे को पालतू कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद उसका वीडियो सामने आया था। इस वीडियो के सामने आने के बाद बुधवार को ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की एक टीम ने सोसाइटी में जाकर घटना की जांच की और इसे सही पाया। इस पर उन्होंने कुत्ते के मालिक पर 10 हजार का जुर्माना लगाया, जिसे 7 दिन के अंदर उसे अथॉरिटी में जमा करना होगा। साथ ही उसे आदेश दिए गए हैं कि वह घायल बच्चे के इलाज का पूरा खर्च भी वहन करे। दरअसल ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लॉ रेजिडेंशिया सोसाइटी में शिवम प्रदर्शनी अपने परिवार के साथ रहते हैं उनकी पत्नी अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी। सोसाइटी में रहने वाले एक शख्स अपने पालतू कुत्ते के साथ लिफ्ट में सवार था। बच्चा भी अपनी मां के साथ लिफ्ट में सवार हो गया। जब वह उतरने वाला था, तभी कुत्ते ने बच्चों पर हमला कर दिया। इसके बाद बच्चा मां के पीछे छुप कर बचने की कोशिश करने लगा।

## सोने की कटोरी और चम्मच वाला ड्रग इंस्पेक्टर

**2 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया, पटना में छापा मारा तो टीम भी चौंक गई**

सीतामढ़ी, 17 नवंबर (एजेंसियां) पटना में एक ड्रग इंस्पेक्टर पर निगरानी की टीम ने छापा मारा है। ड्रग इंस्पेक्टर नवीन के घर से कैश और ज्वेलरी मिली है। उनके घर से सोने की कटोरी और चम्मच भी मिला है। बताया जा रहा है कि छापेमारी में कई जमीनों के पेपर भी मिले है। टीम की कार्रवाई जारी है। टीम ने सीतामढ़ी में नवीन कुमार को 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

इसके बाद बाद टीम उसे सीतामढ़ी से पटना लेकर आई। पटना आवास पर सर्चिंग शुरू की। यहां पर सोने की कटोरी और चम्मच समेत काफी जेवर मिला। ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार ने 2 मेडिकल दुकानदारों से 2 लाख 75 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद इसकी निगरानी को सूचना मिली और निगरानी टीम घटनास्थल पर पहुंचकर 2 लाख रुपए के साथ ड्रग इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि एक मेडिकल कंपनी के भौतिक सत्यापन के लिए विनोद कुमार सिंह से 75 हजार की मांग की गई थी। मुकेश कुमार से 2 लाख की मांग की गई थी। नवीन कुमार की गिरफ्तारी निगरानी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की है। टीम पटना से सीतामढ़ी पहुंची। जहां उन्हें रंगे हाथों 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इसके बाद टीम नवीन कुमार को पटना लेकर आई। जहां टीम की कार्रवाई जारी है।

## योगी के खिलाफ याचिका खारिज, याचिकाकर्ता पर जुर्माना



लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्ति और गोरखपुर (शहरी) सीट से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए उनके चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। याचिकाकर्ता एम. इस्माइल फारूकी ने रिट याचिका दायर की थी और मामले पर बहस करने के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुए थे। जस्टिस अताउर रहमान मसूदी और ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कहा, याचिकाकर्ता अपने दावे को साबित करने में विफल रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि किसी भी वादी को यह अधिकार नहीं है कि वह अपना समय और सार्वजनिक धन बर्बाद करे। कोर्ट ने कहा, न्याय तक आसान पहुंच का गलत उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

## मदन भैया पर मंत्री संजीव बालियान का सियासी हमला

मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (एजेंसियां) मुजफ्फरनगर में खतौली विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हैं। यही नहीं नेताओं और प्रत्याशियों के बीच जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने खतौली उप चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया पर सियासी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसे बाहुबली मुजफ्फरनगर की गली-गली में हैं, लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं। खतौली में आयोजित भाजपा की नामांकन सभा में संजीव बालियान ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ है।

## खतौली में उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने की जनसभा विक्रम सैनी की पत्नी ने जमा किया नामांकन पत्र



मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (एजेंसियां) प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को खतौली पहुंचे। चुनाव को लेकर उन्होंने यहां कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी राजकुमार सैनी अपना नामांकन फॉर्म जमा करने पहुंचीं।

खतौली में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार सुबह करीब 10 बजे खतौली स्थित आर्यन बैंक्वट हॉल में कार्यकर्ताओं से रूबरू होने पहुंचे। यहां वह चुनाव पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी की पत्नी और भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन फॉर्म जमा किया। खतौली में जीटी रोड स्थित बैंक्वट हॉल में बीजेपी की नामांकन सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाग लिया। नामांकन सभा में भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी को लेकर सभा की। वक्ताओं ने कहा कि निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी ने हिंदुत्व और समाज की सेवा करने की सजा पाई है। मुख्यमंत्री योगी के किसी भी सिपाही को कम नहीं होने दिया जाएगा।

## घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक के पास मिला 15 वर्षीय ताइक्वांडो खिलाड़ी

लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसियां) लखनऊ के गोमती नगर विस्तार क्षेत्र के खरगापुर में रेलवे ट्रैक के पास 15 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर का ताइक्वांडो खिलाड़ी बेहोशी की हालत में मिला। कथित तौर पर लड़के द्वारा लिखा गया एक नोट उसकी पतलून से बरामद किया गया, जिसमें उसने कक्षा में गलती करने और इसे न दोहराने का वादा करने के लिए अपने कक्षा शिक्षक से माफी मांगी थी।

जहां बालक मिला, उससे कुछ दूरी पर उसका बैग और जूते मिले। पुलिस ने कहा कि कक्षा 9 के छात्र आदित्य तिवारी को बुधवार शाम कुछ स्थानीय लोगों ने देखा और पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों ने बच्चे के स्कूल की एक वैन को भी रोका और चालक को घटना की जानकारी दी। पुलिस लड़के को राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने लड़के के पिता सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी उमेश तिवारी के अनुरोध पर उसे छावनी के कमांड अस्पताल में रेफर कर दिया।

**एनजीओ को ज्यादा ऑपरेशन करने थे**

## कराहती महिलाएं बोलीं-बिना बेहोश किए पेट काट दिया, हाथ-पैर पकड़ नस खींचीं

पटना, 17 नवंबर (एजेंसियां) 'अंदर ले गए तो देखा, जिन दो महिलाओं का ऑपरेशन हो रहा है...चिल्ला रही थी। पूछा तो कहा कि वह नशा करती थीं, इसलिए दर्द हो रहा। जब मेरा ऑपरेशन करने आए तो हम पूछे कि सुई दीजिएगा न! डॉक्टर बोले कि बाद में देंगे।

जब चीरने लगे तो दर्द करने लगा। हम चिल्लाने लगे। नस खींच रहा था। हम छटपटाने लगे, पैर-हाथ पटकने लगे तो चार आदमी मिलकर पकड़े। जब सब कुछ हो गया तो बाहर बेड पर लाते समय सुई दे दिया गया। उसके बाद कुछ याद नहीं।' बंध्याकरण कराने वाली महिलाएं रोते हुए बता रहीं कि ऐसे हो रहा है बिहार में ऑपरेशन। किसी एक का नहीं, एकमुश्त ढेरी सारी महिलाओं का।

बंध्याकरण का लक्ष्य हासिल करने भी भागमभाग में जिन एनजीओ को ऐसे अवसर दिए गए हैं, उनमें से एक ग्लोबल डेवलपमेंट इनीशियएटिव की टीम ने मंगलवार को ऐसे ऑपरेशन खगड़िया जिला स्थित अलौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किए। दूर-देहात की यह खबर बुधवार को वायरल हुई, लेकिन पुष्टि नहीं हो सकी। खगड़िया के सिविल सर्जन ने भी ऐसी जानकारी मिलने की बात कही, लेकिन जांच के पहले कुछ बताने से इनकार किया। सिविल सर्जन ने मीडिया से सिर्फ इतना कहा कि जांच के बाद ही बता सकेंगे कि ऐसा हुआ या नहीं, लेकिन यह जरूर है कि हुआ होगा तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि आज ही सुबह पता चला है और एनजीओ ने प्राथमिक तौर पर पूछताछ में बताया है कि लोकल एनेस्थीशिया दिया था, लेकिन शायद प्रभावी नहीं होने के कारण कुछ महिलाओं को परेशानी हुई। उन्होंने पूरी जांच के लिए दो दिन का समय मांगते हुए कहा कि अभी पक्के तौर पर कुछ नहीं बता सकते।

# अब नीतीश के उद्योग मंत्री समीर महासेठ पर आयकर का शिकंजा

**घर और दफ्तर पर चल रही ताबड़तोड़ छापेमारी**



पटना, 17 नवंबर (एजेंसियां) बिहार के सियासी गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जो कि नीतीश सरकार की मुश्किलें बढ़ा सकती है। बताया जा रहा है कि बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ के घर और दफ्तर पर आयकर विभाग (आईटी) का छापा पड़ा है। आयकर विभाग की 25 सदस्यीय टीम आज सुबह से छापेमारी कर रही है।

**साकार ग्रुप के प्रमोटर की तलाश में आयकर विभाग**

समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि आयकर विभाग साकार बिल्डर पर शिकंजा कसने की तैयारी में छापेमारी कर रहा है। साकार ग्रुप के प्रमोटर बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पटना और कुछ अन्य जगहों पर फिलहाल छापेमारी जारी है। समीर महासेठ बिहार के ही मधुबनी जिले के मूल निवासी हैं। इनके पिता राजकुमार महासेठ कई बार विधायक रहे और मंत्री भी बने थे। राजनीति के साथ व्यावसायिक घराने के रूप में पहचान है। समीर महासेठ खुद भी दो बार विधायक रहने के बाद इस बार महागठबंधन सरकार बनने पर मंत्री बनाए गए। वैसे 2003 से 2009 तक एमएलसी के रूप में भी बतौर जन-प्रतिनिधि चर्चा में रहे हैं। समीर महासेठ के रेस्तरां, पार्टी हॉल आदि का पटना में भी बिजनेस है। विधानसभा से कुछ ही दूरी पर दशकों से सोन भवन में इनका प्रसिद्ध आम्रपाली रेस्तरां है।

**जांच का केंद्र है वीरचंद पटेल पथ पर सोन भवन**

कांग्रेस छोड़ बाकी सभी राजनीतिक दलों का दफ्तर पटना में वीरचंद पटेल पथ पर है और इसी के एक छोड़ पर आयकर का दफ्तर और दूसरी छोर पर सोन भवन है। सोन भवन में आम्रपाली कैफे और रेस्तरां दशकों से चल रहा है। समीर महासेठ अपने इस कैफे-रेस्तरां पहले अक्सर आते-जाते थे। मंत्री बनने के बाद से आवाजाही कम है। आयकर की जांच का एक प्रमुख केंद्र सोन भवन इसलिए भी बन गया, क्योंकि नीचे समीर महासेठ का कैफे-रेस्तरां है और मुख्य भवन के पांचवें तल्ले पर इनके करीबी रिश्तेदार का साकार कंस्ट्रक्शन कार्यरत है।

# हरियाणा में महिला सरपंच का 'पिस्टल पे डिस्को'

## नाचते वक्त किए 7 राउंड फायर, वीडियो वायरल होने के बाद एफआईआर



हिसार, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के गांव दड़बा कलां की महिला सरपंच संतोष बेनीवाल चुनाव जीतते ही एक नए विवाद में फंस गई है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कि वह नाचते हुए पिस्टल से 7 राउंड फायर करती आ रही है। वीडियो में गाना बज रहा है कि मितरां नू शौक हथियारा दा। इस वीडियो के वायरल होने पर तूल पकड़ा तो सिरसा एसपी अर्पित जैन ने इसकी जांच करने के आदेश जारी किए। चोपटा थाने में एएसआई सुभाष चंद्र की शिकायत पर आर्म्स एक्ट व आईटी एक्ट का मामला दर्ज हुआ है। हालांकि सरपंच संतोष बेनीवाल ने इस वीडियो को पुराना बताया है और हथियार थाने में जमा होने की बात कही। यह वीडियो दो साल पुराना है। परिवार में एक समारोह का है। संतोष बेनीवाल दड़बाकलां के पूर्व विधायक भरत सिंह बेनीवाल के भाई कालू ठेकेदार की पत्नी है। यह गांव अति संवेदनशील है। संतोष बेनीवाल ने भाजपा के टिकट पर दो बार और कांग्रेस की टिकट पर ऐलनाबाद उपचुनाव लड़ चुके पवन बेनीवाल के भाई की पत्नी श्रुति बेनीवाल को चुनाव में हराया है। भरत सिंह बेनीवाल और पूर्व राज्यसभा सांसद विद्या बेनीवाल के परिवारों के बीच सालों पुरानी दुश्मनी है।

## कर्नाटक कांग्रेस का बीजेपी सरकार पर इलेक्शन चोरी का आरोप

# सुरजेवाला बोले- वोटर डाटा चुराया

बेंगलुरु, 17 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कर्नाटक में बसवराज बोम्मई सरकार पर इलेक्शन चोरी का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि ये सरकार जनमत खो चुकी है इसीलिए वोटर डाटा चुराने का षड्यंत्र कर रही है। सुरजेवाला ने कहा कि चौंकाने वाले खुलासे से पता चला है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सहित सत्ता में बैठे लोग, वोटर डेटा की चोरी, धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार हैं।

**वोटर अवेयरनेस की बजाय वोटर्स का डाटा जमा किया**

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सीएम बोम्मई, उनके अधिकारी, सरकारी अधिकारी, बीबीएमपी (बेंगलुरु महानगरपालिका) के लोग और राज्य चुनाव प्राधिकरण लोकतंत्र को रौंदने में अपराध में



भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बीबीएमपी प्रभारी हैं। इसके मुख्य आयुक्त बेंगलुरु के निर्वाचन अधिकारी हैं। एक निजी संस्था, चिलुमे एडु संस्थान ने मतदाता जागरूकता के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया। बेंगलुरू महानगर निगम ने इस एनजीओ को वोटर अवेयरनेस अभियान का काम सौंपा। सुरजेवाला ने आगे कहा कि इसकी इजाजत मिलने के बाद इन लोगों ने बूथ स्तर के अधिकारियों का रूप धारण करके मतदाता डेटा इकट्ठा करने की धोखाधड़ी की।

**एनजीओ ने अपने अधिकारियों को दिए फर्जी आईडी कार्ड**

कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि इस एनजीओ ने वोटर अवेयरनेस की बजाय वोटर्स का डाटा जमा करने का काम किया है। इसके लिए एनजीओ ने अपने फील्ड ऑफिसर्स को ब्लॉक लेवल ऑफिसर के फर्जी आईडी कार्ड बनाए गए और इन लोगों ने मतदाताओं की सारी जानकारी ले ली। सुरजेवाला ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सीएम, बीजेपी द्वारा नियंत्रित बीबीएमपी और चुनाव प्राधिकरण ने साथ मिलकर ये काम किया।

**एक प्राइवेट ऐप पर अपलोड किया वोटर डाटा**

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इन लोगों को बीएलओ कार्ड भी जारी किए गए। इस एनजीओ ने वोटर्स का डाटा गरुड़ - ईसीआई ऐप - पर अपलोड नहीं किया, बल्कि डिजिटल समीक्षा - एक प्राइवेट कंपनी के स्वामित्व वाले ऐप पर किया, जो सांसदों/विधायकों/राजनीतिक दलों द्वारा उपयोग किया जाता है। कर्नाटक कांग्रेस अब इस मामले में सीएम और बीबीएमपी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर करेगी। बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ बीबीएमपी विभाग भी उन्हीं के तहत आता है।

# नारनौल एसपी के नाम पर पैसों की डिमांड

## वॉट्सऐप पर डीपी में एसपी का फोटो लगाई पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

नारनौल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के नारनौल में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि एसपी के नाम की आईडी और प्रोफाइल फोटो भी लगाने से कोई गुरेज नहीं कर रहे। बल्कि एसपी विक्रांत भूषण का नाम व फोटो इस्तेमाल कर उनके नाम से पैसे की डिमांड भी कर रहे हैं।

कुछ ऐसा ही मामला आने पर साइबर सेल ने सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया है। साइबर थाने में दर्ज शिकायत में हेड कॉन्स्टेबल घनश्याम ने बताया है कि वह साइबर सेल में इंचार्ज के रूप में कार्यरत है। 16 नवंबर को कई पुलिस अधिकारियों के उनके पास फोन आए कि एसपी के मोबाइल नंबर बदल गए हैं क्या। क्योंकि सभी सरकारी नंबरों की देखरेख वो ही करता हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि फोन नंबर की वॉट्सऐप डीपी पर एसपी की वर्दी सहित फोटो लगी हुई है तथा नीचे नाम भी विक्रांत भूषण लिखा हुआ है।

वॉट्सऐप के माध्यम से पैसे की डिमांड की जा रही है। इस बारे में उन्होंने एसपी के निजी स्टाफ से बात की और मोबाइल नंबर के बारे में पूछताछ की तो पता चला है कि उक्त नंबरों को एसपी विक्रांत भूषण ने कभी प्रयोग नहीं किया। यह वॉट्सऐप नंबर धोखा देने की नीयत से एसपी की वर्दी सहित फोटो लगाकर लोगों के साथ फ्रॉड कर रहा है। इसी के साथ अन्य लोगों के साथ की फ्रॉड करने की कोशिश की जा रही है।

# मुंबई में एनसीबी ने पकड़े एक करोड़ के मादक पदार्थ

मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसियां)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक सप्ताह में मुंबई में तस्करों के खिलाफ कई अभियान चलाकर एक करोड़ रुपये से ज्यादा के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इनमें से कुछ ड्रग्स फोटो फ्रेम में छिपाकर दोहा भेजे जाने थे। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थों में 19 किलोग्राम गांजा, 1.15 किलो हाइड्रोपोनिक वीड, 13,500 नाइट्राजेपाम टेबलेट्स और 3840 ट्रामाडोल टेबलेट शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद मादक पदार्थों की तस्करी के कुछ अंतरराष्ट्रीय गिरोहों का भी पर्दाफाश किया गया है।

**कूरियर के जरिए दोहा भेजी जाने वाली थी**

एनसीबी को सूचना मिली थी कि अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह उच्च श्रेणी की 'बड' जिसे आमतौर पर हाइड्रोपोनिक बड कहा जाता है, कूरियर के माध्यम से कतर की राजधानी दोहा भेजने वाला है। इसके बाद एनसीबी ने दोहा भेजी जाने वाली पार्सल की खेप पर नजर रखी और सोमवार को छापा मारकर इसे जब्त कर लिया। इस पार्सल में 10 फोटो फ्रेम्स शामिल थी, जिनमें धार्मिक तस्वीरें थीं, लेकिन उनके अंदर 1.15 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा था। उसे फ्रेम में छिपाकर रखा गया था।

**देश में हो रही थी नाइट्राजेपाम की तस्करी**

इसी तरह एनसीबी को नाइट्राजेपाम की देश में ही तस्करी की भी सूचना मिली थी। इसके आधार पर कार्रवाई कर इसकी खेप भी जब्त की गई। मंगलवार को एनसीबी की टीम ने इस पर नजर रखी और गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पार्सल को जब्त कर उसे प्राप्त करने वाले को भी गिरफ्तार किया गया। ये नशीली दवा मुंबई में वितरित की जानी थी। मामले में गिरफ्तार मुंबई के दो लोगों के तार देश के कई राज्यों में सक्रिय ड्रग तस्करों से जुड़े हैं।

**अमेरिका भेजी जानी थी ट्रामाडोल**

एनसीबी मुंबई को अमेरिका भेजे जाने वाले एक कूरियर पार्सल से ट्रामाडोल की गोलियां मिली हैं। यह मामला मादक पदार्थ के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह से जुड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर गत गुरुवार को मुंबई के एक कूरियर कार्यालय पर छापा मारकर पार्सल की खेप से ट्रामाडोल की गोलियां जब्त की गईं।

**अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश**

ब्यूरो को एक अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करने में भी कामयाबी मिली है। यह गिरोह धुले से मुंबई तक एक खेप पहुंचाने की साजिश रच रहा था। मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास से 19 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। यह गांजा आंध्र प्रदेश-ओडिशा इलाके से मंगाया गया था। एनसीबी के अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी पुराने तस्कर हैं और पिछले पांच से सात सालों से ड्रग तस्करी में लिप्त हैं।

## दिल्लीः 'खराब' श्रेणी में बरकरार वायु गुणवत्ता, 253 दर्ज हुआ एक्यूआई

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को भी खराब श्रेणी में बनी रही, जबकि न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 253 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है.

# इंदौर में लूट की वारदात का नया तरीका

## एक्सीडेंट का बहाना बनाकर पहले रोका, फिर डेढ़ लाख लूटे

इंदौर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर में आजकल एक गैंग सक्रिय है जो एक्सीडेंट के बहाने से रोकती है और लूट को अंजाम देती है। बदमाश इसके लिए सूनसान इलाकों को चुनते है। एक घटना लसुडिया क्षेत्र में हो गई। यहां एक तेल व्यापारी से दो लाख रुपये लूट कर बदमाश भाग गए। इस गिरोह में लूट के लिए चार से ज्यादा लोग आते है। तेल व्यापारी कमलेश शर्मा को रोज लाखों का व्यापार के सिलसिले में नकदी दुकानों से लेते जाते है। सिक्का स्कूल के पास उन्हें दो युवकों ने रोका और कहा कि तुम्हारे स्कूटर से एक्सीडेंट हो गया और तुम रुके भी नहीं। कमलेश ने एक्सीडेंट होने ने इनकार किया तो बदमाशों के दो साथी और आ गए और कमलेश को पीटने लगे। सड़क से गुजर रहे लोगों ने समझा कि आपसी विवाद है। इस बीच एक बदमाश ने व्यापारी से चाबी छिनी और डिक्की में रखी थैली निकाल ली और भाग गए। थैली में नकद डेढ़ लाख रुपये रखे थे तो व्यापारी कलेक्शन कर लाए थे। हड़बड़ाहट में व्यापारी भी बदमाशों की गाड़ी का नंबर नोट नहीं कर पाए। लसुड़िया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। पुलिस को आशंका है कि रैकी कर इस घटना को अंजाम दिया गया है। पहले भी इस तरह की दो घटनाएं हो चुकी है और किसी बाहरी गिरोह के शहर में सक्रिय होने की आशंका से भी पुलिस इनकार नहीं कर रही है। उधर ठगी की एक घटना बाणगंगा क्षेत्र में हो गई। बिजली बिल बकाया होने का बहाना बनाकर ठग ने एक व्यक्ति से 35 हजार रुपये ठग लिए। प्रिमियम पार्क निवासी जितेंद्र तोमर को ठग ने फोन कियाा और कहा कि बिजली बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन कट जाएगी। बिल भरने में मदद का हवाला देकर ठग ने जितेंद्र से एनी डेस्क एप डाउनलोड करवाया और अकाउंट से 35 हजार रुपये निकाल लिए।

# करनाल में आशा वर्कर की हत्या

## पीछा छुड़ाने के लिए प्रेमी ने कत्ल किया, पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा परिजनों को

करनाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के जिले करनाल में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से छुटकारा पाने के लिए उसकी हत्या करके उसके शव को बोरी में डाल कर नाले में फेंक दिया था। मामले का खुलासा आरोपी ने खुद पुलिस पूछताछ किया। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। आरोपी को पुलिस अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। आज दोपहर बाद रेनू के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनो को सौंप दिया। वहीं परिजनों ने आज आरोप लगाए कि अकेला आरोपी रविन्द्र रेनू की हत्या नहीं कर सकता। इस वारदात में और भी लोग शामिल है। परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते कहा की जब रेनू लापता हुई थी तो सेक्टर 2 चौंकी पुलिस को शिकायत दी थी। उस समय पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी रविन्द्र को बुलाया गया था। जिसके बाद में छोड़ दिया गया। आरोपी ने दो माह पहले ही अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रेनू की गला दबाकर हत्या कर थी। अब जब सीआईए-1 के पास मामले की जांच की आरोपी ने रेनू की हत्या करने का खुलासा किया है।

**परिवार के लोगों ने एक तरफा प्यार का बताया ममाला**

देर शाम को पुलिस ने अरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद किया गया था। परिवार के लोग ये भी कह रहे हैं कि ये एक तरफा प्यार का मामला है और इस मामले में रविंद्र अकेला नहीं है बल्कि उसके साथ कोई और भी है जिसने इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इस हत्या के बाद कई सवाल खड़े होते हैं क्या रेनू की हत्या होने से पहले ही उसे ढूंढा जा सकता था अगर सेक्टर-4 चौकी के इंचार्ज उस आरोपी से सख्ती से पूछताछ करते तो आज इस मामले को सुलझाने में इतना समय नहीं लगता।

**घर से ड्यूटी के लिए निकली, वापस नहीं लौटी**

न्यू प्रीतम नगर की रहने वाली एक आशा वर्कर रेनू मूल रूप से समालखा की रहने वाली थी। वर्ष 2005 में न्यू प्रीतम नगर के रहने वाले परविंद्र के साथ रेनू के शादी हुई थी। दो माह पहले रेनू 19 सितंबर को अपने घर से सुबह साढ़े आठ बजे कोट मोहल्ला के पास रामगली डिस्पेंसरी में ड्यूटी के लिए अपनी स्कूटी पर निकली थी और घर पर अपने पति को बोलकर गई थी कि वह 10 बजे तक वापस आएगी लेकिन जब सायं पांच बजे तक भी वह घर वापस नहीं पहुंची।

**चार साल से चल रहा था रेनू के साथ आरोपी का प्रेम प्रसंग**

पुलिस जांच में सामने आया है कि यूपी निवासी रविन्द्र पिछले काफी समय से करनाल में काम रहा था। रेनू का पिछले 4 साल से रविन्द्र के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। 8 माह पहले किसी बात को लेकर इन दोनों में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद रेनू ने रविन्द्र ने इसकी शिकायत पुलिस में भी थी। रेनू अब भी उससे प्रेम करती थी। लेकिन अब वह इस रिश्ते को खत्म करना चाहता था। जिसके चलते उसने बीती 19 सितंबर को उसकी हत्या करके उसके शव को बोरी में डालकर उसके गंदे नाले में फेंक दिया था।

**मृतका के भाई के ये आरोप**

मृतिका के भाई विनोद कुमार ने बताया कि उसकी बहन रेनू का करीब 8 माह पहले पड़ोस में ही फर्नीचर की दुकान पर काम करने वाले यूपी निवासी रविंद्र के साथ झगड़ा हो गया था। जिसके बाद उसकी बहन ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उसके बाद से रविंद्र उससे खार खाए बैठा था। जब उसने उसकी मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई तो लापता होने से एक दिन पहले उसी की कॉल आई हुई थी। आरोपी रविन्द्र मूल रूप से यूपी के चौसाना गांव का रहने वाला था और आरोपी के 6 बच्चे है।

**लापता होने के 6 दिन बाद नहर किनारे से मिली थी स्कूटी**

मृतका के परिजनों ने बताया कि जब रेनू लापता हुई थी तो उसके करीब 6 दिन बाद उसकी स्कूटी पुलिस को मधुबन पक्के पुल के पास से बरामद हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की थी लेकिन चुनाव होने के चलते पुलिस इस केस में अधिक ध्यान नहीं दे पाई। जिससे यह बड़ा हादसा हो गया।

**दो बच्चों की मां थी रेनू**

जानकारी देते हुए मृतका के भाई विनोद ने बताया कि वह समालखा के रहने वाले है। उसकी बहन की शादी वर्ष 2005 में न्यू प्रीतम नगर के रहने वाले परविंद्र के साथ हुई थी। उसकी बहन आशा वर्कर थी। इस शादी से उसके दो लड़के है। सीआईए-1 के जांच अधिकारी जयपाल ने बताया कि वीरवार दोपहर को रेनू के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी को शाम को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

# बड़े आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

## 2 आतंकी गिरफ्तार, लाखों की नकदी समेत हथियार जब्त

चंडीगढ़, 17 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब की अमृतसर पुलिस ने आज यानी गुरुवार को एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश कर दिया. पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से तीन हैंड ग्रेनेड, करीब एक लाख रुपये नकद और एक ब्रेजा कार बरामद की है. सूत्रों का कहना है दोनों आरोपी फिरोजपुर के रहने वाले हैं और उनकी पहचान प्रकाश सिंह और अंगरेज सिंह के रूप में हुई है. दोनों को अमृतसर-पठानकोट रोड पर एक चौकी पर उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे मकबूलपुरा की तरफ जा रहे थे. फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनका किस आतंकी संगठन से संबंध है. पुलिस के सूत्रों का कहना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे. खुफिया एजेंसियों के इनपुट के बाद पुलिस ने दोनों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है. यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब हाल ही में अमृतसर में में हिन्दू नेता सुधीर सूरी और कोटकपूरा में डेरा प्रेमी प्रदीप सिंह की गालियां मार कर हत्या कर दी है. गौरतलब है कि विदेशों और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी आतंकी पंजाब में लगातार माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं और पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार पंजाब में भिजवा रहे हैं. आपको बता दें कि बीते माह 20 अक्टूबर को पंजाब पुलिस और एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने दिल्ली पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में पंजाब के अमृतसर जिले में घी मंडी क्षेत्र से एक आतंकवादी मॉड्यूल के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया था.

# राम रहीम के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग

## डेरा प्रेमी ने 5 के खिलाफ दर्ज करवाया केस, कहा- धार्मिक भावनाएं आहत हुईं



हिसार, 17 नवंबर (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग और दुष्प्रचार करने पर प्रेमी नितिन शर्मा ने दूसरे धड़े के मोहित इंसा सहित 5 के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला दर्ज करवाया है। यह मामला सिरसा के सिटी थाने में डेरा प्रेमी दिल्ली निवासी नितिन शर्मा ने करवाया है। राम रहीम इन दिनों यूपी के बरनावा आश्रम में अपनी 40 दिनों की पैरोल काट रहा है। मोहित इंसा के खिलाफ पहले भी डेरा प्रेमी केस दर्ज करवा चुके हैं। नितिन शर्मा ने सिरसा पुलिस को शिकायत दी कि मोहित गुप्ता ने अपना यूट्यूब चैनल बना रखा है। चैनल पर रवि लड्डा रानियां, संजीव झा, वीरपाल कौर निवासी बठिंडा और अशोक कुमार मालिया कॉलोनी निवासी चंडीगढ़ यूट्यूब चैनल पर डेरा प्रमुख व डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों को गाली निकालते हैं।

जिससे कि उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। नितिन शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा कि 17 जून 2022 को राम रहीम के पैरोल पर बाहर आने के बाद फेथ वर्सेज वर्डिक्ट ने डेरा मुखी के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया। साथ ही पैरोल को लेकर असली व नकली होने की आधारहीन याचिका को भी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट खारिज कर चुका है। आरोपी देश विरोधी गतिविधियां चला रहे हैं। डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, जिसके संबंध में शहर थाना में दर्ज किया है।

**कौन है फेथ वर्सेज वर्डिक्ट**

सोशल मीडिया पर फेथ वर्सेज वर्डिक्ट पेज चला रहे डॉ. मोहित इंसा खुद को राम रहीम के अनुयायी बताते हैं। जो कि डेरा प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ है। डेरा प्रबंधन इन्हें प्रेमी नहीं मानते। फेथ वर्सेज वर्डिक्ट ने राम रहीम के आधार कार्ड में बदलाव, हनीप्रीत को गुरु शिष्या का दर्जा देने के सनसनीखेज खुलासे किए है। डॉ. मोहित गुप्ता के खिलाफ पहले भी राम रहीम के आधार कार्ड की फोटो सार्वजनिक करने पर यूपी में मामला दर्ज करवाया गया था।

**राम रहीम को 1 साल में मिली है 90 दिन की पैरोल**

राम रहीम को इस साल में 90 दिन की पैरोल मिली है। राम रहीम पहले फरवरी में पंजाब चुनावों में 20 दिन की फरलो मिली। इसके बाद जून जुलाई में 30 दिन की पैरोल और फिर अक्टूबर में 40 दिन की पैरोल मिली हुई है। जो कि 25 नवंबर को खत्म होगी।

# पूर्व आईएएस वरदमूर्ति मिश्रा ने बनाई पॉलिटिकल पार्टी

## विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, कहा- सरकार ने कष्ट के अलावा कुछ नहीं दिया



भोपाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। पांच महीने पहले सरकारी नौकरी से इस्तीफा देने वाले आईएएस वरदमूर्ति मिश्रा ने अब पॉलिटिक्स में एंट्री की है। उन्होंने वास्तविक भारत पार्टी (वाभापा) के नाम से नई पॉलिटिकल पार्टी बनाई है। पार्टी अगले साल होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने कैंडिडेट्स उतारेगी। आईएएस वरदमूर्ति मिश्रा ने तीन महीने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नई पार्टी बनाने का ऐलान किया था। तब उन्होंने कहा था- सत्ता में शीर्ष पर बैठे लोगों की प्रशासनिक समझ में कमी और दूरदर्शिता के अभाव के कारण आज पूरे मध्यप्रदेश का विकास बाधित हो रहा है। वर्तमान सरकार तो हर मोर्चे पर विफल है। नई पार्टी बनाने के साथ ही पूर्व आईएएस मिश्रा ने प्रदेश के लोगों के नाम संदेश भी लिखा है। इसमें कहा है कि सरकार ने कष्ट के अलावा कुछ नहीं दिया है।

**सरकार पर पहले भी हमले कर चुके मिश्रा**

पूर्व आईएएस वरदमूर्ति ने 4 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। तब भी शिवराज सरकार पर हमला किया था। उन्होंने कहा था कि सिस्टम में रहकर भी अफसर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे हैं। ब्यूरोक्रेट्स की बात सुनने के बजाए सरकार सिर्फ इवेंट पॉलिटिक्स कर रही है। उन्होंने कहा- मध्यप्रदेश बीज का नकली हब बन गया है। देश में सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश में कंज्यूमर फोरम में नकली बीज के केस दर्ज हैं। यही हाल फर्टिलाइजर का है। संगमरमर का चूरा और फ्लाई ऐश मिलाकर इसकी सप्लाई हो रही है। सरकार के पास इसकी चेकिंग की कोई व्यवस्था नहीं है।

**जनता से जुडे मुद्दों पर सरकार का ध्यान नहीं**

वरदमूर्ति ने कहा था कि वर्तमान में राजनीतिक परिस्थितियां बहुत ही निराशाजनक हो चुकी हैं। सत्ता में शीर्ष पर बैठे लोगों की प्रशासनिक समझ में कमी और दूरदर्शिता के अभाव के कारण आज पूरे मध्यप्रदेश का विकास बाधित हो रहा है।

किसी भी सरकार ने जनता से जुड़े मूल मुद्दों पर काम नहीं किया। वर्तमान सरकार तो हर मोर्चे पर विफल है। मध्यप्रदेश के किसान संकट में हैं। शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहाल है। बेरोजगारी बढ़ रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। जनता आज पीने का पानी और बिजली संकट से जूझ रही है। लेकिन, सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

**तीन महीने पहले किया था पार्टी बनाने का ऐलान**

सरकारी नौकरी से इस्तीफा देने वाले आईएएस वरदमूर्ति मिश्रा ने तीन महीने पहले राजनीति में एंट्री करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि पिछले पांच-छह साल से मेरे मन में उथल-पुथल मची थी। 26 साल 13-14 जिलों में रहा हूं। गांवों में जो परेशानियां देखीं, उन्हें दूर करने के लिए राजनीतिक दल की शुरुआत करूंगा।

**कौन हैं आईएएस की नौकरी छोड़ने वाले वरदमूर्ति मिश्रा?**

वरदमूर्ति मिश्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2014 बैच के पूर्व अधिकारी हैं। इससे पहले वे राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे।

1996 में राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित होकर डिप्टी कलेक्टर बने थे। उनकी छवि आम लोगों के बीच में जाकर काम करने की थी। ऐसा कहा जाता है कि मध्यप्रदेश के जिन इलाकों में मिश्रा पदस्थ रहे, वहां सीधे जनता को उनसे मिलने में कोई परेशानी नहीं आती थी। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ से लेकर कलेक्टर, उप सचिव पद तक पर काम किया। नौकरी छोड़ने से पहले वे भोपाल में खनिज निगम में कार्यकारी निदेशक के तौर पर काम कर रहे थे।

पूर्व आईएएस मिश्रा ने 3 महीने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वे नई पार्टी बनाएंगे। इस ऐलान के डेढ़ महीने पहले ही उन्होंने सरकारी नौकरी से इस्तीफा दिया था।

भोपाल में नई पार्टी बनाने का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा था- पिछले पांच-छह साल से मेरे मन में उथल-पुथल मची थी। 26 साल में 13-14 जिलों में रहा हूं। गांवों में जो परेशानियां देखीं, उन्हें दूर करने के लिए राजनीतिक दल की शुरुआत करूंगा।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022

# भारत की भूमिका अहम

किसी भी सूरत में रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध रुकवाने के लिए संकल्प लिया गया कि किसी भी हालत में इसे रोकना होगा। यह संकल्प इंडोनेशिया के बाली द्वीप में समूह बीस (जी 20) देशों की सालाना शिखर बैठक में लिया गया। बैठक के बाद सभी देशों ने आपसी सहमति से साझा बयान जारी कर इस प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया कि दुनिया अब और युद्ध नहीं चाहती। सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि आने वाले समय में इस महाप्रयास में भारत की जिम्मेदारी अहम होगी। वजह साफ है कि अब समूह बीस की अध्यक्षता भारत के हाथों में है। इसकी अगली शिखर बैठक दिल्ली में होगी। रूस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में देखें तो जी20 एक महत्त्वपूर्ण संगठन इसलिए भी माना जाता है कि इसमें वे विकसित और विकासशील देश शामिल हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर बंटे हुए हैं। ऐसे में यह समूह युद्ध रुकवाने की मुहिम में कितना सफल हो पाता है, यह वक्त ही बताएगा। मजेदार बात तो यह है कि यूक्रेन पर हमला करने वाला रूस भी इस समूह का सदस्य है। बाली की बैठक में जिस तरह से युद्ध का मुद्दा छाया रहा और रूस के रवैए की आलोचना हुई, उससे रूस का नाराज होना स्वाभाविक है। ऐसे में युद्ध रुकवाने के लिए कौन कितने और कैसे प्रयास करेगा, यह सबसे बड़ा सवाल है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भारत का रुख शुरू से ही बिलकुल स्पष्ट है। भारत शुरू से कह रहा है कि युद्ध तत्काल रुकना चाहिए और कूटनीतिक तरीकों से समस्या का हल खोजा जाना चाहिए। बता दें कि इस साल सितंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ बातचीत में साफ कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है। मोदी का यही संदेश बाली शिखर बैठक में भी सुनाई दिया तो मतलब साफ है कि अब कोई भी देश जंग नहीं चाहता। युद्ध के परिणाम कितने भयावह होते हैं, यह तो सबने देखा ही है। देखा जाए तो लगभग सभी देश किसी न किसी रूप में युद्ध की मार झेल रहे हैं। अर्थव्यवस्था की जडें तक हिल गई हैं। महंगाई की मार से हर देश कराह रहा है। अर्थव्यवस्था में मंदी और महंगाई के साथ ऊर्जा संकट अलग से खडा हो चुका है। इस युद्ध ने वैश्विक खाद्य संकट भी खड़ा कर दिया है। इसलिए अब उन देशों को युद्ध का कूटनीतिक समाधान निकालने पर ज्यादा जोर देना चाहिए जो इस मुद्दे पर खेमेबाजी में फंसे हैं। युद्ध के कारण पैदा हालात की मार झेलने को वे देश भी मजबूर हैं, जो खेमेबाजी कर रहे हैं। यदि प्रयास किए जाएं तो कोई कारण नहीं बनता कि जंग खत्म नहीं हो सकती। अगर कुछ देश वैश्विक राजनीति में दबदबा बनाने के लिए अपने स्वार्थों को त्याग दें, तो समाधान का रास्ता निकलने में कोई बहुत समय नहीं लगने वाला। रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भारत शुरू से ही तटस्थ रहा और अमेरिका व पश्चिमी देशों के तमाम दवाबों के बावजूद किसी खेमे में शामिल नहीं हुआ। संयुक्त राष्ट्र में भी भारत इसी नीति पर चलता रहा है। रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों ने भारत को लेकर आंख तरेरी थी लेकिन भारत ने बाली सम्मेलन में इसका कड़ा विरोध किया। इसमें अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि दुनिया के तमाम देश भारत को एक ऐसे सर्वमान्य नेता के रूप देख रहे हैं जो शांति और कूटनीति के जरिए मौजूदा युद्ध संकट से मुक्ति दिलवाने की दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकता है। जाहिर है अकेले भारत यह नहीं कर सकता। इसके लिए समूह के सभी देशों के एक मंच पर एक साथ आना पडेगा, तभी बात बन सकेगी।

# काशी में दिखेगा लघु तमिलनाडु की झलक



सुरेश गांधी

19 नवंबर से 16 दिसंबर तक भगवान भोलेनाथ की नगरी काशी में संगमम का आयोजन किया गया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अनौपचारिक शुरुवात 17 नवंबर से होगी। माह पर्यंत चलने वाला यह कार्यक्रम बीएचयू के एमपी थियेटर ग्राउंड में होगा. जिसका शुभारंभ पीएम मोदी 19 नवंबर को करेंगे। पीएम मोदी 19 नवंबर को दोपहर में वाराणसी के एयरपोर्ट पहुंचेगे। वहां से हैलीकाप्टर से बीएचयू हैलीपैड आएंगे. फिर पीएम काशी-तमिल संगमम में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वहां मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे. पीएम करीब साढ़े तीन घंटे बिताने के बाद वापस दिल्ली रवाना हो जाएंगे. उद्घाटन समारोह में तमिलनाडु के 12 प्रमुख मठ मंदिर के आदिनम (महंत) को काशी की धरा पर पहली बार सम्मानित भी किया जाएगा। सम्मान समारोह के बाद पीएम मोदी भगवान शिव के ज्योर्तिलिंग काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम के एकाकार पर आधीनम से संवाद भी करेंगे। खास बात यह है कि इस आयोजन में न सिर्फ भारतीय सनातन संस्द्रति के दो अहम प्राचीन पौराणिक केंद्रों या यूं कहे उत्तर और दक्षिण का मिलन होगा, बल्कि दो सांस्द्रतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामजिक और शैक्षणिक विचारों का आदान-प्रदान भी होगा. तमिलनाडु के 12 प्रमुख आदिनाम इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 18 नवंबर को काशी पहुंचेंगे। काशी और तमिलनाडु के बीच आध्यात्मिक संबंधों पर संवाद के साथ ही काशी व काशी विश्वनाथ से वहां के जुड़ाव पर परिचर्चा करेंगे। इसके जरिए दक्षिण और उत्तर के उत्तरेत्तर संबंधों के साथ ही दोनों स्थानों की समानता को भी दर्शाया जाएगा। भगवान राम के हाथों स्थापित रामेश्वरम ज्योर्तिलिंग के साथ ही स्वयंभू काशी विश्वनाथ की महिमा भी बखान किया जाएगा। काशी तमिल समागमम में आने वाले आदिनाम को काशी में बसे लघु तमिलनाडु का भ्रमण



भी कराया जाएगा। हनुमान घाट और उसके आसपास स्थित शंकर मठ सहित अन्य मंदिरों को भी दिखाया जाएगा। इसके अलावा तमिलनाडु के परिवारों के बीच भी वहां से आने वाले लोगों को ले जाया जाएगा। इसके जरिए काशी में तमिल परंपरा के जीवंत उदाहरण को भी प्रस्तुत किया जाएगा। मतलब साफ है हिंदी और तमिल भाषाई लोगों की संस्द्रतियों के मेल-मिलाप का यह सबसे बड़ा महोत्सव है। दरअसल, तमिलनाडु के तेनकासी शहर में स्थित काशी विश्वनाथर मंदिर है। तमिलनाडु के जानकारों के अनुसार भगवान शिव को समर्पित काशी विश्वनाथर मंदिर को उल्गाम्मन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसे पांड्यन शासन ने बनवाया था और तमिलनाडु का दूसरा सबसे बड़ा गोपुरा भी है। द्रविड शैली में बने इस मंदिर का गोपुरा 150 फीट का है। ऐसे ही काशी और तमिलनाडु के मठ मंदिरों की परंपराओं पर भी चर्चा होगी। आम जनता को तमिल संगमम के दौरान कलाद्रतियों, संस्द्रतियों, मंदिरों और हेरिटेज की जानकारियों समेत तमिलनाडु के सैकड़ों व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा। काशी-तमिल संगमम के सांस्द्रतिक प्रभारी वाराणसी परिक्षेत्र के पुरातत्व अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर और दक्षिण के संगम का सुंदर प्रयास है. कोशिश है कि कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहे. सुभाष यादव के अनुसार 17 नवंबर से तमिलनाडु का कार्तिक मास शुरू होगा जो एक माह तक चलेगा. तमिल की परंपरा के अनुसार वहां के लोग शिव मंदिरों में पूरे कार्तिक मास दीपक जलाते हैं. इस बार निवेदन है कि तमिलनाडु के लोग काशी विश्वनाथ धाम में दीपक जलाएं. इसी के तहत एक माह तक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें 12 ग्रुप में ढाई हजार लोग वाराणसी आएंगे और भ्रमण करेंगे। इस दौरान उन्हें प्रयागराज, अयोध्या घुमाते हुए वापस काशी लाते हुए तमिलनाडु वापस भेजा जायेगा। इस दौरान पूरे एक माह तक वाराणसी के बीएचयू के एमपी थियेटर ग्राउंड में तमिलनाडु के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, कुजिन और शैक्षिणिक प्रदर्शनी भी लगेगी. वाराणसी के लोगों के लिए भी प्रदर्शनी लगेगी। प्रतिदिन शाम को सांस्द्रतिक कार्यक्रम में पूरे माह में तमिलनाडु के लगभग 500 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. इस तरह पूरे माह का यह भव्य आयोजन है. उन्होंने बताया कि जिस तरह का सांस्द्रतिक, सामाजिक और धार्मिक समन्वय हो सकता है, यह पूरे देश को देखने को मिलेगा. पूरे एक माह अलग-अलग विधा के लोग छात्र, अध्यापक, धार्मिक और व्यापारी लोग भी इसमें शामिल होंगे. इस तरह से यह न केवल सांस्द्रतिक समन्वय है, बल्कि आर्थिक, धार्मिक, सामाजिक सामन्जस्य भी है. काशी-तमिल संगमम के संयोजक एवं भारतीय भाषा समिति दिल्ली के अध्यक्ष चमू द्रष्ण शास्त्री ने बताया कि पूरे कार्यक्रम को शिक्षा मंत्रालय आयोजित कर रहा है। आईआईटी मद्रास और बीएचयू मिलकर कार्यक्रम को कर रहें हैं. यह पीएम मोदी की संकल्पना है। शिक्षा मंत्रालय इसका क्रियान्वयन कर रहा है. इसके तहत मद्रास आईआईटी एवं तमिलनाडु द्वारा ढाई हजार डेलीगेट्स का चयन किया गया है. जो 12 समूह में आएंगे और कार्यक्रम में शामिल होंगे. जो संगोष्ठियों में भी हिस्सा लेंगे. 30 दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे और शाम को सांस्द्रतिक कार्यक्रम भी होगा. इस दौरान तमिलनाडु के चाहे लोक या शास्त्रीय कला हो उसकी रोजाना प्रस्तुति भी होगी. इसके अलावा हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के स्टॉल भी लगेंगे. इसके अलावा तमिलनाडु के सभी व्यंजनों को भी अलग-अलग स्टॉल पर लगाया जाएगा और पुस्तक प्रदर्शनी भी लगेगी और लघु फिल्मों के जरिए तमिलनाडु का दर्शन भी कराया जाएगा. मेहमानों के आगमन की तैयारियां पूरी वाराणसी में काशी तमिल संगमम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मेहमानों का पहला ग्रुप 18 नवंबर की रात एक बजकर 10 मिनट पर वाराणसी आएगा। तमिल संगमम की तैयारियों में जुटे अधिकारियों के मुताबिक तमिलनाडु से आने वाले मेहमान दो दिन वाराणसी रहेंगे। काशी-तमिल संगमम में आने वाले मेहमान श्रीकाशी विश्वनाथ, संकट मोचन मंदिर और गंगा आरती में भी शामिल होंगे। दक्षिण भारत के स्वाद के लिए वहां से ही कुक को भी बुलाया गया है, जो काशी में तमिलनाडु से आ रहे लोगों के लिए डिश तैयार करेंगे। मेहमानों को लाने के लिए विशेष प्रबंध किया गया है। 12 ग्रुपों में 2592 मेहमानों को बांटा गया है, जिसमें हर ग्रुप में 216 डेलीगेट शामिल हैं। रामेश्वर से बनारस तक आने वाली बनारस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस से चार ग्रुप, कैंट रेलवे स्टेशन पर चेन्नई सेंट्रल से गया जंक्शन तक जाने वाली गया सुपर फास्ट एक्सप्रेस से चार ग्रुप और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर एरणाकुलम जंक्शन से पटना जंक्शन जाने वाली पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस से चार ग्रुप में मेहमानों को उतारा जाएगा। इन ट्रेनों में एक-एक वातानुकूलित कोच लगाए जाएंगे।

# अनुचित लाभ के लिए गांजे की खेती का अपराध



नरेंद्र तिवारी

अपराध के साथ आपराधिक मानसिकता के उन्मूलन का प्रयास भी समाज और सरकार को लगातार करतें रहना चाहिए। यह कार्य उस वक्त ओर जरूरी हो जाता है, जब यह विषय गम्भीर अपराध ओर समाज की सेहत से जुड़ा हुआ दिखाई दे रहा हो। एक समय पंजाब के युवाओं में बढ़ती नशे की आदत ने देश की चिंता बढ़ा दी थी। यह चिंता अब भी कायम है। फ़िल्म उड़ता पंजाब में जब नशे में डूबी युवा पीढ़ी की सच्चाई को फ़िल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तब फ़िल्म के निर्माताओं के विरुद्ध पंजाब को बदनाम करने के आरोप उस समय के सत्ताधीशो द्वारा लगाए गए थे। दरअसल हर दौर में साहित्य समाज का दर्पण होता हैं। कविता, कहानियां, फ़िल्म, व्यंग्य, कार्टून, आलेख, पत्र-पत्रिकाएं और अखबार अपने दौर की सच्चाइयों को उजागर करने का दायित्व निर्वहन करतें हैं। इन माध्यमों की जिम्मेदारी भी है कि वह जमीनी सच्चाइयों से देश को अवगत कराएं। ऐसी ही एक जमीनी सच्चाई गांजे से जुड़ी खेती को लेकर हैं। गांव के सुनसान खेतों ओर पहाड़ो में पनपती लालच की प्रवृत्ति जब मेहनती किसानों को गांजे की फसल बुवाई के लिए आकर्षित करने लगे, तब समझ लीजिए की लालच ने अपने पैर पसार लिए हैं। नशे के कारोबारियों के लिए गांव का यह भोला किसान सबसे आसान लक्ष्य होता हैं। नशे के तस्कर इन किसानों को खेतों में कपास, तुवर या अन्य फसलों के मध्य गांजे की बुवाई के लिए प्रेरित करतें है। नशा माफियाओं के प्रभाव में गांव के कुछ लालची ओर नासमझ किसान समाज के विरुद्ध अपराध करने की प्रक्रिया में शामिल हो जाते हैं। देश के विभिन्न प्रदेशों में गांजे की अवैध उगाई एवं तस्करी का गौरख धंधा बरसों से जारी हैं। हिंदी भाषी राज्य इसके बड़े अड्डे बने हुए है। मादक प्रदार्थ गांजे का सेवन महानगरों के हुक्का बारों में भी चोरी छिपे जारी हैं। मुम्बई के पूंजीपतियों ओर फिल्मी सितारों की चर्चित रेव पार्टियों में भी गांजे से भरी चिलम ओर सिगरेट के जोरदार फूँक लगाकर कुछ समय के लिए जीवन की वास्तविकताओं से दूर हो जाने की कोशिश की जाती रही है। यही ओर ऐसी कोशिश शायद धर्म का चोला पहनकर धार्मिक नगरियों में चिलम में गांजे का फूँक लगाकर तथाकथिक साधु-संतो, फकीरों के द्वारा भी की जाती हैं। धार्मिक केंद्रों में चिलम की धूनी लगाकर गृहस्थ जीवन से भागकर समाज को धर्म का पाठ पढ़ाने वालो की असिलियत भी कुछ ऐसी ही जान पड़ती हैं। गांजे के अवैध कारोबार का सिलसिला बहुत लंबा हैं। यह सफेदपोश बदमाशो और व्यवस्था की मिलीभगत से चल रहा हैं। पुलिस ने सख्ती बरतकर इन तस्करों और कारोबारियों को पकड़ा भी हैं। कुछ नवीन किन्तु चौकाने वाले ताजे मामले जिसमें यूपी के कुशीनगर में वर्ष 2022 के सितम्बर माह में वाहन से आंध्रप्रदेश से लादकर 291 किलो गांजा कीमत लगभग 60 लाख रु ग्रामीणों की मदद से पुलिस द्वारा जप्त किया गया। मध्यप्रदेश की ग्वालियर पुलिस ने सितम्बर माह में ही 540 किलो गांजा जो आंध्रप्रदेश से मुरैना की ओर से ट्रक ओर स्कार्पियो में भरकर तस्करी कर लाया जा रहा था जप्त किया। इस घटनाक्रम में पुलिस ने 8 तस्करों को भी पकड़ने में सफलता प्राप्त की थी। मध्यप्रदेश में सरकार द्वारा 8 अक्टूम्बर से नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतों में तुवर ओर कपास की फसल के बीच गांजे की फसल पकड़ाने के अनेकों मामले सामने आ रहे हैं। आदिवासी जिले अलीराजपुर के सोंडवा थाना क्षेत्र के छोटी हथवी इलाके में स्थित तड़वी फलिया में किसान के खेत मे कपास की फसल के बीच गांजे के 1103 पौधे जप्त किये। आदिवासी बाहुल्य जिले बड़वानी में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत किसानों के खेत मे तुवर व कपास की फसल के मध्य गांजे के पौधे सबसे अधिक मात्रा में पकड़े गए। बड़वानी जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार बड़वानी जिला मादक प्रदार्थ गांजे के पौधों की बरामदगी के मामले में सम्पूर्ण प्रदेश में अव्वल रहा है। इसी अभियान में ही जिले के विभिन्न थानों में 20 प्रकरणों में 20 आरोपियों से 3156 गांजे के हरे पौधे, कुल 2480 किलो से अधिक याने करोड़ो रुपयों का गांजा महज एक माह के नशा विरोधी अभियान में बरामद करने में सफलता पाई हैं। सबसे अधिक प्रकरण जिले के सेंधवा ग्रामीण इलाके में पंजीबद्ध किये गए। एसपी श्री शुक्ला के अनुसार बड़वानी जिला पूरे मध्यप्रदेश में मादक पदार्थ गांजे के हरे पौधों को पकड़ने की कार्यवाहीं में सबसे आगे है। हमने अंतरप्रांतीय सप्लाई चैन को तोड़ा हैं। बड़वानी जिला पुलिस की यह कार्यवाहीं एक मिशाल हैं। निश्चित ही इस कार्यवाहीं से क्षेत्र में अपराध से दूर रहने का संदेश जरूर जाएगा। गांजे की अवैध तस्करी करने वाले भी शायद बड़वानी जिले की सीमा से दूरी बनाकर चले। किन्तु इस आदिवासी अंचल में गांजे की फसल की बुवाई कर धन कमाने की मंशा नई नही हैं। सतपुड़ा के पहाड़ी अंचलों में आदिवासी अंतरप्रांतीय तस्करों के प्रभाव में राजनीति और भष्ट्र व्यवस्था के आशीर्वाद से अवैध गांजे की बुवाई के अपराध में बरसो से संलिप्त रहे है। 2001 से 2010 तक वरला थाने अंतर्गत धवली के पहाड़ी गांवों में गांजे की तस्करी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चलता रहा। वर्ष 2010-11में इंदौर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में गांजे की खेती के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्यवाहीं करते हुए सिर्फ वरला थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 प्रकरणों में 18 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए थे। इस दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने सरकारी एवं वनविभाग की भूमि पर बड़ी मात्रा में गांजा बो रखा था। दुरूह आदिवासी क्षेत्र में हुई इस कार्यवाहीं के बाद से गांजे की अवैध खेती के मामले बहुत कम हो गए थे। जिनकी संख्या अब पुनः बढ़ती हुई दिख रही हैं। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नशा मुक्ति अभियान में गांजे के पौधे पकड़ाने के प्रकरण दर्ज हुए हैं। निमाड़ में खासकर आदिवासी अंचल में अब बड़ा आश्चर्य यह है कि ग्रामीण अपनी मालिकाना हक की कृषि भूमि पर भी गांजे के पौधे लगाने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। नशा नाश की जड़ है, खासकर गांजे की फूँक तम्बाकू मिलाकर ही की जाती है।

# फीफा से बुलंद होगी कतर की अर्थव्यवस्था



डॉ रघुवीर चारण

दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में शुमार फुटबॉल के फीफा विश्वकप का आगाज़ कुछ दिनों में होने वाला है इस बार विश्व कप की मेजबानी करने वाला देश अपने आप में चर्चा का विषय बना हुआ है फीफा - 2022 का आयोजन पश्चिमी एशिया के मरूस्थलीय देश कतर में होगा। अरब प्रायद्वीप में स्थित ये छोटा देश तेल भंडारों व प्राकृतिक गैस संसाधनों के लिए जाना जाता है।

रेतीले समन्दर में स्थित कतर की राजधानी दोहा फुटबॉल महाकुंभ के लिए सज चुकी है दुनिया भर के खेल प्रेमियों के स्वागत के लिए दोहा और उसके आसपास के क्षेत्र को सभी सुविधाओं से सम्पन्न और मौसम के अनुकूल बनाया गया है यूरोपीय देशों की तुलना में एशियाई देशों में फुटबॉल का क्रेज़ बहुत कम है दक्षिण कोरिया के बाद कतर दूसरा एशियाई देश है जहाँ फीफा विश्व कप का आयोजन हो रहा है । कतर का फुटबॉल में कुछ खास प्रदर्शन नहीं है बस इस बार खास है इनके द्वारा फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करना। कतर क्षेत्रफल के हिसाब से फीफा विश्व कप की मेजबानी करने वाला सबसे छोटा देश है। मेजबान देश इस विश्व कप को बेहद खास बनाने के लिए 17 लाख करोड़ रुपये व्यय किए हैं इसमें फ्लोटिंग होटल से लेकर स्टेडियम तक खिलाडियों को कई लक्जरी सुविधाएँ मिलेंगी।कतर ने इस आयोजन के लिए आठ भव्य स्टेडियम बनाए हैं खिलाडियों व दर्शकों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष तकनीकों का प्रयोग कर खेल मैदानों को सामान्य तापमान 20- 25 डिग्री सेल्सियस पर बनाया गया हैं फीफा वर्ल्ड कप टूर्नामेंट आमतौर पर जून और जुलाई में आयोजित किया जाता है, लेकिन क़तर में साल के इन महीनों में औसत तापमान लगभग 41 डिग्री सेल्सियस होता है और ये 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. इतनी गर्मी में खेलना आसान नहीं है हालांकि, 2015 में फीफा ने ये फैसला लिया कि टूर्नामेंट सर्दियों में आयोजित कराया जाएगा वर्ल्ड कप 21 नवंबर से शुरू हो रहा है और फाइनल 18 दिसंबर को खेला जाना है। फीफा फुटबॉल का अंतरराष्ट्रीय संगठन है इसकी शुरुआत 1930 उरुग्वे में हुई इसके बाद प्रति चार वर्ष में इसका आयोजन होता है इसके 22वें संस्करण का आयोजन कतर में होने जा रहा है इस प्रतियोगिता में 32 टीमें हिस्सा ले रही है पिछले विश्व कप में फ्रांस विजेता बना था ब्राजील ने सबसे अधिक पाँच बार फीफा कप अपने नाम किया इस बार भी पुर्तगाल, ब्राज़ील, अर्जेंटीना, फ्रांस में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। वर्ष - 2010 में कतर को मेजबानी सोंपी गई । कतर को मेजबानी मिलने से फीफा को कई आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा क्योंकि कतर देश के कानून काफी सख़्त है इसलिए यहाँ आने वाले फुटबॉल प्रशंसकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा समलैंगिकता, श्रमिकों का हनन, मानवाधिकारों का उल्लंघन को लेकर ये विश्व कप काफी विवादास्पद रहने वाला हैं। करीबन 30 लाख की आबादी वाला ये देश तेल और प्राकृतिक गैस का निर्यात पूरी दुनिया में करता है ब्रिटिश राज से आज़ादी मिलने के बाद कतर ने तरक्की की रफ़्तार पकड़ी और कुछ समय में धनाढ्य देश बन गया खाड़ी देशों के आपसी संबधों में हमेशा टकराव रहता है कतर के खिलाफ खाड़ी के ही कुछ देशों ने जो मोर्चा खोला है उसके पीछे आपसी तनाव, मतभेद और बनते-बिगड़ते कूटनीतिक समीकरण ही मुख्य कारण हैं। कतर समृद्धिशाली और ताकतवर देश है। अरब जगत के सबसे पॉपुलर सेटेलाइट न्यूज चैनल अल जजीरा को स्थापित करने में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा। 2010 में विश्व कप की मेजबानी हासिल करने के बाद कतर ने बाहरी दुनिया के सामने अपनी एक उदार, सहिष्णु छवि पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। डॉलर और रियाल के दम पर फुटबाल विश्व कप में बहुत कुछ नया करने जा रहा है। खाड़ी देशों में अपनी बादशाहत कायम करने के लिए मेजबान देश पूरा दमखम लगा रहा है ऐसा माना जा रहा है की फीफा विश्व कप से कतर की अर्थव्यवस्था को बड़ा उछाल मिलेगा। देश में रोजगार बढ़ा जिसका असर रियल एस्टेट, हॉस्पेटेलिटि, जैसे क्षेत्रों में बहुत ग्रोथ देखने को मिली पर्यटन उद्योग में इजाफा होगा कतर अपने को दुबई का चिर प्रतिद्वंदी मानता है फीफा से पूरी दुनिया की निगाहें कतर पर होगी । दुनिया भर के वित्तीय विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है की 2022 के अंत तक कतर की जीडीपी में 4.1% की वृद्धि होगी देश की जीडीपी 2022 से 2030 के बीच में औसतन 3.2% सालाना की दर से बढ़ेगी टूर्नामेंट देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 20 बिलियन डॉलर का योगदान देगा इसलिए यह विश्व कप कतर के लिए अहम् साबित होगा।

# लालच की लीला



डॉ. सुरेश कुमार

दिन सर्दी के थे। ऊपर से कार के अंदर भी एसी। शरीर में गर्माहट लाने के लिए शराब से अच्छा उपाय क्या हो सकता है! वैसे मौसम बदलते रहते हैं, लेकिन शराब का मौसम सदाबहार रहता है। निर्माता के हाथ में ऑफिसर्स च्वाइस की चमचमाती बोतल देख सेक्रेटरी का थोड़ा और भजनखबरी का जी ज्यादा ललचा गया। लालच तो वह बंदर है जो जिंदगी के पेड पर हमेशा उछल-कूद करता रहता है। थोड़ी देर तक कुत्ता पुराण बाँचने वाला भजनखबरी अब खुद कुत्ता बनने की फिराक़ में था। वहीं सेक्रेटरी चालक से चालाक बनने के चक्कर में अपना थोड़ा ध्यान सड़क पर और ज्यादा ध्यान बोतल पर रखकर गाड़ी चला रहा था। दोनों का ध्यान बोतल पर जाना वाजिब भी था। क्योंकि बोतल का ढक्कन खुलते ही उसकी 'बो' 'तल' तक पहुँच रही थी। मानो वह बोतल दोनों से कह रही हो कि क्या तुमको मुझसे प्यार नहीं?, क्या मेरे नशे का चस्का नहीं?, क्या प्यासे ही मर जाना चाहते हो?, अंदर की जलन से राख हो जाना चाहते हो?, मुझसे दूर रहकर अपना घाटा क्यों करना चाहते हो?, क्या तुम्हारा दिल मुझे नहीं चाहता?, क्या मुझे माँगने की हिम्मत भी नहीं है?, यही सब विचारों में विचर रहे दोनों जीव अंदर ही अंदर निर्जीव होते जा रहे थे। सेक्रेटरी को तो मानो बिन माँगे मुराद पूरी हो गई। हो भी क्यों न जिस देश में कइयों को एक वक्त का खाना नसीब होना मुश्किल हो वहाँ इतनी महंगी शराब मिल जाए, जीते जी धरती पर स्वर्ग देखने से कम है क्या! वैसे भी यहाँ आए दिन कइयों की मौत भूख-प्यास से होती ही रहती है, ऐसे में दो बूँद शराब की गले के नीचे उतर जाए जीवन जीने का मजा दूगना हो जाता है। सेक्रेटरी ने भी दो भी घूँट गले के नीचे ऐसे उतारा मानो पार्टी हाईकमान किसी को चुनाव का टिकट देकर वापस न छीन ले। उधर दूसरी ओर भजनखबरी सेक्रेटरी को शराब पीते देख अंदर ही अंदर ऐसे ईर्ष्या कर रहा हो, जैसे किसी ने उसकी पटी-पटाई गर्ल-फ्रेंड छीन ली हो। वह सोचने लगा कि समय से पहले और किस्मत से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अब उसे किस्मत से ज्यादा तो नहीं थोड़े की जरूरत थी। उधर दूसरी ओर निर्माता ने भजनखबरी के सामने शराब पीने का प्रस्ताव यह सोचकर रखा कि यदि वह शराब के तालाब में लालची मछली बनकर उतरता है तो ऐसी मछलियों का शिकार कर ठिकाने लगाया जा सकता है। किंतु वह बड़ा चालाक था। उसने शराब के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। अनुभव की पाठशाला ने उसे सिखाया था कि किसी के कुछ देने पर पहले न नुकूर करना चाहिए। इससे तुम्हारा बनावटी शिष्टाचार बना रहेगा। फिर चाहे तुम्हारे मन में उस वस्तु के प्रति छीनकर भोगने की भावना ही क्यों न हो। निर्माता के खूब जोर जबरदस्ती करने पर उसने भी दो घूँट चढ़ा ली, जैसे ऑक्सीजन की कमी में मरने वाले को वेंटिलेटर पर चढ़ाया जाता है। छछुंदर के सिर पर कभी चमेली का तेल सुहाया है जो इसके सिर पर सुहाएगा। पीने के कुछ देर बाद वह बड़बड़ाने लगा – 'साहब! आप तो भगवान हैं। वाह! क्या चीज पिलायी है। अमृत है! अमृत! मेरा इतना नसीब कहाँ जो इतनी महंगी शराब पीना तो दूर देखने या सोचने की हिम्मत करूँ। सारे समुंदर के पानी को स्याही बना दूँ, धरती को कागज तो भी आपकी बखान गाथा नहीं लिख सकता। आपकी लीला अपरंपार है। साहब! आप हजारों साल जिएँ मेरे जैसे गरीबों की दुवाएँ लगेंगी। निर्माता मुस्कुरा उठा। उसे लगा अब आया ऊँट पहाड़ के नीचे। अभी इसका पूरा चिट्ठा निकालता हूँ।

# धर्म के नाम पर जारी अधर्म



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत में कोई स्वेच्छा से अपना धर्म बदलना चाहे तो यह उसका मौलिक अधिकार है लेकिन मैं पूछता हूं कि ऐसे कितने लोगों को आपने कोई नया धर्म अपनाते हुए देखा है, जिन्होंने उस धर्म के मर्म को समझा है और उसे शुद्ध भाव से स्वीकार किया है? ऐसे लोगों की आप गणना करना चाहें तो उनमें महावीर, बुद्ध, ईसा, मुहम्मद, शंकराचार्य, गुरुनानक, महर्षि दयानंद जैसे महापुरुषों के नाम सर्वाधिक अग्रगण्य होंगे। लेकिन दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत लोग तो इसीलिए किसी पंथ या धर्म के अनुयायी बन जाते हैं, क्योंकि उनके माता-पिता उसे मानते थे। सारी दुनिया में ऐसे 5-7 प्रतिशत लोग ढूंढना भी मुश्किल हैं, जो वेद, जिंदावस्ता, आगम ग्रंथ, त्रिपिटक, बाइबिल, कुरान या गुरूग्रंथ पढ़कर हिंदू या पारसी या जैन या बौद्ध या ईसाई या मुसलमान या सिख बने हों। जो थोक में धर्म परिवर्तन होता है, उसके लिए या तो विशेष परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं या फिर धर्म परिवर्तन का कारण होता है- लालच, भय, जबर्दस्ती, ठगी, मजबूरी।

ईसाइयत और इस्लाम का दुनिया में फैलाव ज्यादा करके इसी आधार पर हुआ है। जिन्होंने पश्चिम एशिया और यूरोप का इतिहास ध्यान से पढ़ा है, उन्हें इन मजहबों की करुण कथा विस्तार से पता है। भारत जैसे प्राचीन राष्ट्रों में ज्यादातर धर्मांतरण डंडे या थैली या कुर्सी के जोर पर हुआ है, जैसा कि आजकल राजनीतिक दलबदल होता है। इसी के विरुद्ध हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा है कि वह इस अनैतिक धर्मांतरण को रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है? वास्तव में धर्मांतरण विरोधी कानून तमिलनाडु, ओडिशा और म.प्र. की सरकारों ने बनाए हैं लेकिन इनमें और अन्य प्रदेशों में भी ढेरों संगठनों का बस एक ही काम है- लोगों को ईसाई और मुसलमान बनाओ।

उन्हें ये पादरी और मौलवी ईसा और मुहम्मद के सन्मार्गों पर चलने की उतनी सीख नहीं देते, जितनी अपना संख्या बल बढ़ाने पर देते हैं। वे धर्म का नहीं, राजनीति का रास्ता पकड़े हुए हैं। यह वही रास्ता है, जो मुस्लिम बादशाहों और अंग्रेज शासकों ने अपने जमाने में भारत में चला रखा था। इसीलिए गांधीजी ने 1935 में कहा था- ''अगर मैं कानून बना सकूं तो मैं धर्मांतरण पर निश्चित ही रोक लगा दूंगा।'' यदि कोई अपने धर्म के सिद्धांतों का प्रचार करना चाहे तो उसको उसकी पूरी छूट होनी चाहिए, जैसे कि 100 साल पहले तक भारत में विद्वानों के बीच खुलकर शास्त्रार्थ हुआ करते थे लेकिन आजकल धर्म की चर्चा सिर्फ आदिवासियों, गरीबों, पिछड़ों, ग्रामीणों और दलितों के बीच ही होती है, क्योंकि उन्हें ठगना, बेवकूफ बनाना और लालच में फंसाना आसान होता है। यह धर्म की सेवा नहीं, अधर्म का विस्तार है। इस पर केंद्र सरकार जितनी सख्ती और जल्दी से रोक लगाए उतना अच्छा है।

# सुबह आंख खुलते ही करें इन मंत्रों का उच्चारण, बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा



अगर आप सुबह सुबह उठने के बाद सोचते हैं कि सुबह सबसे पहले क्या किया जाए जिससे आपका पूरा दिन अच्छा जाए। तो चलिए हम आपकी दुविधा दूर कर देते हैं। सुबह को शुभ बनाने के लिए कई उपाय बताए गए हैं, इन्हीं में से एक उपाय है मंत्रोच्चार। मान्यताओं के अनुसार मंत्रों में बहुत ताकत होती है। इसलिए हिन्दू धर्म में सुबह सुबह मंत्र पढ़ना शुभ बताया गया है। सुबह उठने के तुरंत बाद अगर आप इन मंत्रों का उच्चारण करते हैं तो इससे आपकी सभी समस्याएं खत्म हो जाती है। इन मंत्रों का रोजाना सुबह उठने के बाद जाप करने से आपको सफलता मिलेगी। मंत्र न सिर्फ मानसिक शांति देते हैं बल्कि इंद्रियों पर काबू पाने की क्षमता में भी वृद्धि करते हैं। इसलिए सवेरे आंख खुलते ही इन कुछ खास मंत्रों का उच्चारण करें। चलिए हम आपको बताते हैं वे मंत्र कौन से हैं।

**कराग्रे वसति लक्ष्मीः कर मध्ये सरस्वती।**
**कर मूले तू गोविंदा, प्रभाते कर दर्शनम।**

अर्थः रोजाना सुबह आंखें खोलते ही सबसे पहले हथेलियों के दर्शन कर इस मंत्र का जाप करें। हाथों के अग्रभाग में लक्ष्मी, मध्य में श्री सरस्वती एवं हाथों के मूल में गोविंद का वास होता है। इससे मां लक्ष्मी के साथ देवी सरस्वती और ब्रह्मा जी का आशीर्वाद प्रदान करता है।

**समुद्रवसने देवि पर्वतस्तनमंडले,**
**विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्श क्षमस्व में**

अर्थः जमीन प्रतिदिन छोटे-बड़े बोझ का भार झेलती है। भूमि से ही मनुष्य को अनाज, पानी जैसी अनेक वस्तुएं मिलती हैं। सवेरे उठकर इस मंत्र का जाप करते हुए भूमिवंदन करें। इससे अन्न, धन की कमी नहीं होती।

**सर्वाबाधाविनिर्मुक्तो धनधान्यसुतान्वितः**
**मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यतिं न संशयः**

अर्थ : इसका अर्थ है मनुष्य माता के प्रसाद से सभी बाधाओं से मुक्त होगा और धन, धान्य एवं संतान से सम्पन्न होगा इसमें कोई संदेह नहीं है।

**सर्वमंगल मांगल्यै शिव सवार्थ साधिक,**
**शरण्ये त्रयम्बके गौरि नरायणि नमोस्तु ते**

अर्थ :ये मंत्र शक्ति की यानी देवी माँ दुर्गा को समर्पित है। इस मंत्र का जाप करने से जीवन मे व्यक्ति बहुत आगे बढ़ता है। इसका अर्थ है, "मां गौरी सबकी मंगल और कल्याण करेंगी। वो जीवन की उद्धारकर्ता है। उनकी शरण मे आने से सब की इच्छा पूरी हो जाती है।वो तीनो लोक को जानने वाली है,वो भगवान शिव की अर्धांगिनी और नारायण की अर्धांगिनी है। अर्थात देवों के देव महादेव के सभी स्वरूपों मे वो ही हैं।

# श्रीकृष्ण की अर्जुन को सीख



काम पूरा होगा या नहीं, जीवन में सुख मिलेगा या नहीं, ये हमारे द्वारा लिए गए निर्णयों पर निर्भर करता है। अगर हम निर्णय लेते समय भविष्य में मिलने वाले परिणामों पर भी विचार करेंगे तो गलतियां होने की संभावनाएं काफी कम हो जाती हैं। महाभारत में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ये बात समझाई थी।

महाभारत के समय एक खांडव वन था। इस वन में अर्जुन की वजह से आग लग गई थी। वन में मयासुर नाम का एक राक्षस रहता था। आग की वजह से मयासुर के प्राण संकट में पड़ गए, तब अर्जुन ने उसके प्राण बचा लिए थे। अर्जुन का उपकार मानकर मयासुर ने कहा आपने इस आग से मुझे बचाया है, इस उपकार के बदले मैं आपके लिए कुछ करना चाहता हूं। आप बताइए, मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं?

मयासुर ने आगे कहा कि मैं दानवों का शिल्पी हूं। मैं भी विश्वकर्मा की तरह ही निर्माण करता हूं। शिल्प विद्या में पारंगत हूं। आप मुझे कोई काम बताइए। अर्जुन ने कहा कि इस मुझे आपकी कोई जरूरत नहीं है, लेकिन श्रीकृष्ण चाहें तो वे आपको सेवा का अवसर दे सकते हैं। एक बार आप उनसे बात करें। मयासुर श्रीकृष्ण के पास पहुंचा। उस समय अर्जुन ने सोचा था कि श्रीकृष्ण भी मयासुर को कोई काम नहीं बताएंगे, लेकिन श्रीकृष्ण कुछ सोचकर मयासुर से कहा कि तुम पांडवों के लिए के सुंदर और विशाल महल बनाओ। महल ऐसा हो, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह जाए।

ये बात सुनकर अर्जुन हैरानी हुई, लेकिन मयासुर ने युधिष्ठिर से बात करके एक विशाल और बहुत ही सुंदर महल बना दिया। तब अर्जुन को समझ आया कि श्रीकृष्ण जो भी निर्णय लेते हैं, वह भविष्य को ध्यान में रखकर ही लेते हैं।

**श्रीकृष्ण की सीख**

इस प्रसंग में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि हम जो भी निर्णय लेते हैं, उसके लिए भविष्य का ध्यान जरूर करना चाहिए। अगर हम भविष्य में होने वाले फायदे-नुकसान का आंकलन करके कोई निर्णय लेंगे तो गलतियां होने की संभावनाएं काफी कम रहेंगी। ऐसे निर्णय से हमारे जीवन में सुख-शांति आती है।

# बेहद चमत्कारी है गोमेद रत्न लोग सोच समझ कर करें धारण



रत्नों का हर किसी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है वही महिलाओं के लिए रत्न तो बेहद उपयोगी मानें जाते हैं क्योंकि ये रत्न उनकी सुंदरता पर चार चांद लगा देते हैं ज्योतिषशास्त्र में भी रत्नों को अहम बताया गया है कुंडली में मौजूद कुछ ग्रह शुभ तो कुछ अशुभ फल देते हैं

ऐसे में कमजोर ग्रह जातक को जीवन में कई तरह की समस्याएं पैदा करते हैं ऐसे में रत्नशास्त्र में कुछ चमत्कारी रत्नों के बारे में बताया गया है जिन्हें धारण करने से जातक के ग्रहों की स्थिति मजबूत हो जाती है और अशुभ प्रभाव भी कम होने लगते हैं

ज्योतिष में ऐसे ही छाया ग्रह रहु के बुरे प्रभावों को कम करने के लिए रत्न शास्त्र में गोमेद रत्न के बारे में बताया गया है इस रत्नको सिलोनी गोमेद के नाम से भी जाना जाता है इसे धारण करना उत्तम माना गया है। ये रत्न राहु के अशुभ प्रभवों को कम करने का काम करता है ये कई रोगों से भी राहत दिलाता है लेकिन ज्योतिष की मानें तो कुछ लोगों को ये रत्न धारण नहीं करना चाहिए वरना जीवन में इसका अशुभ प्रभाव और कई तरह की परेशानियां हो सकती है तो आज हम आपको इन्हीं के बारे में बता रहे हैं।

रत्नशास्त्र की मानें तो गोमेद को राहु का रत्न माना जाता है ये एक उपछाया ग्रह है और इस ग्रह का कोई अस्तित्व नहीं होता है राहु जिस नक्षत्र या ग्रह से जुड़ा होता है उसे शुभ और अशुभ फल प्रदान करता है गोमेद रत्न को धारण करने से कई ग्रहों की स्थिति मजबूत हो सकती है अगर किसी जातक की कुंडली में राहु छठे, आठवें और बाहरवें भाव में है

तो इसे धारण किया जा सकता है वही जिनकी कुंडली में राहु नीच या फिर अशुभ स्थान पर विराजमान है ऐसे लोग भूलकर भी इस रत्न को धारण न करें। गोमेद रत्न मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मकर और मीन राशि के लोगों को गलती से भी नहीं धारण करना चाहिए वरना बुरे परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

# मंगल की चाल बदली, सभी राशियों पर पड़ेगा असर



मंगल राशि बदलकर वृष में आ गया है। अब ये 12 मार्च तक यानी 120 दिनों तक इसी राशि में रहेगा। इस दौरान सूर्य, बुध और शुक्र से इसका दृष्टि संबंध बनेगा। जिससे कुछ अनचाही घटनाएं भी हो सकती हैं। सितारों की इस स्थिति का असर देश-दुनिया सहित सभी राशियों पर रहेगा। जानिए कैसा रहेगा आपके लिए मंगल का राशि परिवर्तन...

**कर्क, धनु और मीन राशि के लिए अच्छा समय**

मंगल के राशि बदलने से कर्क, धनु और मीन राशि वालों के लिए अच्छा समय रहेगा। इन राशियों के लोगों को जॉब और बिजनेस में तरक्की के मौके मिल सकते हैं। कई मामलों में किस्मत का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार के योग हैं। सेहत के मामलों में भी समय अच्छा रहेगा। मंगल के प्रभाव से पुरानी परेशानियां और विवाद खत्म हो सकते हैं।

**कुंभ समेत 4 राशियों के लिए अशुभ समय**

मंगल के नीच राशि में आ जाने से मिथुन, तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इन 6 राशि वाले लोगों को जॉब और बिजनेस में संभलकर रहना होगा। तनाव और विवाद की स्थितियां बन सकती हैं। कामकाज में रुकावटें आ सकती हैं। धन हानि और सेहत संबंधी परेशानियां भी हो सकती हैं। कर्जा न लें। कामकाज में लापरवाही और जल्दबाजी करने से भी बचना चाहिए।

**मकर सहित 5 राशियों के लिए मिला-जुला समय**

मंगल के प्रभाव से मेष, वृष, सिंह, कन्या और मकर राशि वाले लोगों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। इन 2 राशि वालों को कुछ मामलों में किस्मत का साथ मिल सकता है। फायदा भी होगा। लेकिन कामकाज में रुकावटें और अनचाहे बदलाव का भी सामना करना पड़ सकता है। सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव वाला समय रहेगा।

**क्या करें अशुभ प्रभाव से बचने के लिए**

मंगल के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए शहद खाकर ही घर से निकलना चाहिए। लाल चंदन का तिलक लगाएं। लाल फूलों से हनुमानजी की पूजा करें। सिंदूर लगाएं। मंगलवार के दिन तांबे के बर्तन में अनाज भरकर हनुमान मंदिर में दान करना चाहिए। मिट्टी के बर्तन में खाना खाएं। मसूर की दाल का दान करें। पानी में थोड़ा सा लाल चंदन मिलाकर नहाएं। इन उपायों की मदद से मंगल का अशुभ असर कम किया जा सकता है।

# रसोई घर में इस रंग की तस्वीर लगाने से नहीं होगी अन्न की कमी



वास्तु शास्त्र में घर की साज-सज्जा को लेकर कई नियम बताए गए हैं अगर इन नियमों का पालन आप करें तो आपको जीवन में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। घर में भी पॉजिटिविटी फैलती है। मशहूर ज्योतिष से जानते हैं वास्तु के अनुसार घर में किस रंग की तस्वीर लगानी शुभ होती है।

आज हम बात करेंगे घर के बाकी बचे हुए कमरों में तस्वीरों के रंग की। घर के रसोईघर में सफेद या सुनहरे रंग की तस्वीर लगानी चाहिए। रसोई में इन रंगों की तस्वीर लगाने से घर में अन्न की कमी कभी नहीं होती और हमेशा मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद घर के सदस्यों पर बना रहता है।

घर के पूजा घर में गुलाबी या पीले रंग की तस्वीर लगानी चाहिए। इसके अलावा बाथरूम में भी आप तस्वीर लगा सकते हैं। बाथरूम में नीले या सफेद रंग की तस्वीर लगाएं। इससे घर के सदस्य निरोगी रहते हैं। कई लोगों के घरों में वाहन आदि के लिये गैरेज बना होता है। आप वहां पर भी तस्वीर लगा सकते हैं। गैरेज में आप पीले या भूरे रंग की तस्वीर लगाएं। इससे घर के सदस्य वाहन दुर्घटना से बचे रहते हैं।

# हाथ की इन रेखाओं से जानिए आप भविष्य में अमीर बनेंगे या नहीं



हर किसी की हथेली पर कोई न कोई रेखा, निशान और आकृतियां बनी होती है जिनका हस्तरेखा शास्त्र में विशेष महत्व बताया गया है मान्यता है कि हथेली पर बनने वाली इन रेखाओं और आकृतियों से मनुष्य के आने वाले कल की जानकारी क पता कुछ हद तक लगाया जा सकता है जातक के हाथ में कई तरह की रेखाएं होती है जो शुभ और अशुभ मानी जाती है उन्हीं रेखाओं के द्वारा यह भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है कि जातक के जीवन में कब धन लाभ होगा। तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा हथेली पर धन लाभ से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण रेखाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे हैं तो आइए जानते हैं।

आपको बता दें कि अगर किसी जातक की हथेली पर त्रिकोण की आकृति का निर्माण जीवन रेखा गोलाई से युक्त और मस्तिश्क रेखा दो भागो में बिखरी हो तो ऐसे जातक अपने जीवन में खूब सारा धन कमाते हैं और उसे अचानक धन लाभ की प्राप्ति होती है ऐसे जातक को अपने जीवन में किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है। वही अगर किसी जातक की हथेली पर भाग्य रेखा, मणिबंध रेखा जहां से कलाई शुरू होती है वहां पर बनती है और शनि पर्वत पर बिना काटे शनि पर्वत तक मिलती हो वह जातक बहुत ही भाग्यशाली होता है

ऐसे लोग अपने जीवन में खूब सारा धन लाभ प्राप्त करते हैं और तरक्की भी पाते हैं।

ज्योतिष अनुसार अगर किसी जातक की हथेली भारी और उंगलियां कोमल होती है तो इन जातकों की कुंडली में धनवान बनने के योग होते हैं। ऐसे लोग अपने जीवन में खूब सारा धन कमाते हैं और सफलता भी हासिल करते हैं वही जिस जातक का शनि पर्वत उभर हुआ होता है वह अमीर जरूर बनता है और समाज में खूब मान सम्मान भी हासिल करता है

# क्यों आते हैं सपने और क्या है इनका सटीक अर्थ

सपना हर किसी को आता है और इसका आना एक आम बात है जहां कुछ सपने अच्छे होते हैं और यह सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं तो वही कुछ ऐसे सपने भी होते हैं जो जीवन में नकारात्मकता को भर देते हैं स्वप्नज्योतिषशास्त्र में सपनों के महत्व और इनके प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया है। स्वप्नशास्त्र की मानें तो कभी कभी स्वप्न हमें आने वाले दिनों में घटने वाली घटनाओं के संकेत भी दिखा जाते हैं स्वप्न एक ऐसा रहस्यमय विषय है जिसे सबको रुचि होती है तो आज हम अपने इस लेख में स्वप्न के विषय में बात करेंगे तो आइए जानते हैं।

सपना हर किसी के जीवन का एक अभिन्न अंग है कहते हैं कि सपना मनुष्य को बना भी सकता है और उजाड़ भी सकता है वह उस पर है कि आपने कैसा सपना देखा है स्वप्न की दुनिया अपने आप में ही एक अलौकिक दुनिया है मानव दिमाग में कई तरह के केमिकल होते हैं जो हर दिन और हर रात सक्रिय होते हैं जब भी हमारा छोटा सा दिमाग काम करना शुरू करता है और अक्सर तब तक काम करता है जब मुख्य दिमाग शांत हो या आराम में हो। तब दिमाग ही सब सपने देखता है इन सब सपनो का डायरेक्टर छोटा दिमाग है इसलिए छोटा दिमाग में बहुत शक्तियां है लेकिन मनुष्य को इसका पता नहीं होता है।

मनुष्य के दिमाग का दिखाया गया दृश्य ही सपना कहलाता है और यह सपना और कुछ नहीं मगर बाहर घूम रहे बाहरी किसी के विचारों के वेव्स है और यही वेव्स आपके दिमाग में दृश्य खड़ा कर रहा है और दिख रहा है। वही मनुष्य के विचारों के आंदोलन जब आपके छोटे मस्तिष्क या अवचेतन मन में प्रवेश करता है तो आपको होश नहीं रहता है कभी कीाी ऐसा भी होता है कि जब आपका छोटा दिमाग सबकॉन्सियस मांइड में चला जाता है

तो वह दिमाग आगे की सोचने लगता है ठीक वैसे ही आपको कभी कभी सच सपना भी दिख सकता है उसके लिए आपको पहले रात को सोने से पहले सोते वक्त बहुत गहरी सोच में जाना होगा और इस गहरी सोच में आपको भविष्य सोचना होगा। आप जैसा भविष्य में बनना चाहते हैं वैसा ही भविष्य देखने की कोशिश करनी है रोजान रात को यह कोशिश करेंगे तो आप अपना भविष्य भी सपने में देख सकते है।

# न्यासा देवगन ने इस तरह किया अपना ट्रांसफॉर्मेशन



**एक्टर अजय देवगन** और काजोल की बेटी न्यासा देवगन इन दिनों जमकर चर्चा में बनी हुई हैं. पिछले महीने बॉलीवुड में कई सारी दिवाली पार्टी हुई जिसमें न्यासा देवगन हर जगह पर छाई रहीं. न्यासा देवगन ने अपने नए और बोल्ड लुक से हर दिल में अपनी खास जगह बना ली है. बता दें न्यासा देवगन इन दिनों अपनी पढ़ाई कर रही हैं और वो आने वाले सालों में बॉलीवुड में आएंगी या नहीं इसपर अभी तक कोई खबर नहीं है. लेकिन नीसा का ट्रांसफॉर्मेशन फैंस को लगातार हैरान कर रहा है, उनका हालिया वायरल हुई फोटोज देखकर फैंस को लगा का उन्होंने जरूर कोई सर्जरी करवाई होगी. नीसा का ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस भी उनकी इस खूबसूरती के पीछे का राज जानना चाहते हैं और अब पता चल गया है कि इसका सच क्या है.

काजोल की बेटी न्यासा देवगन अब काफी ग्लैमरस हो गई है. न्यासा बीते कुछ सालों में काफी बदल गई है. अपने ट्रांसफोर्मेशन को लेकर काफी समय से वो चर्चा में है. न्यासा बेहद बोल्ड और खूबसूरत हो गई हैं. ऐसे में अपनी बेटी के नए लुक पर एक्ट्रेस काजोल ने खुलकर बात की. डीएनए इंडिया' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, काजोल ने खुलासा किया कि वह न्यासा से ब्यूटी टिप्स लेना पसंद करती हैं, क्योंकि न्यासा इसमें एक्सपर्ट है.

अपनी बेटी के बारे में काजोल ने आगे बताया कि वह जिम नहीं बल्कि योग पर फोकस करती हैं. इसके अलावा वह सुबह उठकर खाली पेट 2 से 3 गिलास गर्म पानी पीती हैं. इसके अलावा वह ओटमील, फ्रूट्स और उबले हुए अंडे खाती हैं. लंच में नीसा इबली हुई सब्जियां, फलियां, ग्रीन सलाद और रोटी खाना पसंद करती हैं. इसके अलावा वह डिनर में दाल-रोटी, सब्जी और सलाद खाती हैं. बता दें कि नीसा देवगन ने भले ही फिल्मों में डेब्यू न किया हो, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है. हाल ही में नीसा कुछ इवेंट्स में नजर आई थीं, जिसके बाद से ही उनकी चर्चा हर तरफ हो रही है, अब फैंस को इंतजार है तो बस नीसा के सिनेमाई डेब्यू का।

# तो क्या शादी करने जा रही हैं तमन्ना ?



## सोशल मीडिया पर दिखाया होने वाले पति का चेहरा

साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी शादी को लेकर भी खासी चर्चा में हैं और लगातार फैंस और साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें आ रही हैं कि एक्ट्रेस बहुत ही जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं. तमन्ना की शादी की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. 'बाहुबली' एक्ट्रेस को लेकर खबरें है कि वो एक बिजेनसमैन संग सात फेरे लेने वाली है. हालांकि अभी तक किसी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है, ऐसे में अब एक्ट्रेस ने खुद इस पर चुप्पी तोड़ी है. दरअसल अपनी शादी की खबरें सुनकर एक्ट्रेस इतनी अधिक परेशान हो गई कि उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर अपने पति का चेहरा दिखा दिया है. ऐसी खबरें है कि तमन्ना भाटिया बहुत जल्द मुंबई बेस्ड एक बिजनेसमैन से शादी करने वाली हैं. इसपर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो पोस्ट किया है. इसमें उन्होंने अपने होने वाले पति से सबको मिलवाया है. वीडियो में वो खुद एक आदमी के गेटअप में दिख रही है. उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, 'ये है मेरा बिजनेसमैन पति.' साथ ही उन्होंने हैशटैग शादी की अफवाह और सभी मेरी लाइफ की स्क्रिप्ट लिख रहे है का इस्तेमाल किया है. खास बात ये है कि एक्ट्रेस ने इस वीडियो में मशहूर स्टार फोटोग्राफर विरल भियानी को टैग किया है. तमन्ना की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो जल्द सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ फिल्म भोला शंकर में नजर आएंगी. इसके अलावा वह 'गुरगुंडा सीता कलम' और मलयालम फिल्म 'बांद्रा' में भी नजर आने वाली हैं।. बता दें कि हाल ही में वह बॉलीवुड फिल्म 'बब्ली बाउंसर' में दिखी थीं. फिल्म को सीधा ओटीटी पर रिलीज किया गया था।

# पहले शिल्पा शेट्टी ने पपराजी को दिए मस्ती भरे पोज़ फिर बोलीं- अब मुह में घुसकर फोटो लोगे क्या?

**शिल्पा शेट्टी** का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रहा है. शिल्पा शेट्टी की तस्वीरें लोग पसंद करते हैं. साथ ही वे जब भी कैमरे के सामने आती हैं तो कुछ ऐसा दिलचस्प जरूर करती हैं कि वो चर्चा में आ जाती हैं. शिल्पा पैपराज़ी की पसंदीदा हैं क्योंकि वह कैमरे के सामने उस तरह से पोज़ देती हैं जैसा वे चाहते हैं. इस लेटेस्ट वीडियो में शिल्पा ने पैपराजी को कुछ ऐसा कहा कि यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है.शिल्पा इस वीडियो में कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं. इस वीडियो में शिल्पा अपनी कार की तरफ जाती नजर आ रही हैं. जैसे ही वह कैमरे के सामने आती हैं पैपराजी उन्हें पोज देने के लिए कहते हैं और यह सुनते ही वह फनी पोज देने लगती हैं. हालांकि ये पैपराजी कार के गेट तक उनका पीछा करते हैं, जिसके बाद उन्हें कहना पड़ता है- क्या मुंह में घुसकर फोटो खींचोगे?

हालांकि, शिल्पा ने इसका जवाब फनी अंदाज में दिया है, लेकिन लोग इस वीडियो पर काफी नेगेटिव कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं. ज्यादातर लोगों को लगता है कि शिल्पा का एटिट्यूड दिख रहा है. वहीं, कुछ लोग अपनी फिटनेस से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं. हालांकि कुछ फैंस ने शिल्पा के रवैये की आलोचना करने वालों को जवाब भी दिया है. उन्होंने कहा है- उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह बात कही है, हर बार लोग बिना वजह ही दिक्कत पैदा कर देते हैं, अगर वह असभ्य हैं तो उन्हें इतनी अहमियत क्यों दी जाती है?



## एली एवराम ने ऑफ शॉल्डर ड्रेस में दिखाई अपनी हॉट बॉडी, फैंस ने कहा 'ये भी क्यों पहना'



बुधवार रात मुंबई में ऐले अवॉर्ड्स 2022 का आगाज हुआ था जिसमें कई सारे बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की थी. इसमें दीपिका पादुकोण, जान्हवी कपूर, कार्तिक आर्यन और कृति सेनन सहित कई अन्य सेलेब्स एले ब्यूटी अवाड्र्स 2022 में नजर आए. वहीं, इसमें मसाबा गुप्ता, एली अवराम, नरगिस फाखरी, शारवरी वाघ, तेजस्वी प्रकाश, रिताभरी चक्रवर्ती, खुशाली कुमार और तनिष्क बागची भी दिखे थे. ऐसे में जब ऐले अवॉर्ड्स 2022 में बॉलीवुड एक्ट्रेस एली एवराम ने जब एंट्री ली तो हर किसी के होश फाख्ता हो गए.

एली एवराम ने इस बार ऐले अवॉर्ड्स 2022 में अपने हुस्न का ऐसा जलवा दिखाया जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया. अपने फैशन को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाली एली एवराम ने एक बार फिर सबको हैरान कर दिया है. एली की एंट्री ने हर किसी को चौंका दिया और उनके अंदाज ने तो मानों रात में दिन कर दिया है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के चाहने वाले उनकी तारीफ कर रहे तो वहीं, कई यूजर्स को उनका ये फैशन समझ नहीं आया.

इस अवॉर्ड्स फंक्शन में एली बेहद अतरंगी ड्रेस में नजर आई और व्हाइट कलर की इस ऑफ शॉल्डर ड्रेस में एली का बोल्ड अंदाज हर किसी के दिल में उतर गया. हालांकि एली का ये अवतार देखकर हर किसी को उर्फी की याद आ रहा है. बता दें कि एली को आपने कुछ सालों पहले कपिल की फिल्म में देखा था और इसके बाद उन्होंनेसाउथ एक्टर धनुष के साथ फिल्म 'वाथी' में नजर आईं थी. हालांकि सालों से वो बड़े पर्दे से दूर हैं लेकिन उनका फैशन हर का जुंबा पर चढ़ा हुआ है.

# ऐले अवॉर्ड 2022 में लगा सितारों को मेला:दीपिका पादुकोण, जान्हवी कपूर, कार्तिक आर्यन पहुंचे



बुधवार की रात मुंबई में ऐले इंडिया ब्यूटी अवॉर्ड 2022 का आगाज हुआ। इस अवार्ड फंक्शन में फिल्म से लेकर टीवी इंडस्ट्री की एक से बढ़कर एक हस्तियां शामिल हुई। जिसके कई वीडियोज सामने आए है।

व्हाइट ड्रेस में पहुंचीं दीपिका पादुकोण

ऐले इंडिया ब्यूटी अवॉर्ड्स 2022 फंक्शन में बॉलीवुड दिवा दीपिका पादुकोण ने भी शिरकत की, इस दौरान दीपिका व्हाइट टॉप और स्कर्ट में नजर आईं, जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

शिमरी ड्रेस में दिखीं जान्हवी कपूर

फंक्शन में जान्हवी कपूर का मरमेड अवतार नजर आया। एक्ट्रेस ने ब्लू शिमरी बॉडीकॉन गाउन पहना था और प्रिंसेज स्टाइल में हैंड ग्लव्स कैरी किए थे। इस ड्रेस में जाहनवी भी काफी सुन्दर लग रही थीं।

कार्तिन आर्यन भी लगे बेहद हैंडसम

भूल भुलैया-2 एक्टर कार्तिक आर्यन भी अवॉर्ड फंक्शन में पहुंचे थे। इस दौरान एक्टर ने ग्रीन सूट पहना था। कार्तिक इस लुक में बेहद हैंडसम लग रहे थे। उनके इस लुक की फैंस काफी तारीफ कर रहे हैं।

कृति सेनन

कृति सेनन रॉयल ब्लू कटआउट ड्रेस में नजर आईं। फैंस ने कृति के इस लुक को काफी पसंद किया और खूब तारीफ भी की।

हिना खान

ब्यूटी अवॉर्ड्स की बात हो, और हिना खान का नाम ना हो। ऐसा तो नहीं हो सकता। इस अवॉर्ड्स शो में हिना खान भी पहुंची और हमेशा की तरह इस बार भी उन्होंने महफिल लूट ली। ग्रीन फ्लेयर्ड गाउन में हिना बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इनके अलावा एली अवराम, तेजस्वी प्रकाश, सई ताम्हणकर, राजकुमार राव समेत कई सेलेब्स स्टाइलिश लुक में दिखाई दिए।

# उर्वशी रौतेला ने बताई आरपी की सच्चाई

## प्रमोशनल वीडियो में कहा- आरपी मतलब रैपिड पेस, ट्रोलर्स ने कहा -आरपी मतलब सिर्फ ऋषभ पंत

उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकांउट के जरिए अपने फैंस को आरपी का सही मतलब समझाया है। उर्वशी ने एक गेमिंग एप का प्रमोशन करते हुए आरपी का मतलब रैपिड पेस बताया है। हालांकि सोशल मीडिया यूजर्स उर्वशी की इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं। फैंस हमेशा से ये अनुमान लगाते हैं कि उर्वशी ने आरपी वर्ड क्रिकेटर ऋषभ पंत के लिए यूज किया था लेकिन इस मामले में उर्वशी का अब कुछ और ही कहना है। उर्वशी आरपी के नाम पर अब फिर से ट्रोल होने लगी हैं। ट्रोलर्स का कहना है कि आरपी का सिर्फ एक ही मतलब होता है और वो है ऋषभ पंत।



उर्वशी रौतेला पिछले कई महीनों से अपने आरपी वाले कमेंट को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उर्वशी के आरपी वाले कमेंट को ऋषभ पंत से जोड़कर देखते हैं। हालांकि उर्वशी इस बात को हमेशा से खारिज करती आई हैं।

अब हाल ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक प्रमोशनल वीडियो शेयर किया है। वीडियो की शुरुआत में उर्वशी ने कहा- ₹आरपी मतलब रैपिड पेस।₹ हालांकि सोशल मीडिया यूजर्स ने इस बात पर उर्वशी को ट्रोल करना शुरू कर दिया है।

सोशल मीडिया यूजर्स ने उर्वशी को ट्रोल करते हुए लिखा- ₹नहीं नहीं आरपी का मतलब ऋषभ पंत भैया वहीं एक ने लिखा- आरपी का मतलब छोटू भैया। एक यूजर ने लिखा- आरपी का मतलब ऋषभ पंत ही होता है। उर्वशी के वीडियो पर ऐसे ही तमाम कमेंट्स देखने को मिल रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि उर्वशी बार बार आरपी वर्ड का इस्तेमाल अपनी पब्लिसिटी के लिए करती हैं।

### क्या है आरपी विवाद

उर्वशी रौतेला ने कुछ दिनो पहले एक इंटरव्यू में आरपी वर्ड का इस्तेमाल किया था। उर्वशी ने कहा था कि वो एक शूट के सिलसिले में दिल्ली गई थीं तो कि किसी आरपी नाम के शख्स ने उनका एक होटल में पूरी रात इंतजार किया था।

लोगों का मानना था कि ये आरपी कोई और नहीं बल्कि क्रिकेटर ऋषभ पंत थे। हालांकि ऋषभ पंत ने अपने सोशल मीडिया पर बिना किसी का नाम उर्वशी को उनका पीछा छोड़ने की बात कही थी। इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर काफी नोकझोंक हुई थी।

# जान्हवी ने हाउस टूर कराते हुए श्रीदेवी को किया याद : कहा- मां कभी भी बाथरूम में लॉक लगाने की इजाजत नहीं देती थीं

जान्हवी कपूर ने हाल ही में फैंस को अपने चेन्नई स्थित घर का हाउस टूर कराया। इस दौरान उन्होंने घर से जुड़ी तमाम यादों को अपने फैंस के साथ शेयर किया। जान्हवी ने इस दौरान बताया कि जब उनकी मां श्रीदेवी जीवित थी तो उन्हें कभी भी बाथरूम में लॉक लगाने की परमिशन नहीं देती थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगता था कि जान्हवी बाथरूम में जाकर लड़को से बात करने लगेंगी। जान्हवी का कहना है कि इस घर को उनकी मां श्रीदेवी ने बड़े प्यार से खरीदा और संजोया था। जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने फैंस को चेन्नई वाले घर का दीदार कराया। ये घर दिवंगत एक्ट्रेस और जान्हवी की मां श्रीदेवी ने खरीदा था। श्रीदेवी ने इस घर को काफी प्यार से संजोया था। जान्हवी का कहना है कि उनकी मां श्रीदेवी ने दुनिया भर में ट्रेवल करके जो भी सामान खरीदा था वो सब इस घर को



सजाने में लगा दिया। जान्हवी का कहना है कि जब 2018 में उनकी मां का निधन हो गया तो उन्होंने इस घर को उनकी याद में ऐसे ही रहने दिया जैसा श्रीदेवी छोड़ के गईं थीं। फैमिली का ये भी कहना है कि वो कभी भी घर के चीजों से छेड़छाड़ नहीं करते।

जान्हवी ने इस घर से जुड़ी यादों को शेयर करते हुए कहा- ₹इस घर के बारे में यादों के अलावा एक चीज जो मुझे पसंद है वो ये है कि इसमें बहुत सारी चीजें ऐसी हैं जो पुरानी हैं। इसके अलावा मेरे कमरे के बाथरुम में आज भी लॉक नहीं है क्योंकि मेरी मां नहीं चाहती थी कि मैं बाथरुम में लॉक लगा के रहूं। उन्हें लगता था कि मैं लॉक लगाकर लड़को से बात करने लगूंगी।जान्हवी को हाल ही में फिल्म मिली में देखा गया था, अब वह नितेश तिवारी की बवाल में वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म अगले साल अप्रैल में रिलीज होगी। इसके अलावा जान्हवी राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएंगी, फिल्म में जान्हवी एक क्रिकेटर की भूमिका में दिखेंगी।



## करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे इब्राहिम

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान जल्द बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक इब्राहिम को करण जौहर इंडस्ट्री में लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं। कहा ये भी जा रहा है कि उनकी डेब्यू फिल्म 2023 में रिलीज हो सकती है, जिसको बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी डायरेक्ट करेंगे। इस फिल्म की कहानी डिफेंस फोर्स के इर्द गिर्द होगी और इसे करण जौहर प्रोड्यूस करेंगे। हालांकि अभी तक फिल्म को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। लेकिन माना जा रहा है कि फिल्म बड़े बजट की होगी और इसमें इब्राहिम का अहम किरदार होगा।





# प्रकाश राज के साथ काम नहीं करना चाहते बहुत से लोग

## एक्टर बोले- वो देश की राजनीति से डरे हुए हैं



**भारतीय सिनेमा** के दिग्गज एक्टर प्रकाश राज इन दिनों ओटीटी पर 'मुखबरि' वेब सीरीज में नजर आ रहे हैं। प्रकाश राज ने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उनकी राजनीतिक विचारधारा के कारण बहुत से लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते। ऐसा इसलिए कि उन्हें डर है कि 'कोई खास है' जो उनसे नाराज हो जाएगा।

प्रकाश राज जितने बेहतरीन एक्टर हैं, उससे कहीं अधकि संजीदा इंसान भी। वह इंडस्ट्री के उन चुनिंदा लोगों में शुमार हैं, जो राजनीतिक मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय रखने में जरा भी नहीं हिचकते। ट्विटर पर उनकी इस कारण भी एक तगड़ी फैन फॉलोइंग है। प्रकाश राज इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर वेब सीरीज 'मुखबरि' में नजर आ रहे हैं। एक्टर ने अब एक बातचीत में खुलासा किया है कि इंडस्ट्री में बहुत से लोग उनके साथ काम करने से डरते हैं। प्रकाश कहते हैं कि उनके राजनीतिक विचार का असर अब उनके काम और इंडस्ट्री में उनके संबंधों पर होने लगा है।

प्रकाश ने कहा, 'मेरा काम और मेरे रिश्ते मेरी पॉलिटिकल आइडियोलॉजी के कारण अब प्रभावित हो रही है। कुछ लोग अब मेरे साथ काम नहीं करना चाहते। इसलिए नहीं कि उन्हें किसी ने रोका है, बल्कि इसलिए कि उन्हें डर है कि 'वो' लोग इससे खुश नहीं होंगे। हालांकि, मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। मैं इतना ताकतवर और इतना पैसे वाला तो हूं कि इतना झेल सकता हूं। मुझे हमेशा से यह लगता है कि मेरी कमजोरी किसी की ताकत बन सकती है।'

प्रकाश राज अक्सर सत्ता विरोधी ट्वीट करते हैं। वह केंद्र सरकार के आलोचकों में से हैं। प्रकाश कहते हैं, 'मुझे इस पर कोई पछतावा नहीं है। मुझे पता है कि कौन क्या है। मैं आज खुद को अधकि स्वतंत्र महसूस करता हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि अगर मैंने अपनी आवाज नहीं उठाई होती तो मैं सिर्फ एक अच्छे एक्टर के तौर पर ही मर जाता।

लोग मुझे तब सिर्फ मेरे रोल्स के लिए जानते, न कि मैं कैसा इंसान हूं इस कारण। हां, यह सब करने के लिए आपको बहुत कुछ भुगतना भी पड़ता है और मैं इसका खामियाजा उठाने के लिए तैयार हूं।'

### 'सब शांत हैं, मुंह नहीं खोलना चाहते'

प्रकाश राज कहते हैं कि इंडस्ट्री में बहुत से लोग हैं, जो मुंह नहीं खोलना चाहते, लेकिन वह उन्हें उनसे कोई दुख नहीं है। प्रकाश कहते हैं, 'बहुत से एक्टर्स अभी शांत हैं। मैं उन्हें कोई दोष नहीं दे रहा।' प्रकाश राज की वेब सीरीज 'मुखबिर' एक स्पाई थ्रलिर है। इसमें उनके साथ जैन खान दुर्रानी और आदिल हुसैन लीड रोल में हैं। प्रकाश इससे पहले मणरित्नम की हालिया रिलीज 'पोनियिन सेल्वन-1' में नजर आए रहे। यह साल 2022 की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है।

# विवादों में फंसी सुनील शेट्टी-अनुराग कश्यप की फिल्म

## बिजनेसमैन मेहुल चोकसी ने भेजा मेकर्स को नोटिस, माफी मांगने की डिमांड



**सुनील शेट्टी और** अनुराग कश्यप स्टारर फिल्म 'फाइल नंबर 323' विवादों में फंसती नजर आ रही है। दरअसल कार्तिक. के जल्द ही भारतीय भगोड़ों को लेकर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी जैसे दिग्गज बिजनेसमैन्स द्वारा किए गए रियल लाइफ स्कैम्स पर आधारित होगी। अब बिजनसमैन मेहुल चोकसी ने इस फिल्म को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने मेकर्स के खिलाफ नोटिस जारी कर माफी मांगने की डिमांड की है। मेहुल चोकसी ने इस नोटिस के जरिए कहा कि 'फाइल नंबर 323' के जरिए उनकी इमेज को गलत तरीके से दिखाने की कोशिश की गई है। उन्होंने फिल्म के प्रोड्यूसर्स कलोल दास, पार्थ रावल, डायरेक्टर कार्तिक के और फिल्म मेकिंग में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी नोटिस जारी किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की मेकिंग को रोकने की गुजारिश भी की है।

इस नोटिस का जल्द ही कानूनी जवाब देंगे मेकर्स

मेकर्स का भी कहना है कि वो इस नोटिस का जल्द ही कानूनी जवाब देंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया है कि ये फिल्म किसी की बायोपिक नहीं है। उन्होंने कहा वो उन लोगों के बारे में कहानी बताने जा रहे हैं, जो इंडिया में आम लोगों के खिलाफ आर्थिक अपराधों में शामिल हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वो सिर्फ पब्लिक डोमेन में मौजूद जानकारियों पर फिल्म बना रहे हैं।

### 2023 में रिलीज होगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक फिल्म 'फाइल नंबर 323' की शूटिंग 20 नवंबर से मुंबई में शुरू होगी। इसके अलावा फिल्म की शूटिंग UK सहित विभिन्न यूरोपीय देशों में होगी। फिल्म में नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के किरदारों के लिए भी कुछ चर्चित नाम तलाशे जा रहे हैं। इस फिल्म को अगले साल यानी 2023 में रिलीज करने की प्लानिंग है।

# शेफाली शाह प्रभाव से ज्यादा कमजोरियों को मानती हैं ताकतवर



शेफाली शाह बैक-टू-बैक रिलीज़ के बाद एक बहुत ही सफल साल का आनंद ले रही हैं और उसी के लिए उन्हें अवाड्र्स से भी नवाजा गया है। जलसा, ह्यूमन और डार्लिंग्स में शानदार प्रदर्शन देने के बाद, अभिनेत्री ने दिल्ली क्राइम 2 में एक और शानदार प्रदर्शन दर्ज कराइ है। ऐसे में शाह को एले इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

सब्यसाची द्वारा पर्सनली डिज़ाइन किया गया एक सुंदर गुलाबी पारंपरिक पोशाक पहने हुए, शाह बेहद खूबसूरत और रॉयल लग रही हैं। अवॉर्ड और शब्द 'इम्पैक्ट' के बारे में बात करने के लिए पूछे जाने पर अभिनेत्री ने कहा, शब्द इम्पैक्ट असल में मजबूत और शक्तिशाली लगता है, लेकिन मेरे लिए, अभिनय का मतलब है कि मैं अपनी सभी कमजोरियों को हर उस रूप में व्यक्त करने और दिखाने में कामयाब रहूं, जो मैं कर सकती थी। और मुझे लगता है कि लोग इससे जुड़ पाए हैं और मुझे लगता है कि वे मुझे पसंद करते हैं। मैं इम्पैक्ट को एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली शब्द के रूप में नहीं देखती क्योंकि मैं असल में मानती हूं कि भेद्यता में बहुत ताकत होती है।

हाल ही में अभिनेत्री ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ मेलबर्न 2022 में बेस्ट एक्टर (महिला) का अवॉर्ड भी जीता। शेफाली शाह एक शानदार कलाकार हैं और हाल ही में रिलीज़ हुई 'डार्लिंग्स' में अपने प्रदर्शन के लिए दर्शकों और आलोचकों से बहुत प्यार बटोर रही हैं।

इसके अलावा, दर्शक उन्हें दिल्ली क्राइम के दूसरे सीजन के साथ वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो 26 अगस्त को रिलीज होने के लिए तैयार है। काम के मोर्चे पर, दिल्ली क्राइम 2 के अलावा, अभिनेत्री को आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह के साथ डॉक्टर जी में भी देखी गयी थीं।

# सनी कौशल ने भाभी कैटरीना कैफ को बताया 'एक डीपली स्पिरिचुअल पर्सन'



अभिनेता सनी कौशल ने अपनी भाभी, कैटरीना कैफ की प्रशंसा की और खुलासा किया कि, वह एक स्पिरिचुअल पर्सन' हैं। एक इंटरव्यू में सनी ने कहा कि, जब उन्होंने कैटरीना कैफ से बात करना शुरू किया, तो उन्हें एक अलग नजरिया मिला। सनी और विक्की एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल और उनकी पत्नी वीना कौशल के बच्चे हैं। विक्की ने कैटरीना कैफ के साथ पिछले साल दिसंबर में राजस्थान में शादी की थी। मिडिया से बात करते हुए सनी ने कटरीना के बारे में कहा कि, 'वो बहुत ही स्पिरिचुअल इंसान हैं। उन्हें स्पिरिचुअल बातें करना अच्छा लगता है और मुझे भी। तो, हमारे पास कुछ बहुत ही दिलचस्प बातचीत हैं। जब से मैंने उससे इन सभी चीजों के बारे में बात करना शुरू किया है, मैंने उनके बारे में एक अलग नज़रिया बना लिया है। लेकिन दूसरी तरफ, मुझे उसके साथ मस्ती मजाक करना भी अच्छा लगता है।"

सनी को हाल ही में सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'मिली' में जान्हवी कपूर के साथ देखा गया था। मथुकुट्टी जेवियर द्वारा निर्देशित फिल्म में मनोज पाहवा भी हैं।

कैटरीना को हाल ही में एक हॉरर कॉमेडी फिल्म 'फोन भूत' में ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ देखा गया था। वह सलमान खान के साथ एक एक्शन थ्रिलर फिल्म 'टाइगर 3' में भी दिखाई देंगी, जो 2023 की दिवाली पर सिनेमाघरों में हिट होने के लिए तैयार है।

# अल्लू अर्जुन के फैंस सड़कों पर उतरे : हाथों में पोस्टर, बैनर लेकर पुष्पा 2 के अपडेट की मांग की




**अल्लू अर्जुन** के फैंस हाल ही में सड़कों पर बैनर लिए दिखाई दिए। फैंस अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 पर अपडेट की मांग कर रहे हैं। पिछले महीने ये खबर आई थी कि अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 2 की शूटिंग शुरू कर दी है लेकिन फैंस के लिए फिल्म का इंतजार करना अब मुश्किल हो रहा है। अब सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें फैंस अपने हाथों में पोस्टर बैनर लिए पुष्पा 2 के अपडेट की मांग कर रहे हैं।

ट्रेड एनालिस्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें अल्लू अर्जुन के फैंस अपने हाथ में बैनर लिए खड़े दिख रहे हैं। बैनर पर लिखा हुआ है- हम पुष्पा 2 के अपडेट की मांग करते हैं। कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल और यूएई जैसे जगहों पर फैंस ने सड़क पर उतरकर पुष्पा 2 के अपडेट की मांग कर रहे हैं। रमेश बाला ने तस्वीर के साथ कैप्शन भी लिखते हुए कहा - पुष्पा द राइज की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन के बैचेन फैंस सड़कों पर उतर आए हैं और फिल्म के सीक्वल पर अपडेट मांग रहे हैं। फैंस का ऐसा जोश शायद पहले कभी नहीं देखा गया है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि पुष्पा 2 अगले साल तक थिएटर्स में आ जाएगी। आडियंस को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। कुछ दिनों पहले ऑरमैक्स द्वारा जारी एक लिस्ट में पुष्पा 2 ने 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में सबसे ऊपर अपनी जगह बनाई है। फिल्म का बजट करीब 450 करोड़ बताया जा रहा है।

# ऊफ्फ तेरी अदा! ब्लैक ब्रालेट में माहिरा शर्मा ने बिखेरा हुस्न का जलवा



एक्ट्रेस और बिग बॉस 13 फेम माहिरा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। माहिरा की ड्रेसिंग सेंस इतनी कमाल की है कि वह कोई भी आउटफिट कैरी करें उसमें कहर ही ढाती हैं। हाल ही में माहिरा ने इंस्टा पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो इस समय चर्चा का विषय हैं। शेयर की इन तस्वीरों में माहिरा ब्लैक कलर नेट ब्रालेट और ब्लू डेनिम में नजर आ रही हैं। मिनिमल मेकअप, ब्राउन लिपस्टिक माहिरा के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो माहिरा ने सॉफ्ट कर्ल करते हुए बालों को ओपन रखा है।

# बेला हदीद ने मल्टीप्रिंट आउटफिट में ढाया कहर

**हॉलीवुड एक्ट्रेस बेला** हदीद अक्सर अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जिसे देख फैंस की रातों की नींद उड़ जाती है। अब हाल ही में बेला ने एक बार फिर अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में बेला हदीद मल्टीप्रिंट आउटफिट में नजर आ रही



हैं। इस ड्रेस के साथ मैचिंग एक्ट्रेस ने बालों पर स्कार्फ भी टाइ किया हुआ है। इस लुक को उन्होंने हाथों में बड़े-बड़े कंगन और कानों में इयररिंग्स के साथ कंप्लीट किया है। अपने लुक को से फैंस को इम्प्रेस करते हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने जबरदस्त पोज दे रही हैं। बता दें बेला हदीद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 56.3M फॉलोअर्स हैं, जो एक्ट्रेस की तस्वीरें और वीडियोज पर खूब प्यार लुटाते हैं।

# अपने ब्रांड की कीमत पर बुरी ट्रोल हुईं दीपिका, लोग बोले- इतने में महीनेभर का राशन ले आते हैं

**बॉलीवुड एक्ट्रेस** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपना खुदका ब्रांड लॉन्च किया है। उन्होंने लॉन्च इवेंट पर अपने प्रोडक्ट की खासियत भी बताई लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स को ये नहीं भाया। लोगों ने इसके दाम को लेकर बखेड़ा खड़ा कर दिया और दीपिका बुरी तरह ट्रोल हुईं।

ग्लोबल इंडियन आइकन दीपिका पादुकोण ने 'अश्वगंधा बाउंस' मॉइस्चराइज़र और 'पचौली ग्लो' सनस्क्रीन ड्रॉप्स पेश किया, जो उनके हाल ही में लॉन्च किए गए सेल्फ-केयर ब्रांड, 82°E के लॉन्च प्रोडक्ट्स हैं। ब्रांड की फिलोसॉफी के तहत इन प्रोडक्ट्स को स्किन की देखभाल को एक सरल, प्रभावी और सेल्फ केयर रिचुअल बनाने के लिए बनाया गया है। 82°E एक मॉडर्न महिला के रूप में दीपिका पादुकोण के सफर और एक्सपीरिएंस का विस्तार है, जो पूरी तरह से भारतीय हैं लेकिन एक ग्लोबल अपरोच रखती हैं। दीपिका ने ये प्रोडक्ट तो लॉन्च कर दिया है लेकिन इसके बाद वो बहुत बड़े पचड़े में फंस गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस और नेटिजन्स उन्हें इतने महंगे प्रोडक्ट रखने के लिए बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं। वो यही कह रहे हैं कि इतना महंगा कोई नहीं खरीद सकता।

अपने प्रोडक्ट्स की लॉन्च पर



दीपिका पादुकोण कहती हैं, 'मेरी स्किनकेयर रूटीन मेरी सेल्फ-केयर रिचुअल्स का एक हिस्सा रहा है। मैंने हमेशा ऐसे प्रोडक्ट्स से अपनी पहचान बनाई है जो मुझे अपने इन नियमों को फॉलो करने में सरल और प्रभावी रखने में सक्षम बनाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने अपने ब्रांड के पहले दो प्रोडक्ट्स लॉन्च किए है। अश्वगंधा बाउंस के साथ एक रिच लेकिन लाइट वेट मॉइस्चराइजर और एसपीएफ़ 40 के साथ पैचौली ग्लो सनस्क्रीन के साथ मैं स्किन केयर को सरल बनाने के अपने व्यू को जीवन में लाने में सक्षम हूं और स्वस्थ, चमकती स्किन हासिल करने के लिए अपने खुच के रूटीन का एक हिस्सा शेयर करती हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'हमने पिछले दो साल प्रीमियम, हाई परफॉर्मेंस वाले स्किनकेयर प्रोडक्ट्स को तैयार करने में बिताए हैं जो पावरफुल सांइटिफिट कंपाउंड के साथ अच्छी तरह टेस्ट किए गए इंडियन इंग्रेडिएंट्स को मिलाते हैं। ये प्रोडक्ट्स इस्तेमाल में आसान और सेंसेटिव स्किन सहित हर तरह की स्किन को सूट करता है। हम उम्मीद करते हैं कि स्किनकेयर प्रैक्टिस को सभी के लिए बनाया जाए।'

### यूजर्स को नहीं भाया रेट

इसके प्राइस के बारे में बात करते हुए सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि अश्वगंधा और सोडियम हाइलूरोनेट के साथ मॉइस्चराइजर की कीमत 2,700 रुपये है, जबकि आप पैचौली और सिरामाइड्स से पौष्टिक सनस्क्रीन बूंदों को 1,800 रुपये में खरीद सकते हैं। लॉन्च का जश्न मनाने के लिए पहले 82 घंटों के दौरान सभी के लिए एक खास इंट्रोडक्टरी ऑफर है। कुछ ने तो ये भी कहा कि इतने में महीने भर का राशन ले आएंगे।



# बैंक पहुंचने वाले ग्राहकों को हो सकती है परेशानी, जानें क्या है कारण?

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का कामकाज शनिवार यानी 19 नवंबर के दिन प्रभावित हो सकता है क्योंकि बैंक यूनियन एआईबीईए ने नौकरियों की लगातार आउटसोर्सिंग का विरोध करने के लिए शनिवार को हड़ताल का आह्वान कर दिया है। हालांकि बैंक अधिकारी इस हड़ताल का हिस्सा नहीं होंगे पर अन्य बैंक कर्मियों के हड़ताल पर जाने से बैंक शाखाओं पर नकद जमा, निकासी और चेक के समाशोधन आदि से जुड़े कार्य प्रभावित



हो सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब एंड सिंध बैंक सहित कई बैंकों ने पहले ही अपने ग्राहकों को 19 नवंबर की हड़ताल के अमल में आने पर सेवाओं के प्रभावित रहने के बारे में सूचित कर दिया है। पंजाब एंड सिंध बैंक ने गुरुवार को एक नियामक फाइलिंग के दौरान कहा है कि यदि हड़ताल होती है तो बैंक के कर्मचारियों का एक निश्चित वर्ग उक्त तिथि को हड़ताल में शामिल हो सकता है, ऐसी स्थिति में आशंका है कि बैंक की शाखाओं व कार्यालयों में सामान्य कामकाज प्रभावित हो सकता है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा है कि कुछ बैंकों में नौकरियों की आउटसोर्सिंग होने से जहां निचले स्तर पर भर्ती में कमी आई है वहीं ग्राहकों की निजता और उनके पैसे को भी जोखिम में डाला जा रहा है।

# एलपीजी सिलेंडर पर अब होगा क्यूआर कोड

## सरकार की इस पहल से आपको क्या फायदा होगा?

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। आने वाले कुछ दिनों में आपने घर पहुचने वाले एलपीजी सिलेंडर पर भी क्यूआर कोड लगा होगा। सरकार एलपीजी गैस सिलेंडर पर क्यू आर कोड लगाने का फैसला इसलिए लिया है ताकि आपके घर तक सिलेंडर पहुचाने की प्रक्रिया के दौरान वेंडर्स उससे गैस ना निकाल सकें। देश में लगभग 30 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता है, जबकि गैस सिलेंडरों की संख्या करीब 70 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक ग्राहक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के पास हैं। देश में जैसे-जैसे गैस की कीमतों में इजाफा हो रहा है, सिलेंडरों से अवैध तरीके से गैस निकालने के मामले भी बढ़ रहे हैं। इसी पर लगाम लगाने केलिए सरकार ने सिलेंडरों को क्यूआर कोडयुक्त करने का फैसला लिया है। क्यूआर कोड युक्त सिलेंडर होने से



उपभोक्ताओं को गैस की चोरी होने की स्थिति में मदद मिलेगी। दरअसल, क्यूआर कोड की मदद से उनके सिलेंडर को ट्रैक किया जा सकेगा, जिससे सिलेंडर वितरण की प्रक्रिया के दौरान गैस चोरी करने वालों की पहचान हो सकेगी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस बात की जानकारी साझा करते हुए कहा है कि सरकार सभी एलपीजी गैस सिलेंडरों को क्यूआर कोड से लैस करने जा रही है। ऐसा होने से गैस सिलेंडरों की ट्रैकिंग आसान होगी और गैस चोरी करने वालों को पकड़ा जा सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो ये क्यूआर कोड बिल्कुल उसी तरह से काम करेगा, जैसे एक मनुष्य के लिए आधार कार्ड काम करता है। सरकार के इस फैसले से आने वाले समय में क्यूआर कोड से लैस हर सिलेंडर की अपनी एक अलग पहचान होगी। विश्व एलपीजी सप्ताह 2022 के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि आने वाले तीन महीनों में सभी एलपीजी गैस सिलेंडरों पर क्यूआर कोड लग जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि फरवरी 2023 से आपके घर पर क्यूआर कोड से लैस सिलेंडर पहुंचेगा। उसके बाद अगर सिलेंडर में गैस चोरी की शिकायत आती है तो क्यू आर कोड होने से अवैध तरीके से सिलेंडर से गैस निकालने वाले की पहचान हो सकेगी।

# ईडी ने पीएमएलए के तहत एक को किया गिरफ्तार, 19 नवंबर तक एजेंसी की हिरासत में भेजा गया

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने कर्नाटक में जमाकर्ताओं को उच्च रिटर्न देने के वादे के साथ बहला-फुसलाकर उनसे भारी धनराशि स्थानांतरित करवाने से संबंधित मामले में मिस्बाहुद्दीन एस नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

उनकी गिरफ्तारी को पीएमएलए के तहत की गई है। गिरफ्तारी के बाद एजेंसी ने उन्हें बेंगलुरु की एक अदालत में पेश किया, जहां कार्ट ने उन्हें 19 नवंबर तक की ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. | 06-20 | बजे |
| चंद्र- | सिंह | में | धनु--- | 08-33 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- | 10-38 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | में | कुंभ - | 12-29 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... | 14-07 | बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | में | मेष-- | 15-43 | बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- | 17-28 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. | 19-29 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क.... | 21-40 | बजे |
| | | | सिंह.... | 23-53 | बजे |
| | | | कन्या.. | 02-03 | बजे |
| | | | तुला | 04-09 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु:हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी **- 09-33** तक उपरान्त दशमी
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष , शुक्रवार **Nov 18**
नक्षत्र - पूर्वफाल्गुनी **- 23 - 07** - तक उपरान्त उ.फाल्गुनी
योग - वैधृति **- 01 - 10** - तक उप- विष्कुंभ
करण- गर - **09 - 33** - तक उप- वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - श्री जाम्भोजी पुण्य दि

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:37 से 12:01 तक**

### श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:26 - 07:48 | शुभ | रोग. | 17:39 - 19:14 | अशुभ |
| लाभ | 07:48 - 09:12 | शुभ | काल. | 19:14 - 20:50 | अशुभ |
| अमृत | 09:12 - 10:37 | शुभ | लाभ. | 20:50 - 22:26 | शुभ |
| काल | 10:37 - 12:01 | अशुभ | उत्पात | 22:26 - 00:01 | अशुभ |
| शुभ | 12:01 - 13:26 | शुभ | शुभ | 00:01 - 01:37 | शुभ |
| रोग | 13:26 - 14:50 | अशुभ | अमृत | 01:37 - 03:13 | शुभ |
| उत्पात | 14:50 - 16:14 | अशुभ | चंचल | 03:13 - 04:49 | शुभ |
| चंचल | 16:14 - 17:36 | शुभ | रोग | 04:49 - 06:26 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आज मेष राशि वालों के लिये समय कुछ खास है। यदि आप रिसर्च के कार्यों से जुड़े हुए हैं तो आज का दिन कुछ खास जाने वाला है, आज कोई नई उपलब्धि या नई दिशा प्राप्त हो सकती है। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके सामने कई ऐसे मौके आयेंगे जिनसे अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज का दिन अच्छा व्यतीत होगा। कई माध्यमों से आज आय प्राप्त होने के संकेत हैं जिससे आप कई छोटे-मोटे कार्य पूर्ण करेंगे। आप जिस ढंग से चाहते हैं काम-काज को आज वैसा ही मोड़ दे पाएंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है तथा दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आज दिन ठीक नहीं है, कोई पुराना रोग आज उभर सकता है। डायबिटीज लोग आज मीठे तथा गरिष्ठ भोजन से परहेज करें। धर्म-करम में मन लगेगा तथा कई धार्मिक पुस्तकें पढने का मौका भी प्राप्त होगा। निजी जीवन में भी कड़वाहट आ सकती है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज दिन आपका महत्वपूर्ण है, सोचे हुए काम बनने लगेंगे। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों से मन प्रसन्न रहेगा। आज शत्रुओं को परास्त करने में सफलता मिल सकती है। घर-परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। नौकरी पेशा व्यक्ति अपनी कार्य-प्रणाली में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रात: से ही कुछ नया करने का उत्साह मन में रहेगा चाहे वह कार्य क्षेत्र में हो या व्यवसाय क्षेत्र में अथवा घर-परिवार में। छोटी यात्राएं आज आपके लिये लाभकारी सिद्ध होंगी।भाग्य आपके साथ है।कोई नया व्यक्ति आर्थिक सहयोग के लिय आज आगे आ सकता है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): दिन कुछ खट्टे-मीठे अनुभवों वाला रहेगा।बेवजह जो गलत फहमियों का विचार मन में चल रहा है दोपहर बाद इन सब बातों से मन हट जायेगा तथा छोटी-मोटी दावत देकर आप उनसे मेल-जोल बढ़ाएंगे।बाहरी शहरों की यात्रा का विचार भी आज मन में आ सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अभी सावधानी बरतें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रात: से ही आत्मविश्वास आज भरपूर बना रहेगा।घर में सुख सुविधा की वस्तुएं खरीद सकते हैं।भाई-बहनों को लेकर मन में उत्साह बना रहेगा।किसी कार्य में सफलता प्राप्त करने से मनोबल बढ़ेगा।यार दोस्तों के साथ आज घूमने फिरने या मौज-मस्ती के लिये मन बना सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समय महत्वपूर्ण बना हुआ है। व्यावसायिक मामलों में प्रगति होने के आसार हैं तथा व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वीता में बुद्धि कौशल का प्रयोग करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आप अपनी सामर्थ्य अनुसार ले सकते हैं।घर-परिवार में सब कुछ अच्छा होते हुए भी कुछ मन-मुटाव से मन परेशान रहेगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्राओं का दबाव बना रह सकता है।यात्रा टालने के लिये आपको कूटनीति अपनानी पड़ेगी।आज के दिन ऋणों का भुगतान करने में आप सक्षम रहेंगे।माता-पिता से आज कुछ अनबन हो सकती है।अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें।नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिये कार्य स्थल पर कूटनीति या षड्यंत्र का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मन आज सुबह से ही मनमौजी रहेगा।आज अधिक से अधिक समय घर पर ही व्यतीत करने का विचार करेंगे।संतान तथा जीवन साथी के साथ घूमने फिरने या मनोरंजन के लिये समय निकालेंगे।जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उनकी पद प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।बड़े भाई के लिये दिन उत्तम रहेगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपकी कार्य करने की क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। आज निर्णय क्षमता में सुधार होगा तथा छोटे-मोटे निर्णय खुद ही कर लेंगे।आत्मविश्वास उच्चकोटि का रहेगा व कोई चुनौती स्वीकार करने में भी पिछे नहीं हटेंगे,मानों कोई ईश्वरीय मदद आपको सहयोग कर रही है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आर्थिक लेन-देन का दबाव आज के दिन आप पर बना रहेगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो स्थितियों में सुधार आयेगा।व्यावसायिक लोगों को आज धन की कमी अखर सकती है तथा नये लोगों को व्यवसाय में जोडने से लाभ प्राप्त होगा।संतान से कोई बड़ा सहयोग भी आपको प्राप्त हो सकता है।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# बाल वेश्यावृत्ति जितनी बुरी है क्रिप्टोकरेंसी, मुंगेर ने इसे बताया धोखाधड़ी व भ्रम का जाल

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिप्टो बाजार में हालिया उथल-पुथल के बारे में बात करते हुए बर्कशायर हैथवे के उपाध्यक्ष चार्ली मुंगेर ने इसकी तुलना बाल वेश्यावृति से की है। मुंगेर ने कहा, जब 'हॉट डील्स' की बात आती है तो कुछ लोग अपनी नैतिकता छोड़कर उस पर टूट पड़ते हैं। एक निश्चित वर्ग को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, फिर चाहे वह बाल वेश्यावृत्ति हो या बिटकॉइन। यदि डील हॉट है तो वे उसे छोड़ना नहीं चाहते। बर्कशायर हैथवे के उपाध्यक्ष चार्ली मुंगेर अपनी बेबाकी के लिए भी जाने जाते हैं। वे शुरू से ही क्रिप्टोकरेंसी के समर्थन में नहीं रहे हैं। वे क्रिप्टो को 'शिट', और क्रिप्टोकरेंसी प्रोमोटर्स को 'स्कम बॉल्स' अथवा मल या गंदगी कहते हैं।'सीएनबीसी के साथ अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में 98 वर्षीय चार्ली मुंगेर ने ये बातें कही हैं।

# नितिन गडकरी ने पश्चिम बंगाल में 1,206 करोड़ रुपये की 3 एनएच परियोजनाओं का किया उद्घाटन

नई दिल्ली 17 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को सिलीगुड़ी में 1,206 करोड़ रुपये की 3 राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उद्घाटन की गई परियोजनाओं में एनएच-31 (ऊदलाबारी) के किमी 615.5 पर लेवल क्रॉसिंग के प्रतिस्थापन में 2-लेन आरओबी शामिल है और एनएच-31 (मयनागुरी) पर 661.100 किमी पर लेवल क्रॉसिंग के बदले अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी और आरओबी को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के कारण दुर्घटनाओं को कम करने और यात्रा के समय और दूरी को कम करने में मदद करेगा। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं के विकास से पश्चिम बंगाल के साथ-साथ भारत के



पूर्वी हिस्सों में औद्योगिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। सिलीगुड़ी में यातायात की भीड़ कम करने के लिए एक प्रमुख प्रोत्साहन देते हुए, एनएच-31 (नया एनएच-10) को 569.258 किमी से 581.030 किमी (शिवमंदिर से सेवक सेना छावनी के पास एनएच-31 पर एएच-02 परियोजना का अंत) तक दोनों तरफ सर्विस सड़कों के साथ 4/6 लेन के विकास के लिए गुरुवार को आधारशिला रखी गई। यह उत्तर पूर्वी भारत और पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, भूटान और बांग्लादेश से कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को सिलीगुड़ी में 1,206 करोड़ रुपये की 3 राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उद्घाटन की गई परियोजनाओं में एनएच-31 (ऊदलाबारी) के किमी 615.5 पर लेवल क्रॉसिंग के प्रतिस्थापन में 2-लेन आरओबी शामिल है और एनएच-31 (मयनागुरी) पर 661.100 किमी पर लेवल क्रॉसिंग के बदले अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी और आरओबी को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के कारण दुर्घटनाओं को कम करने और यात्रा के समय और दूरी को कम करने में मदद करेगा। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं के विकास से पश्चिम बंगाल के साथ-साथ भारत के पूर्वी हिस्सों में औद्योगिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

# ट्विटर के लिए नए नेतृत्व की तलाश में एलन मस्क

## कर्मचारियों को फिर दी चेतावनी, सुनाया ये फरमान

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क अब माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के लिए नए नेतृत्व की तलाश में लग गए हैं। मस्क को ऐसे नेतृत्व की तलाश है जो इसकी जिम्मेदारी सही ढंग से निभा सके। मस्क जल्द से जल्द ट्विटर की व्यवस्था को पुनर्गठित कर टेस्ला को समय देना चाहते हैं, क्योंकि टेस्ला के निवेशक को मस्क की व्यस्तता चिंता में डाल रही है। मस्क ने अपने बयान में कहा है कि कंपनी अधिग्रहण के बाद मैं इसे जल्द से जल्द पुनर्गठित करना चाहता हूं ताकि मैं अपने अन्य सहयोगी कंपनियों को भी समय दे सकूं। बता दें कि ट्विटर



की कमान पूरी तरह अपने हाथ में आने के बाद से ही एलन मस्क ट्विटर में बदलाव करने में जुटे हैं। इस बीच एक बार फिर उन्होंने अपने कर्मचारियों को चेतावनी दी है। द वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने देर रात एक ईमेल भेजा जिसमें शेष ट्विटर कर्मचारियों को एक विकल्प दिया। वे या तो इस्तीफा दे सकते हैं और तीन महीने का वेतन प्राप्त कर सकते हैं, या वे कठिन मेहनत के लिए तैयार रहें। बता दें कि मस्क ट्विटर के लगभग आधे कर्मचारियों को कंपनी से निकाल चुके हैं। यही नहीं, उन्होंने ट्विटर में अब वर्क फ्रॉम होम भी पूरी तरह से खत्म कर दिया है। साथ ही मस्क ने ट्विटर में एक नया फीचर जोड़ने की घोषणा की। यह फीचर फर्मों को उनके साथ जुड़े सभी ट्विटर अकाउंट की जानकारी देगा। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि ट्विटर बहुत जल्द माइक्रोब्लॉगिंग साइट का उपयोग करने वाली फर्मों के लिए एक नई सुविधा लेकर पेश होगा। मस्क ने बताया कि यह फीचर जल्द ही ट्विटर के साथ जोड़ दिया जाएगा। ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने बताया है कि उन्होंने अपना 30 पाउंड यानी लगभग 13.6 किलोग्राम वजन कम कर लिया है। मस्क ने ये बात एक ट्विटर यूजर के जवाब में कही, एक यूजर ने लिखा था कि मस्क ने बहुत वजन कम कर लिया है। वहीं ट्विटर पर एक अन्य यूजर ने मस्क से पूछा कि इतना वजन आपने कैसे कम किया? जिसके जवाब में मस्क ने लिखा कि उनके पास उपवास, शुगर की दवा और मेरे पास कोई स्वादिष्ट भोजन नहीं है। हालांकि, अक्तूबर महीने में मस्क ने अपनी फिटनेस के पीछे का रहस्य इंटरमिटेंट फास्टिंग बताया।

# अमेजन में बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू

## नौकरी गंवाने वाले कर्मचारियों को लिखे पत्र में कही यह बात

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनी अमेजन ने बढ़ती आर्थिक मंदी के बीच अपने खर्च को कम करना शुरू कर दिया है। इसके मद्देनजर कंपनी ने नौकरियों में कटौती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच कंपनी के हार्डवेयर प्रमुख डेव लिम्प ने बुधवार को श्रमिकों को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि कई दौर की समीक्षाएं करने के बाद हमने हाल ही में कुछ टीमों और कार्यक्रमों को पूनर्गठित करने का फैसला किया है। इन निर्णयों में से एक परिणाम यह है कि अब कुछ भूमिकाओं की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुझे यह खबर देते हुए बहुत दुख हो रहा है। हम जानते हैं कि इसके परिणामस्वरूप हम डिवाइसेस एंड सर्विसेज ऑर्ग से प्रतिभाशाली अमेजोनियन खो देंगे। कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों को अधिसूचित किया है।

# घरेलू शेयर बाजार हुआ कमजोर, सेंसेक्स 230 अंक टूटा, रुपये में गिरावट, सोना भी लुढ़का

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। वायदा कारोबार के एक्सपायरी के दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 230 अंक फिसलकर 61750 अंकों पर जबकि निफ्टी 65 अंक टूटकर 18344 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन में ऑटो, आईटी व मीडिया इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट आई। गुरुवार के कारोबारी सेशन के दौरान अशोक लीलैंड के शेयरों में 2.2 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 2.15 फीसदी जबकि टाटा मोटर्स के शेयरों में 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में महज आठ शेयर हरे निशान पर बंद हुए। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते



के चौथे कारोबारी दिन एलएंडटी, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयरों में मजबूती रही जबकि टाइटन, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट दिखी।

### रुपया डॉलर के मुकाबले 35 पैसे टूटा

गुरुवार के दिन घरेलू मुद्रा में भी कमजोरी दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले रुपया 35 पैसे की गिरावट के साथ 81.65 अंकों के लेवल पर बंद हुआ।

### डॉलर के मजबूत होने से सोना भी हुआ कमजोर

अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों के बाद अमेरिकी डॉलर में मजबूती के कारण सोने की कीमतों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। एमसीएक्स एनएसई पर सोना वायदा 0.34% या 183 रुपये की गिरावट के साथ 52,879 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, चांदी वायदा 0.73% या 454 रुपये की गिरावट के साथ 61,543 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

# संध्या देवनाथन होंगी मेटा इंडिया की नई हेड:1 जनवरी 2023 से संभालेंगी अपनी पोस्ट, 2016 से हैं मेटा के साथ

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने संध्या देवनाथन को अपने भारतीय कारोबार का नया हेड और वाइस प्रेसिडेंट बनाया है। देवनाथन 1 जनवरी 2023 को अपना पद संभालेंगी। संध्या की रिपोर्टिंग डैन नियरी के पास रहेगी, जो एपीएसी रीजन के लिए मेटा के वाइस प्रेसिडेंट हैं। देवनाथन 2016 से मेटा से जुड़ी हैं और सिंगापुर और वियतनाम के कारोबार को बढ़ाने में कंपनी की मदद कर रही हैं। इसके अलावा वो दक्षिण पूर्व एशिया में कंपनी द्वारा ई-कॉमर्स से जुड़ी शुरुआत के लिए भी काम कर रही थीं। वह पेपर फाइनेंशियल सर्विसेज के वैश्विक बोर्ड में भी हैं। 1998 में आंध्र यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद संध्या देवनाथन ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमबीए किया। वह लीडरशिप का एक कोर्स के लिए 2014 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सेड बिजनेस स्कूल गई थीं। हाल ही में वॉट्सऐप



के इंडिया हेड अभिजीत बोस और मेटा इंडिया के पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर राजीव अग्रवाल ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। भारत में WhatsApp पब्लिक पॉलिसी के डायरेक्टर शिवनाथ ठकराल को अब भारत में सभी मेटा ब्रांडों के लिए पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर बनाया गया है।मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने इसी महीने अपने 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। कंपनी के 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी हुई है। कर्मचारियों को निकालने का ऐलान कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने किया।

# पेटीएम के शेयर नौ फीसदी टूटे, ब्लॉक डील के जरिए निवेशकों की हिस्सेदारी बेचने की खबर का असर

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। सॉफ्ट बैंक की ओर से ब्लॉक डील के जरिए पेटीएम के शेयर बेचने की तैयारी की खबरों के बीच गुरुवार को कंपनी के शेयरों का भाव लुढ़क कर 600 रुपये प्रति शेयर के नीचे आ गया। प्री-ओपनिंग के दौरान ही कंपनी के शेयरों में 6.43 प्रतिशत की गिरावट दिखी और यह 562.75 रुपये पर आ गया। बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 6.37 फीसदी टूटकर 563.25 रुपये के भाव पर ओपन हुए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेटीएम के शेयरो में एक के बाद एक कई बड़ी ब्लॉक डील हुई है। इसका असर 17 नवंबर के कारोबारी सेशन के दौरान वन 97 कम्यूनिकेशन (पेटीएम) के शेयरों पर पड़ा। यह पेटीएम की 4.5 फीसदी की हिस्सेदारी के बराबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी के 2.95 करोड़ शेयरों की ब्लॉक डील हुई है। हालांकि इस ब्लॉक डील में कंपनी के कौन-कौन से निवेशक शामिल हैं, इस बारे में स्थिति फिलहाल साफ नहीं हो पाई है। माना जा रहा है कि सॉफ्ट बैंक ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेची है। बता दें कि वन 97 कम्यूनिकेशन भारत में पेटीएम के नाम से वित्तीय सेवाओं का संचालन करती है।

# नहीं बाज आ रहा किम जोंग उन

## पूर्वी सागर में उत्तर कोरिया ने फिर दागी कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल, दक्षिण कोरिया ने की पुष्टि



सोल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को पूर्वी सागर में एक छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) दागी। दक्षिण कोरियाई सेना के अनुसार, एक सप्ताह से कुछ अधिक समय में यह पहला मिसाइल उकसावा है. ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उन्होंने सुबह 10:48 बजे कांगवोन प्रांत के वॉनसन क्षेत्र से प्रक्षेपण का पता लगाया. हालांकि, मिसाइल से जुड़ी और जानकारी उन्होंने नहीं दी.

**उत्तर कोरिया ने दी थी चेतावनी**

जेसीएस ने संवाददाताओं को भेजे संदेश में कहा, हमारी निगरानी और सतर्कता को मजबूत करते हुए हमारी सेना संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग में पूरी तरह से तैयार है. इससे पहले, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चो सोन-हुई ने चेतावनी दी थी कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका क्षेत्रीय सहयोगियों के प्रति अपनी 'विस्तारित प्रतिरोध' प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए एक कदम पर अड़ा रहा तो उत्तर कोरिया 'कठोर' सैन्य कार्रवाई करेगा.

**अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की त्रिपक्षीय बैठक**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को नोम पेन्ह में वार्षिक क्षेत्रीय सभाओं के हाशिये पर दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक-योल और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिज्ञा की पुष्टि की. बता दें कि उत्तर कोरिया ने पहले 9 नवंबर को पूर्वी सागर में कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी.

**क्या उत्तर कोरिया करेगा न्यूक्लियर टेस्ट?**

गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका मई महीने से कह रहा है कि उत्तर कोरिया 2017 के बाद से अपना पहला परमाणु परीक्षण करने की तैयारी कर रहा है लेकिन इसका वास्तविक समय स्पष्ट नहीं है. वाशिंगटन, सियोल और टोक्यो ने शिखर सम्मेलन के बाद एक संयुक्त बयान में कहा कि प्योंगयांग के परमाणु परीक्षण को 'मजबूत और दृढ़ प्रतिक्रिया' मिलेगी. उधर उत्तर कोरिया ने कहा कि उसकी सैन्य गतिविधियां अमेरिका के नेतृत्व वाले अभ्यासों के लिए 'वैध और उचित प्रतिक्रिया' हैं. इससे पहले, उत्तर कोरिया की सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अभ्यास की आलोचना की थी. सेना की ओर से कहा गया था कि यह एक विजिलेंट स्टॉर्म अभ्यास था और इसने जानबूझकर तनाव को बढ़ाया और आक्रमक फैसले के लिए उकसाया. सेना ने इसे बहुत उच्च आक्रामक प्रकृति का एक खतरनाक युद्ध अभ्यास बताया था.

## गुरुग्राम में 5.23 लाख की चोरी

**डिलीवरी मार्ट स्टोर का लॉकर ही उखाड़कर ले गए चोर; जमीन पर पक्का बनाया था**

गुरुग्राम, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में गुरुग्राम के बादशाहपुर इलाके में एक स्टोर से चोर सवा 5 लाख रुपए कैश चोरी कर ले गए। स्टोर को चेक किया तो जिसमें नकदी रखी थी वो लॉकर और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर गायब मिली। बादशाहपुर थाना पुलिस ने कैशियर की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के कस्बा बादशाहपुर के गांव नूरपुर में जियो मार्ट कंपनी का आइडेंटी फाइ प्लस डिलीवरी सर्विस के नाम से स्टोर खुला हुआ है। स्टोर पर यूपी के जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला राजकुबेर बतौर कैशियर कार्यरत है।

## ब्रिटेन में महंगाई बनी आफत

### 41 साल के रिकॉर्ड स्तर पर मुद्रास्फीति, फ्यूल और खाने के सामान पर सबसे ज्यादा असर

इंग्लैंड, 17 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में महंगाई अब सालों के रिकॉर्ड तोड़ रही है. फिलहाल देश के लोगों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा महंगाई बना हुआ है. बजट से ठीक पहले आए ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2022 के दौरान ब्रिटेन में खुदरा महंगाई बढ़कर 11.1 फीसदी हो चुकी है, जो 1981 से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है.

यहां जनता लगातार मांग कर रही है कि उन्हें राहत देने के लिए सरकार की तरफ से कोई कदम उठाया जाए. इकोनॉमिस्ट ने उम्मीद जताई थी कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति का आंकड़ा 10.7 प्रतिशत रहेगा. हालांकि, असल आंकड़ा उनकी उम्मीद से ज्यादा रहा. ओएनएस ने कहा कि खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के चलते महंगाई बढ़ी. इसके बाद अब फ्यूल और खाने के सामान पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ने वाला है, जिससे आम आदमी की परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है.

**आज ब्रिटेन में पेश होगा बजट**

ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने बजट से एक दिन पहले जारी इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया जाहिर की है. उनका कहना है कि बढ़ती महंगाई और कीमतों में बढ़ोतरी के लिए सरकार कड़े कदम उठाएगी. माना जा रहा है कि इस बजट में खर्च घटाने और टैक्स में बढ़ोतरी के फैसले किए जा सकते हैं. ब्रिटेन में आज नया बजट पेश होने जा रहा है. इस बजट से यहां की जनता को भी कई उम्मीदें हैं.

## अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया समलैंगिक विवाह विधेयक

वाशिंगटन, 17 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के निचले सदन (यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव) से समलैंगिक विवाह विधेयक के आसानी से पास होने के बाद अब इसे 100 सदस्यों वाले सीनेट में पेश किया गया है। अब इस विधेयक के पास होने की उम्मीद बढ़ गई है क्योंकि डेमोक्रेट्स के सभी 50 सदस्यों ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। हालांकि, इसे पास करवाने के लिए सीनेट के 60 सदस्यों के वोट जरूरी है लेकिन अब इसकी पूरी उम्मीद है कि रिपब्लिकन के 10 सदस्य भी पक्ष में मतदान करेंगे। बता दें कि जुलाई के महीने में अमेरिका की सर्वोच्च अदालत द्वारा गर्भपात पर दिए गए अप्रत्याशित फैसले के बाद निचले सदन में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने संबंधी एक बिल पेश किया गया था। जिसे सदन ने मंजूरी दे दी थी। इस बिल के पास होने के बाद से समलैंगिक समुदाय के लोगों ने खुशी जताई थी। इस बिल के पक्ष में डेमोक्रेट द्वारा 267 वोट डाले गए थे। वहीं बिल के विरोध में रिपब्लिकन सांसदों ने 157 वोट किए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, 47 रिपब्लिकन सांसदों ने निचले सदन में इस बिल के पक्ष में वोटिंग की। वहीं 7 रिपब्लिकन सांसदों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया।



**अधिकांश अमेरिकी समलैंगिक विवाह के समर्थन में**

बुधवार को पारित विधेयक में राज्यों को समान-लिंग विवाह को वैध बनाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन इसके लिए उन्हें दूसरे राज्यों के समलैंगिक विवाहों को मान्यता देने की आवश्यकता है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अधिकांश अमेरिकी समलैंगिक विवाह का समर्थन करते हैं लेकिन यह अभी भी विवादास्पद है।

## भिवानी के 'बड़ेसरा हत्याकांड' में गई 6वीं जान

**सरपंच चुनाव में विरोधी को वोट देने पर बरसाई गोलियां; एक की मौत, दूसरा गंभीर**

भिवानी, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के भिवानी के गांव बडेसरा में वर्ष 2017 में शुरू हुआ खूनी खेल अब तक 6 की जान ले चुका है। महिला सरपंच सुदेश की सरपंच की कुर्सी क्या गई कि अब लोगों का जीना ही मुहाल हो गया है। बड़ेसरा में एक पक्ष से 5 तो दूसरे पक्ष से 1 लाश गिर चुकी है। बुधवार देर सायं 2 व्यक्तियों महेंद्र और अजीत उर्फ बलिया पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई। 3 गोली लगने से महेंद्र (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मास्टर बलिया हिसार में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## 215 करोड़ में बिकेगा इवाना ट्रम्प का बंगला

### 1992 में सिर्फ 20 करोड़ रुपए में खरीदा था, जुलाई में हुई थी मौत

न्यूयॉर्क, 17 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तलाकशुदा पत्नी इवाना ट्रम्प का मैनहटन में बना 8,725 वर्गफीट का आलीशान बंगला बिक रहा है। ब्रोकिंग फर्म ने बंगले की कीमत करीब 215 करोड़ रुपए रखी है। बिक्री से मिली रकम इवाना और डोनाल्ड ट्रम्प के 3 बच्चों डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर, एरिक ट्रम्प और इवांका ट्रम्प के बीच बांटी जाएगी। 64वीं स्ट्रीट पर बने 5 बेडरूम, 5 बाथरूम वाले इस बंगले का इंटीरियर 1980 के दशक का है। इवाना ने यह बंगला 1992 में मात्र 20 करोड़ रुपए में खरीदा था। उसी साल उनका डोनाल्ड ट्रम्प से तलाक हुआ था। जुलाई 2022 में इवाना ट्रम्प अपने इसी बंगले में मृत पाई गई थीं। इवाना की मौत एक दुर्घटना थी। मैनहटन के अपार्टमेंट की सीढ़ियों से गिरने के कारण 73 साल की इवाना को गंभीर चोटें आई थीं, जो उनकी मौत का कारण बनी। चेकोस्लोवाकिया के गॉटवाल्डोव शहर में जन्मी इवाना पढ़ाई के लिए अमेरिकी आईं थीं। यहां उन्होंने मॉडलिंग भी शुरू की। इसी दौरान उनकी पेशे से बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात हुई। 1977 में दोनों ने शादी कर ली। 1980 के दशक में इवाना और ट्रंप की जोड़ी अमेरिका की सबसे हाई प्रोफाइल जोड़ियों में गिनी जाती थी।



# घर से भागी नाबालिग को ढाई माह का गर्भ

## बोली- लड़के की मां ने कहा था- शादी कर ले, बेटे का धर्म बदलवा दूंगी

भोपाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। लड़की, उम्र-15 साल। लड़का, उम्र-17 साल। भोपाल से निकले ये दोनों नाबालिग शादी के लिए सागर जा रहे थे, लेकिन गलत ट्रेन में चढ़ने के कारण दोनों विदिशा में उतर गए। यहां इन्हें जीआरपी ने पकड़ लिया। जांच में पता चला कि लड़की ढाई माह की गर्भवती है। चाइल्ड लाइन की काउंसिलिंग में लड़की ने कहा- लड़का और उसकी मां मुझ पर शादी का दबाव बना रहे थे। उसकी मां ने मुझसे कहा था- 'शादी कर लेगी तो बेटा चोरी और नशा करना छोड़ देगा।' शादी के बाद वह लड़के का धर्म परिवर्तन भी करवा देगी। लड़के को भोपाल किशोर न्याय बोर्ड और लड़की को बाल कल्याण समिति भोपाल को सौंपा गया है। 'हम दोनों सालभर से एक-दूसरे को जानते हैं। लड़के की मां ने मुझसे कहा था कि जबसे तुम मेरे बेटे की जिंदगी में आई हो, उसकी हरकतों में सुधार होने लगा है। वह चोरी और गांजे की लत से दूर हो रहा है। मेरे बेटे से शादी कर लो, तो वह सुधर जाएगा। वह बेटे से शादी के लिए मुझ पर लगातार दबाव बना रही थी। लड़के की मां के कहने पर मैं मजबूरी में उससे बात किया करती थी। लड़का मुझसे कहता था कि मैं उससे शादी कर लूंगी तो वह अपना धर्म परिवर्तन कर लेगा। लड़के की मां ने भी कहा था कि वह अपने बेटे का धर्म परिवर्तन करवा देगी। लड़के के रिश्तेदार सागर में रहते हैं, इसलिए हम दोनों वहां शादी करने जा रहे थे। हम ट्रेन में बैठकर पहले इटारसी पहुंचे। यहां से हमने सागर जाने के लिए ट्रेन बदली। बाद में पता चला कि जिस ट्रेन में हम सवार हैं वो सागर नहीं जाती। हम वापस भोपाल होते हुए विदिशा तक पहुंच चुके थे। हम दोनों यहां स्टेशन पर उतर गए। स्टेशन पर सागर जाने वाली ट्रेन का पता कर रहे थे। इसी दौरान जीआरपी ने हमें पकड़ लिया और पूछताछ करने लगी।

**ऑटो चलाता है लड़का, नशे का भी आदी**

विदिशा चाइल्ड लाइन की काउंसलर दीपा शर्मा ने बताया कि हमें जीआरपी ने सूचना दी थी। काउंसिलिंग में पता चला कि 15 साल की लड़की और 17 साल के लड़के के बीच एक साल से अफेयर चल रहा है। दोनों भोपाल में एक ही मोहल्ले में रहते हैं। लड़का ऑटो चलाता है और चोरी के आरोप में पकड़ा भी जा चुका है। वह नशे का भी आदी है।

**अस्पताल में काम करती है मां**

लड़की 4 बहनों और एक भाई में चौथे नंबर की है। उसकी बड़ी बहन की शादी के बाद माता-पिता में अलगाव हो गया था। इसके बाद भाई पिता के साथ और 3 लड़कियां मां के साथ रहने लगीं। पिता चाय की दुकान चलाते हैं, जबकि मां एक अस्पताल में काम करती है।

**मां ड्यूटी जाती थी, तब घर आता था लड़का**

चाइल्ड लाइन की काउंसलर दीपा शर्मा के मुताबिक, लड़की की मां अस्पताल में काम करती है। ज्यादातर समय वह नाइट ड्यूटी में रहती है। मौका पाकर लड़का घर आ जाया करता था। यहां लड़की की बहनें भी रहती थीं, लेकिन उन्होंने ना तो कभी इसका विरोध किया और ना ही मां से कुछ कहा। इस दौरान उनके बीच संबंध भी बने। पकड़े जाने के बाद जब लड़की का मेडिकल चेकअप करवाया गया। उसकी प्रेग्नेंसी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। उसे ढाई महीने का गर्भ है।

**लड़के को भोपाल पुलिस को सौंपा**

जीआरपी ने सारी जानकारी लेने के बाद चाइल्ड लाइन टीम को बुलाया और दोनों को उनके सुपुर्द कर दिया। चाइल्ड लाइन ने दोनों की काउंसिलिंग की और फिर बाल कल्याण बोर्ड विदिशा के समक्ष पेश किया। समिति ने दोनों के परिवारवालों से बात की और भोपाल बाल कल्याण समिति को सौंपने के आदेश दिए। बुधवार को लड़के को भोपाल किशोर न्याय बोर्ड और लड़की को भोपाल बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया।

**ऐसे पकड़ में आए दोनों**

चाइल्ड लाइन विदिशा के को-ऑर्डिनेटर जितेंद्र नामदेव ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में विजिट कर रहे थे। उसी समय भोपाल से आई एक ट्रेन से एक नाबालिग लड़की और नाबालिग लड़का उतरकर आए थे। चूंकि, इस समय रेलवे ने सागर तरफ जाने वाली कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है, इसलिए वे सागर तरफ जाने के संबंध में कुछ चर्चा कर रहे थे। संदेह होने पर जीआरपी के एएसआई मनोहर सिंह चौहान, हेड कॉन्स्टेबल शिवराज यादव सहित अन्य जवानों ने लड़की से पूछताछ शुरू की। लड़की की मां का मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत की, तो पता चला कि वह परिजन की अनुमति के बगैर ही सागर जा रही है।

**लड़के की रिश्तेदार ने कहा था- लड़की लेकर आजा**

इसके बाद जब लड़के से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह लड़की को लेकर अपनी एक रिश्तेदार के यहां सागर जा रहा है। इसके बारे में उसकी महिला रिश्तेदार को भी पूरी जानकारी है। उसी ने कहा था कि लड़की को लेकर भोपाल से सागर आ जाओ।

**ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई हो**

बाल कल्याण समिति विदिशा के अध्यक्ष प्रेम सिंह धाकड़ ने बताया कि कुछ लोग व केंद्र सुनियोजित तरीके से बच्चों को ट्रेनिंग देकर इस तरह का काम करवाते हैं। ऐसे लोगों व केंद्रों को चिन्हित कर इन पर एवं इन केंद्रों को संरक्षित करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही जिन परिवारों में किशोर अवस्था के बालक-बालिका हैं, जिससे बच्चे कोई भी परेशानी को आपसे सहज शेयर कर सकें। उक्त प्रकरण भोपाल जिले का होने से बालिका को बाल कल्याण समिति भोपाल एवं बालक को किशोर न्याय बोर्ड भोपाल में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# अमेरिका में चीनी जासूस को 20 साल की जेल की कारावास की सजा

## सिंगापुर में भारतीय को नौ हफ्ते की जेल

न्यूयॉर्क/सिंगापुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी शहर सिनसिनाटी की एक अदालत ने पहले चीनी खुफिया अधिकारी को 20 साल की सजा सुनाई है। उस पर विमानन कंपनियों से व्यापार रहस्य चुराने की साजिश रचने का आरोप था। कोर्ट ने देश में प्रत्यर्पित किए जाने वाले पहले चीनी खुफिया अधिकारी को 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। 42 वर्षीय यंजुन जू ने अमेरिकी विमानन कंपनियों को निशाना बनाया था और चीन की यात्रा के लिए कर्मचारियों की भर्ती भी की थी। उसने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की सरकार की ओर से कंपनी की मालिकाना जानकारी की मांग भी की थी। इससे पहले 5 नवंबर को एक संघीय जूरी ने जू को आर्थिक जासूसी करने की साजिश, व्यापार रहस्य चोरी करने की साजिश, आर्थिक जासूसी का प्रयास और व्यापार गुप्त चोरी का प्रयास करने का दोषी ठहराया था। जू एक कैरियर खुफिया अधिकारी था। उसने 2003 में काम शुरू किया हुआ और चीन के लिए खुफिया और सुरक्षा एजेंसी, चीनी राज्य सुरक्षा मंत्रालय (एमएसएस) में डिप्टी डिवीजन डायरेक्टर के पद तक बढ़ा। अदालत के दस्तावेजों और मुकदमे की गवाही के अनुसार, जू ने कम से कम दिसंबर 2013 की शुरुआत में संयुक्त राज्य अमेरिका और विदेशों में विशिष्ट कंपनियों को लक्षित किया, जिन्हें विमानन के क्षेत्र में लीडर माना जाता है। जू ने उड्डयन कर्मचारियों को धोखा देने और जानकारी मांगने के लिए उपनामों, फ्रंट कंपनियों और विश्वविद्यालयों का इस्तेमाल किया। उन्होंने ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जो कंपनियों के लिए काम करते थे और उन्हें चीन की यात्रा करने के लिए भर्ती किया। इस बीच 2018 में पहली बार पढ़ने के लिए सिंगापुर आए 26 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को तीन मामलों में दोषी ठहराया गया। उसे नौ सप्ताह की जेल हुई है।

# ईरान में फायरिंग से 7 लोगों की मौत

## हमले में दो महिलाओं की जान गई, 10 सुरक्षाकर्मी घायल



तेहरान, 17 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान के दक्षिण-पश्चिम शहर ईजेह में 16 नवंबर को एक बाजार में कुछ हमलावरों ने फायरिंग कर दी। जिससे 2 महिलाओं सहित 5 लोगों की जान चली गई। वहीं इस हमले में कुछ अन्य लोग और सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। ईरान के इस्फ़हान शहर में भी फायरिंग की गई। जिसमें 2 सैन्यकर्मियों की जान चली गई। दोनों हमलों में हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार पर होकर आए थे। इन हमलों के पीछे का मकसद क्या था यह अभी पता नहीं चल सका है। माना जा रहा है कि ये हमला 2 महीने से चल रहे हिजाब विरोधी प्रदर्शन से जुड़ा है। जहां पुलिस हिरासत में एक युवती की जान चली गई थी। ईजेह में हुए हमले में सुरक्षा कर्मियों सहित 10 लोगों के घायल होने की खबर है।

**मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल**

खुजेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर वलीओल्लाह हयाती ने बताया कि मारे गए लोगों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। सरकारी टेलीविजन के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों के कई समूह बुधवार देर रात ईजेह के विभिन्न हिस्सों में इकट्ठे हुए, सरकार विरोधी नारे लगाए और पुलिस पर पथराव किया। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान किसी ने शिया समुदाय के मदरसे में आग लगा दी। गौरतलब है कि ईरान में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय युवती की मौत के विरोध में लोग सितंबर से सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

ईरान में नैतिकता के नाम पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवती महसा अमीनी (22) को पकड़ा था और 16 सितंबर को हिरासत में ही उसकी मौत हो गई थी। ईरान की सरकार ने लगातार यह दावा किया है कि अमीनी के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया, जबकि अमीनी के परिवार का कहना है कि उसके शरीर पर चोट और पिटाई के निशान थे। अमीनी को हिजाब सही तरीके से न पहनने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

## करनाल में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचला बाइक सवार युवक की हालत गंभीर

करनाल, 17 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में करनाल के घोघड़ीपुर फ्लाईओवर पर नशे में धुत एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया। युवक की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नशे में धुत आरोपी ट्रैक्टर ट्रॉली चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कोहंडी कॉलोनी निवासी राकेश (30) लकड़ मार्केट में काम करता था। राकेश अपने माता पिता का इकलौता सहारा है। जो बुधवार रात करीब 9 बजे काम खत्म करके अपने घर की तरफ आ रहा था। जब वह घोघड़ीपुर फ्लाईओवर पर पहुंचा तो पीछे आ रहे एक पॉलिस से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर जा गिरा और ट्रॉली के पहिए ने उसके ऊपर से गुजर गए।

# काबुल में हुई 'मॉस्को प्रारूप पर वार्ता'

## अफगानिस्तान में समावेशी सरकार का आह्वान

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की सरजमीं से आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत समेत कई देशों ने 'मॉस्को प्रारूप पर वार्ता' में हिस्सा लिया। भारत ने इसमें अफगानिस्तान में वास्तविक समावेशी सरकार बनाने का आह्वान किया। यह बैठक अफगानिस्तान की स्थिति पर विचार के लिए बुलाई गई थी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को हुई चौथी बैठक में रूस, भारत, चीन, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तजाकिस्तान, तुर्केमेनिस्तान व उज्बेकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि शामिल हुए। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सहभागी देशों ने अमेरिका द्वारा जब्त अफगानिस्तान की संपत्तियों को पूरी तरह मुक्त करने की मांग की। बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि इन देशों ने अमेरिका और अन्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों से संपत्तियां मुक्त करने का आग्रह किया, ताकि इस दौरान अफगान लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जा सके। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो देशों ने अफगानिस्तान में 20 साल तक सेना तैनात की थी। बैठक में कतर, यूएई, सऊदी अरब और तुर्की के प्रतिनिधि अतिथि के रूप में मौजूद थे।



**आतंकी संगठनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए तालिबान**

साझा बयान में अफगानिस्तान में पदस्थ तालिबान सरकार से आग्रह किया गया है कि वह देश में मौजूद आतंकी संगठनों के खिलाफ और सख्त कदम उठाए और उनके खात्मे के उपाय करे। ये कदम नजर आने वाले और ठोस होना चाहिए। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अफगानिस्तान फिर कभी आतंकवाद का केंद्र व उसका प्रसारक देश न बने। बैठक में सहभागी देशों ने फिर कहा कि वे अफगानिस्तान को आतंक से मुक्त करने के लिए मदद को तैयार हैं। साझा बयान में निर्दोष अफगानियों, सार्वजनिक स्थानों और शिक्षा संस्थानों तथा हाल ही में काबुल में रूसी दूतावास पर हमले की निंदा की गई। बैठक में अफगानिस्तान व क्षेत्र के ताजा घटनाक्रम पर भी विचार किया गया। अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ देश में सत्तारूढ़ तालिबान के जुल्म रुकने का नाम नहीं ले रहे है। हाल ही में महिलाओं के जिम जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सत्ता संभालने के बाद महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता पर नकेल कसने के लिए नए-नए फरमान जारी करता आया है। तालिबान पिछले साल अगस्त 2021 में अमेरिकी फौज की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता पर काबिज हुआ था।

इसके बाद देश में माध्यमिक और उच्चतर विद्यालय जाने पर लड़कियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। महिलाओं को रोजगार के ज्यादातर क्षेत्रों में प्रतिबंधित कर दिया गया था। इतना ही नहीं, महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सिर से लेकर पैर तक बुर्के में ढके रहने का आदेश भी दिया गया था।

# यूक्रेन नहीं है पोलैंड, हमला पड़ेगा भारी

## यहीं हिटलर के अटैक से शुरू हुआ सेकंड वर्ल्ड-वॉर; रूस की एक गलती से मचेगी तबाही

एक्सकलूसिव डेस्क, 17 नवंबर। 15 नवंबर यानी मंगलवार की देर रात रूस ने 100 से ज्यादा मिसाइलें यूक्रेन पर दागी हैं। यूक्रेन ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस दौरान दो मिसाइलें पोलैंड के एक गांव प्रजेवोडोव में गिरने की खबर है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई है। हालांकि, रूस ने पोलैंड पर मिसाइल हमले के आरोपों को खारिज किया है। घटना के तुरंत बाद अमेरिका ने नाटो देशों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। इसके बाद बाइडेन ने कहा- प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन में सामने आया है कि ये मिसाइलें यूक्रेनी सैनिकों की जवाबी कार्रवाई के बाद पोलैंड में गिरी हैं। क्या पोलैंड पर हमला आग से खेलने जैसा है?

**पोलैंड पर किसी तरह का अटैक दुनिया के लिए खतरनाक क्यों है?**

15 नवंबर यानी मंगलवार को पोलैंड में दो मिसाइलें गिरने के बाद ऐसा लगा कि पिछले 9 महीने से चल रही यूक्रेन-रूस जंग अब खतरनाक मोड़ पर आ गई है। हालांकि,16 नवंबर बुधवार शाम तक पोलैंड के राष्ट्रपति ने कहा- मिसाइल हमले में 2 लोग मारे गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना है, जानबूझकर किया गया हमला नहीं है। दरअसल, अब तक यूक्रेन नाटो के सहयोगी देश पोलैंड और रूस के बीच एक बफर जोन जैसा था, अब पोलैंड एक वॉरफ्रंट बन गया है। इसकी वजह दुनिया में पोलैंड की प्राइम लोकेशन है।

**पोलैंड के वॉरफ्रंट बनने की तीन वजहें...**

1. पिछले महीने पोलैंड की सीमा से लगते देश बेलारूस के साथ रूस ने सैन्य समझौता किया है। इसके तहत बेलारूस में रूसी सैनिकों की तैनाती हुई है। इसको लेकर पोलैंड के विदेश मंत्री ज्बिग्नेव राउ ने कहा है कि राजधानी वॉरसा से कुछ दूर रूसी सेना की तैनाती हमारे लिए चिंता का विषय है।
2. पोलैंड की 600 किलोमीटर से ज्यादा सीमा दो देशों यूक्रेन और बेलारूस से मिलती है, जैसा कि आप ऊपर मैप में देख सकते हैं। रूस ने बेलारूस में अपना एयर डिफेंस सिस्टम भी लगाया है, जो पोलैंड के बड़े हिस्से को कवर करता है। पोलैंड ने अपनी सुरक्षा के लिए खतरनाक बताकर इसका विरोध दर्ज कराया है।
3. पोलैंड के रास्ते भारी मात्रा में हथियार यूक्रेन भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह से रूस जंग में फ्रंटफुट से बैकफुट की ओर जा रहा है। ऐसे में रूस किसी भी तरह से पोलैंड पर हमले की कोशिश करता है तो नाटो से जुड़े 30 देश खुद पर हमला मानकर जंग में कूद पड़ेंगे। नतीजा परमाणु जंग में बदल सकता है।

**अगर पोलैंड पर हमला होता है, तो कूद पड़ेंगे सभी नाटो देश**

रूस ने यूक्रेन पर भले ही 9 महीने से जंग छेड़ रखी है, लेकिन पोलैंड पर हमला भारी पड़ेगा। नाटो चार्टर का आर्टिकल 5 कहता है कि किसी भी नाटो देश के खिलाफ बाहरी हमले को सभी सहयोगियों के खिलाफ हमला माना जाएगा। 2001 में अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकियों के हमले के बाद नाटो ने पहली बार आर्टिकल-5 का इस्तेमाल किया था।

पोलैंड ने मिसाइल गिरने की घटना के जांच के आदेश दिए हैं। फाइनल रिपोर्ट आने के बाद पोलैंड सरकार के लिए गए फैसले से आगे जंग की दिशा और दशा तय होगी।



**1991 में पोलैंड में पहली बार हुआ स्वतंत्र चुनाव**

सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद रूस ने पोलैंड में कम्युनिस्ट सरकार की स्थापना की थी।

1991 में USSR के पतन के बाद पहली बार पोलैंड में स्वतंत्र चुनाव हुआ था।

इन्हीं वजहों से पोलैंड के लोग रूसी सरकार के कट्टर विरोधी हैं।

साथ ही पोलैंड यूक्रेन को NATO में शामिल करने की वकालत करता रहा है।

**1939 में भी पोलैंड पर हमले के बाद ही शुरू हुआ था सेकेंड वर्ल्ड वॉर**

1 सितंबर 1939 की बात है। हिटलर की नाजी सेना ने पोलैंड पर हमला कर दिया था। इसके 16 दिन बाद 17 सितंबर 1939 को सोवियत रूस की सेना ने भी पोलैंड के दूसरे हिस्से पर हमला कर दिया। देखते ही देखते ब्रिटेन और फ्रांस ने भी हिटलर की नाजी सेना के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया। इसके बाद सेकेंड वर्ल्ड वॉर शुरू हो गया।

7 अक्टूबर 1939 को पोलैंड को दो हिस्सों में बंट गया, जिसके एक हिस्से पर जर्मनी और दूसरे हिस्से पर सोवियत रूस का कब्जा था। हालांकि, बाद में पूरे पोलैंड पर जर्मनी का कब्जा हो गया था।

इस दौरान हिटलर की सेना ने यहूदियों पर जो अत्याचार किया वो इतिहास बन गया। अगले 6 साल में इस जंग के दौरान पोलैंड के 57 लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे। ऐसे में पोलैंड के खिलाफ रूस की कोई भी कार्रवाई उसके लिए आग से खेलने जैसी होगी।

**रूस और पश्चिमी देशों की लड़ाई में 3 बार हो चुका है पोलैंड का बंटवारा**

फर्स्ट वर्ल्ड वॉर से पहले 1795 से लेकर 1918 तक यानी 123 साल पोलैंड पर सोवियत रूस का कब्जा था। इससे पहले पश्चिमी देशों और सोवियत रूस के बीच की लड़ाई में पोलैंड का 3 बार बंटवारा हुआ था...

पहला विभाजनः 1772 में पहली बार पोलैंड का विभाजन हुआ तो रूस, प्रशिया और ऑस्ट्रिया ने पोलैंड के बड़े हिस्से को अपने देश में मिला लिया था।

दूसरा विभाजनः 1793 में पोलैंड ने लिखित संविधान लागू किया तो गुस्से से तिलमिलाए रूस ने पोलैंड पर हमला कर दिया। इस वक्त लिथुआनिया, बेलारूस के बड़े हिस्से को रूसी सेना ने पोलैंड से अलग कर दिया था।

**तीसरा विभाजनः** 1795 में तीसरी बार पोलैंड का विभाजन हुआ था, जब ऑस्ट्रिया के समझौते में पोलैंड को अपनी 2 लाख वर्ग किलोमीटर जमीन छोड़नी पड़ी थी।

फर्स्ट वर्ल्ड वॉर हो या फिर सेकेंड वर्ल्ड वॉर में रूस और पश्चिमी देशों के बीच जंग का मैदान पोलैंड ही रहा है। इसका कारण इस देश का जियोपॉलिटिकल वजहों से बेहद अहम होना है। अमेरिका नाटो समझौता के जरिए पोलैंड में अपनी सेना तैनात कर रूस को चुनौती पेश करता है। यही वजह है कि 29 सितंबर 2022 को अमेरिका ने फॉरेन मिलिट्री फाइनेंस के तहत पोलैंड को 2340 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वहीं, दूसरी ओर रूस पोलैंड को जंग में झोंक इसकी इकोनॉमी को कमजोर करके इस पूरे हिस्सा में अपनी ताकत को और ज्यादा बढ़ाना चाहता है।

# 'मैं डॉक्टर बनती तो मरीजों की लाइन लगी रहती'



**बॉलीवुड एक्ट्रेस इशा ने किया बड़ा खुलासा- स्कूल में अखबार बांटकर, गाड़ियां धोकर कमाए थे पैसे**

रायपुर 17 नवंबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस इशा कोप्पिकर रायपुर पहुंची। यहां लोगों से मुलाकात की। इशा ने इस दौरान अपनी जिंदगी और फिल्मों से जुड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। इशा बॉलीवुड की उन चुनिंदा अदाकाराओं में से हैं जो साइंस ग्रैजुएट हैं, बास्केट बॉल प्लेयर रही हैं और ताईक्वांडो में ब्लैक बेल्ट हैं।

इशा ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने स्वीमर के तौर पर करियर स्टार्ट किया। कॉम्पिटिशंस में भी जाया करती थीं। साथ में मॉडलिंग करती थीं। घर पर उनके पिता, चाचा, चाची सभी डॉक्टर्स हैं। इशा की ख्वाहिश थी कि वो डॉक्टर ही बनें, मगर उन्हें उतने नंबर नहीं मिले। मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा अगर मैं डॉक्टर बनती तो मेरे पास पेशेंट्स की लाइन लगती, किसी की तबीयत न भी खराब हो तो वो मेरे पास चेकअप के लिए आ जाता।

खरी कमाई खरी सेवा कर चुकी हैं

रायपुर के कारोबारी परिवारों के बीच आईं इशा ने पैसों के मोल पर भी बात की। उन्होंने बताया कि जब हम स्कूल में थे तो खरी कमाई खरी सेवा नाम की एक्टिविटी होती थी। हमें दूसरों के घर जाकर उनकी गाड़ियां साफ करनी थी, बर्तन धोने थे, अखबार बांटना होता था। इससे कुछ रुपए मिलते थे। मैंने ये सब किया है इससे पैसों का मोल समझ आता है। मैं ये अपनी बेटी को सिखाती हूं।

**बड़े बजट की फिल्म जल्द आएगी**

100 करोड़ से ऊपर के बजट की एक फिल्म इशा ने की है। इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम हो रहा है। ये पूरी तरह से कंप्यूटर ग्राफिक्स पर आधारित फिल्म है। इसमें एलियन और दूसरे ग्रहों के लोगों की कहानी है। इसके अलावा जल्द ही अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उनकी वेब सीरीज आएंगी।

**भाजपा नेता भी हैं इशा**

मुंबई में रहकर कई तरह के सामाजिक कामों को भी इशा करती हैं। भाजपा की नेता भी हैं इशा। उन्होंने बताया कि महिलाओं और बच्चों के लिए सेवा के कामों में उनका योगदान होता है। कार्यक्रम में इशा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वो बेहद अच्छा काम कर रहे हैं।

**ब्यूटी और हेल्थ का कैसे रखती हैं ध्यान**

इशा बताती हैं कि मैंने कभी भी किसी चीज को फोरग्रांटेड नहीं लिया है। शरीर एक मंदिर है आपको इसका ध्यान रखना है, तभी ये आपका ध्यान रखेगा। मेरे लिए फैशन का मतलब कंफर्ट है जिस चीज में मैं कंफर्टेबल रहती हूं उसमें मैं अच्छी लगती हूं। होम रेमेडीज बेस्ट चीज है लेकिन एक उम्र के बाद आपको ब्यूटीशियन या डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए क्योंकि होम रेमेडीज से हमेशा त्वचा अच्छी नहीं रखी जा सकती।

**करोड़ों का बिजनेस संभालती हैं एक्ट्रेस**

इशा कोप्पिकर आज एक बिजनसवुमन हैं। वह करोड़ों का बिजनस संभालती हैं। इशा कोप्पिकर ने पहले अमेरिका से हॉस्पिटैलिटी का कोर्स किया और फिर पति टिम्मी नारंग की मदद से रेस्टोरेंट की चेन खोली। इशा कोप्पिकर के पति भी एक बड़े बिजनसमैन हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईशा कोप्पिकर की नेट वर्थ करीब 44 करोड़ रुपये है। वह ब्रांड्स और एंडोर्समेंट से भी काफी कमाई करती हैं।

**हीरो ने फोन करके अकेले में मिलने को कहा**

इशा कोप्पिकर ने बताया था कि उन्होंने अपनी एक फिल्म के हीरो को जब फोन किया तो उसने अकेले मिलने के लिए बुलाया। उस समय उस एक्टर पर धोखा देने का आरोप था। इसलिए उसने इशा से कहा कि वह अपने स्टाफ के बिना उससे मिलने आएं। इशा कोप्पिकर को गुस्सा आ गया और उन्होंने अपने प्रोड्यूसर से कह दिया कि वह इंडस्ट्री में अपने टैलेंट और गुड लुक्स की वजह से हैं। अगर इस बिनाह पर उन्हें काम मिल जाता है तो उनके लिए यही काफी है। बस इसी बात पर इशा कोप्पिकर को फिल्म से बाहर निकाल दिया गया। यही वजह रही कि बाद में मेन स्ट्रीम फिल्मों से इशा जरा दूर होती चली गईं।

# खुद को एसटी बताया, जोगी की बहू पर केस

**छग के पूर्व सीएम का जाति प्रमाणपत्र गलत था; अब बहू का मरवाही उपचुनाव में जमा सर्टिफिकेट भी फर्जी बताया गया**



रायपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की बहू ऋचा जोगी के खिलाफ गलत जाति प्रमाण पत्र पेश करने के मामले में दर्ज की गई है। खुद एआईआर को अनुसूचित जनजाति की बताते हुए ऋचा ने यह जाति प्रमाण पत्र 2020 में मरवाही उपचुनाव के समय शासन के पास जमा कराया था। राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति ने ऋचा जोगी के खिलाफ मुंगेली के सिटी कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया है। साल 2020 में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के निधन के बाद खाली हुई मरवाही विधानसभा सीट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की बहू ऋचा जोगी ने भी नामांकन दाखिल करते हुए चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी पेश की थी, जिसमें उन्होंने ऋचा रूपाली साधु के नाम से जाति प्रमाण पत्र जारी होना बताया था। लेकिन जून 2021 को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने ऋचा जोगी के गोंड अनुसूचित जनजाति के स्थायी प्रमाणपत्र को निरस्त कर दिया था। उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के अध्यक्ष डीडी सिंह थे। उन्होंने कहा था कि जांच में पाया गया कि ऋचा जोगी के पिता क्रिश्चियन थे और समिति ने सभी पक्षों की सुनवाई करने के बाद यह फैसला लिया है।

पजनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी के खिलाफ सहायक आयुक्त एल आर कुर्रे ने जांच रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज कराया है। शिकायत में कहा गया है कि ऋचा रुपाली साधु (शादी से पहले का नाम) ने अवैध रूप से अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र तैयार कर इसे उपयोग किया। ऋचा के खिलाफ सामाजिक प्रस्थिति प्रमाणीकरण अधिनियम 2013 की धारा 10 के तहत अपराध क्रमांक 651 दर्ज किया गया है।

दरअसल ऋचा जोगी को मुंगेली जिले के जरहागांव तहसील के पेंड्रीडीह गांव से अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी किया गया था। इस बारे में शिकायत मिलने पर राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने विस्तार से जांच की और 23 जून 2021 को रिपोर्ट दाखिल की। इसमें ऋचा के प्रमाणपत्र को अवैध ठहराते हुए इसे निरस्त करने के लिए आदेशित किया गया था। वहीं मुंगेली के जिला प्रशासन को कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया गया था।

समिति ने 16 पृष्ठ के फैसले में छानबीन समिति ने ऋचा जोगी का दावा खारिज करने के लिए विजिलेंस सेल की रिपोर्ट, ऋचा जोगी की ओर से दिए गए भूमि और शैक्षणिक दस्तावेज और उनके पुरखों के गांव के लोगों के बयानों को आधार बनाया था। छानबीन समिति का निष्कर्ष था कि ऋचा जोगी अपने पुरखों के गोंड जनजाति का होने का दावा प्रमाणित नहीं कर पाईं। ऐसे में 27 जुलाई 2020 को मुंगेली से जारी उनका जाति प्रमाणपत्र निरस्त किया जाता है। छानबीन समिति के उप पुलिस अधीक्षक को उनका जाति प्रमाणपत्र जब्त करने को भी अधिकृत किया गया था।

उच्च स्तरीय जाति प्रमाणपत्र छानबीन समिति इससे पहले ऋचा जोगी के ससुर और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का भी प्रमाणपत्र खारिज कर चुकी थी। छानबीन समिति ने अपने फैसले में जिन तथ्यों का उल्लेख किया था, उसमें ऋचा जोगी के पुरखों की जाति की पूरी कहानी धर्मांतरण की परतों में उलझकर रह गई थी। जाति प्रमाणपत्र के समर्थन में ऋचा जोगी ने अपने पुरखों को मुंगेली जिले के पेण्ड्रीडीह गांव का निवासी बताया था। जांच में सामने आया कि उनके पूर्वज वर्णवासी साधू, निवासी विश्रामपुर जिला बलौदा बाजार ने यहां 1940 में जमीन खरीदी थी। बलौदा बाजार के इंग्लिश मिडिल स्कूल में उनके पूर्वज का नाम दर्ज है, लेकिन जाति में क्रिश्चियन लिखा हुआ है। खुद ऋचा जोगी के स्कूली दस्तावेजों में जाति कॉलम में क्रिश्चियन दर्ज है। भूमि क्रय-विक्रय के 12 दस्तावेजों में खुद ऋचा जोगी और उनके पूर्वज खुद को ईसाई (जन्म से गैर आदिवासी) बता चुके हैं।

**आदिवासी नहीं है जोगी की बहू:**छत्तीसगढ़ की उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने खारिज किया ऋचा जोगी का पुरखों के ₹गोंड' होने का दावा, जाति प्रमाणपत्र निरस्त किया

ऋचा जोगी ने इसी प्रमाण पत्र के आधार पर साल 2020 में मरवाही उपचुनाव में नामांकन भी जमा किया था, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी और तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह ने खारिज कर दिया था और उन्हें मरवाही आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराया था। छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री और दिवंगत नेता अजीत जोगी ने अपनी पढ़ाई और लोक सेवक के करियर में कभी भी आरक्षित कोटे का लाभ नहीं लिया था।

वे अपने राजनीतिक करियर में अनुसूचित जनजाति के लिए ही आरक्षित सीटों का प्रतिनिधित्व करते रहे थे। लेकिन उनकी जाति पर सवाल राजनीति में आने के साथ ही उठ गए थे। 1986 में इंदौर हाइकोर्ट में पहला मामला आया था। हालांकि एक साल के भीतर यह शिकायत खारिज हो गई थी।

# प्यार, सेक्स, अबॉर्शन..अब मर्डर की धमकी

**बैडमिंटन खिलाड़ी के साथ गंदा काम किया;फिर दूसरी युवती से की शादी,प्रेमिका को बोला- तुम छोटी जाति की हो**

रायगढ़ 17 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के श्रद्धा मर्डर केस के बाद रायगढ़ से भी लिव-इन-रिलेशनशिप में धोखे की एक ऐसी कहानी सामने आई है, जिसमें प्रेमी ने पहले तो नाबालिग बैडमिंटन खिलाड़ी को अपने प्रेम जाल में फंसाया, फिर गर्भवती होने पर दो-दो बार उसका अबॉर्शन कराया, इसके बाद लड़की से मन भर जाने पर किसी और से शादी भी कर ली। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है। पूरी प्लानिंग के साथ इस लव और धोखे की कहानी को रायगढ़ के कारोबारी मनोज अग्रवाल ने अंजाम दिया। ये कहानी शुरू होती है 24 जनवरी 2009 को, जब पुसौर के रहने वाले मनोज अग्रवाल की मुलाकात जशपुर जिले की रहने वाली नाबालिग बैडमिंटन खिलाड़ी से एक टूर्नामेंट के दौरान हुई थी। नाबालिग अनुसूचित जाति की है। मुलाकातें धीरे-धीरे बातचीत में तब्दील होने लगीं और बातचीत प्यार में।

2012 में आरोपी मनोज ने नाबालिग प्रेमिका को रायगढ़ जिले के पुसौर में बुलाया। आरोपी ने प्रेमिका का दिल जीतने के लिए उसे अपने घरवालों से मिलवाया। इसके बाद उसके सामने प्यार-वफा की कसमें भी खाईं। आरोपी ने लड़की से शादी का वादा भी किया। लड़की आरोपी के साथ-साथ जयपुर, दिल्ली, ओडिशा भी जाने लगी। आरोपी ने इस बीच नाबालिग के साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया। 2018 में जब लड़की गर्भवती हुई, तो उसका ये कहकर गर्भपात करा दिया कि अभी इस कच्ची उम्र में वो बच्चे की जिम्मेदारी संभाल नहीं पाएगी। आरोपी ने पीड़िता का दो-दो बार अबॉर्शन कराया। इस बीच आरोपी इसी तरह पीड़िता का यौन शोषण करता रहा, लेकिन मामले में ट्विस्ट तब आया, जब आरोपी मनोज अग्रवाल ने 9 फरवरी 2019 को किसी और लड़की से शादी कर ली। जब प्रेमिका ने इस बारे में पूछा तो कहानी सुना दी कि उसने ये शादी मजबूरी में की है। उसकी पत्नी झगड़ालू है और वो उससे तलाक ले लेगा। प्रेमिका को भरोसा दिलाने के लिए वो 1 मार्च 2022 को उसे महा शिवरात्रि के दिन रायगढ़ के कनकतूरा के पास बने शिव मंदिर में ले गया और फिल्मी स्टाइल में मांग भर दी। इधर पीड़िता एक बार फिर प्रेग्नेंट हुई, तब उसने प्रेमी पर शादी का दबाव बनाया। इस पर प्रेमी ने साफ-साफ ये कह दिया कि तुम छोटी जाति की हो और मैं तुमसे शादी कभी नहीं करूंगा। इसके साथ ही प्रेमिका को दवाई खिलाकर उसका गर्भपात भी करा दिया। प्रेमिका के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी शुरू कर दी। आरोपी ने जिस किराये के घर में पीड़िता को रखा था, उसका किराया देना भी बंद कर दिया। और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

इस बीच आरोपी की पत्नी को 12 अक्टूबर को इसी साल एक बच्चा हुआ, तब तो आरोपी का स्वभाव पहले से भी अधिक कठोर हो गया। उसने कहा कि ज्यादा विरोध किया, तो जान से मारकर और टुकड़े-टुकड़े कर नाली में बहा दूंगा। वो शराब के नशे में उसके साथ मारपीट भी करने लगा। इतना सब कुछ हो जाने पर पीड़िता ने अपनी बड़ी बहन को मामले की जानकारी दी। फिर पीड़िता ने पुसौर थाने में आरोपी मनोज अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज कराया। रायगढ़ एसपी अभिषेक मीणा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि आरोपी का वर्तमान पता कालिंदी कुंज मिट्ठूमुड़ा रायगढ़ है, लेकिन फिलहाल वो फरार चल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रायपुर, बिलासपुर में भी दबिश दी गई थी, लेकिन वो राज्य के बाहर भागने में कामयाब हो गया है। वो लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है, लेकिन पुलिस टीम छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य राज्यों में भी दबिश दे रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महुआ खाकर मदहोश हुआ हाथी



रायपुर 17 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में उत्पात मचाने वाले हाथियों को धान के बाद नया स्वाद लग गया है। प्रदेश के बॉर्डर से लगे ओडिशा के गांव में प्रवेश करते ही हाथियों ने जमकर महुए का मजा लिया। उसका गूदा खाने के बाद कई हाथी मदहोश हो गए। वे काफी देर तक नशे में झूमते रहे और फिर सो गए। वहीं वन विभाग के अफसरों ने इस खतरनाक भी बताया है। उनका कहना है कि नशे की हालत में हाथी और उग्र हो सकते हैं। ऐसे में उनकी चिंता बढ़ गई है। दरअसल, छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से लगती ओडिशा की सीमा में मंगलवार सुबह 24 हाथियों के एक दल ने प्रवेश किया। यह हाथी क्योंझर जिले के पटना रेंज स्थित ग्राम सिलीपाड़ा पहुंच गए। वहां शनिवार देर शाम कई हाथी कच्चे महुए के भंडार में घुस गए और जमकर गूदा खाया। इसके बाद हाथी नशे में झूमने लगे। इनमें से पांच हाथी तो नशे में इतने बेसुध हो गए कि वहीं जमीन में पड़कर सो गए। इसका पता वन विभाग को सुबह चला।

ओडिसा के वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि हाथियों ने सिलीपाड़ा गांव के पास काजू के जंगल में डेरा डाला हुआ था। सुबह वनकर्मी पहुंचे तो पता चला कि हाथियों ने महुए का गूदा खाया था। इसके बाद काफी देर तक वे सोते हुए मिले। वहीं अन्य हाथी उनके आसपास पहरा दे रहे थे। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग महुआ की लुगदी अवैध रूप से तैयार करते हैं। इसी का भंडारण किया गया था, जहां हाथियों का दल पहुंच गया।

क्योंझर के डीएफओ धनंजय एचडी ने बताया कि इस इलाके में बीते दो साल से हाथियों की आवाजाही है। वर्तमान में यहां 24 जंगली हाथी घूम रहे हैं। कुछ इलाकों में इनके आने पर विभाग नजर रख रहा है। उनका कहना है कि लगातार चार दिन से हाथियों का दल आसपास के गांवों में भी पहुंच रहा है। इसलिए वन कर्मचारी उनकी लोकेशन पर नजर रख रहे हैं। हालांकि नशे में धुत हाथी उत्पात मचाते हैं तो यह चार गुना बढ़ सकता है।



# नेताओं की वफादारी शिफ्ट, अब मकसद सिर्फ अगला टिकट

## मंत्री विधायकों के निशाने पर सीएम, 15 दिन में तीन मंत्रियों सहित 5 विधायकों ने घेरा

जयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में राजनीतिक सरगर्मी एक बार फिर बढ़ने लगी है। इस बार यह हलचल बढ़ने का कारण विधायक और मंत्री हैं। पिछले कुछ दिनों में कई विधायकों-मंत्रियों ने सरकार पर अलग-अलग मसलों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अपनी मांगों और मसलों को लेकर नेताओं ने इस बार धमकी और चेतावनी भरे अंदाज में सरकार को घेरा है। यह इस बार इसलिए खास है क्योंकि सरकार को घेरने वाले नेताओं में कई वो हैं जिन्हें सीएम अशोक गहलोत का करीबी माना जाता था।

**खाचरियावास ने एसीआर मुद्दे से की शुरुआत**

राजस्थान सरकार को लगातार मंत्री राजेंद्र गुढ़ा और विधायक दिव्या मदेरणा पहले से राजनीतिक फ्रंट पर घेर ही रहे थे। मगर अब कई नेताओं ने अलग-अलग जमीनी मुद्दों पर सरकार को घेरना शुरू कर दिया। इसकी शुरुआत मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने की। खाचरियावास ने एसीआर भरने के मुद्दे को लेकर सीएम से जवाबदेही मांगी। इस मसले पर उन्होंने प्रदेश की नौकरशाही पर भी सवाल उठाए।

**ओबीसी मसले पर हरीश चौधरी-राजेंद्र गुढ़ा भड़के**

खाचियावास का मसला सुलझा भी नहीं था कि हरीश चौधरी ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार को घेरना शुरू कर दिया। पूर्व सैनिकों को ओबीसी कोटे में दिए जा रहे आरक्षण को लेकर चौधरी ने सीएम को घेरा। इसी मसले को लेकर राजेंद्र गुढ़ा ने विरोधी स्वर दिखाते हुए सरकार को चेतावनी दे डाली कि अगर पूर्व सैनिकों को आरक्षण से हटाया गया तो वे ईंट से ईंट बजा देंगे।

**राजेंद्र यादव-हरीश मीना ने भी दिखाई आंखें**

ये मसला चल ही रहा था कि गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव ने कोटपूतली को जिला बनाने की मांग कर डाली। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से कोटपूतली को जिला बनाने की मांग उठाई जा रही है। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसी दौरान देवली-उनियारा विधायक हरीश मीना ने सरकारी




स्कूलों को विलय करने के मसले पर सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस बारे में गंभीरता से नहीं सोचती है तो अगले विधानसभा सत्र में वे इसका विरोध करेंगे।

**विधायकों-मंत्रियों के बदले सुर की 3 बड़ी वजहें**

पिछले कुछ समय में लगातार मंत्रियों और नेताओं के बयान सामने आने के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि अचानक मंत्री-विधायक सरकार के खिलाफ मुखर कैसे हो गए हैं। जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, राजनीतिक विश्लेषकों से बातचीत की तो इसके पीछे तीन प्रमुख वजहें सामने आई।

**नेताओं की वफादारी व्यक्ति से विधानसभा पर शिफ्ट हुई**

राजस्थान में सालभर बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नेताओं के पास चुनाव के लिए कम समय बचा है। इसे देखते हुए अब नेता अपनी विधानसभा में खुद को मजबूत करना चाहते हैं। इसे देखते हुए अपने जातिगत और क्षेत्रीय मुद्दों पर नेता शिफ्ट हो गए हैं। ऐसे में विधायक किसी भी एक नेता के प्रति वफादारी दिखाने से बच रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अब नेताओं के लिए स्थानीय मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।

**मांगे पूरी कराने का अंतिम मौका है**

राजस्थान सरकार अब अपने अंतिम वर्ष में हैं। ऐसे में अगले साल आने वाला सरकार का यह अंतिम बजट है। इसी को देखते हुए विधायक अपने क्षेत्र से जुड़ी मांगे पूरी कराने में लग गए हैं। उन्हें मालूम है कि चुनाव से पहले ये अंतिम बजट है। जो होना है इसी बजट में होगा। ऐसे में अगर सही समय पर अपने मांगें और जरूरी योजनाएं पूरी नहीं कराई गई तो वोट मांगने में दिक्कत आएगी। जिले बनाना, स्कूलों को बंद होने से रोकना, आरक्षण जैसे मुद्दे इसलिए चर्चित हो रहे हैं।

**कांग्रेस के टिकट पर लड़ना है चुनाव**

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का कैडर मजबूत है। ज्यादातर विधानसभाओं में जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता मौजूद हैं। ऐसे में राजस्थान में कांग्रेस की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में कमजोर नहीं है। चुनाव नजदीक हैं और नेताओं को अगले चुनाव में कांग्रेस से टिकट चाहिए। ऐसे में अब नेता किसी भी गुटबाजी में बंटने या दिखने के बजाय पार्टी और जनता के प्रति वफादार दिखना चाहते हैं। यही वजह है कि किसी भी खेमे या उस खेमे के नेता के प्रति झुकाव दिखाने के बजाय हाईकमान और पार्टी को यह दिखाना चाहते हैं कि वे मजबूत हैं और जनता के मुद्दे उठाने से जनता में उनकी पकड़ है।

**अस्थिरता का फायदा उठाएंगे विधायक-मंत्री**

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अब राजस्थान में इसी तरह की बयानबाजी देखने को मिलेगी। राजस्थान के मंत्री और विधायक अब लगातार अपनी मांगों को लेकर मुखर होते दिखेंगे। जानकारों का कहना है कि राजस्थान में नेतृत्व को लेकर जो अस्थिरता है उसका फायदा विधायक और मंत्री उठाने को देखेंगे। नेतृत्व किसी के भी हाथ में हो, सत्ता चाहे किसी की भी हो। मगर विधायक और मंत्री लगातार इसी तेवर में सरकार को घेरते दिखेंगे।

# भाजपा विधायक की बेटी का राशन डीलर लाइसेंस सस्पेंड

## ग्रामीणों ने लगाया था राशन वितरण में अनियमितता का आरोप

उदयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। उदयपुर भाजपा के सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा की पुत्री प्रीति मीणा का राशन डीलर लाइसेंस रसद विभाग ने संस्पेंड कर दिया है। उदयपुर भाजपा के सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा की पुत्री प्रीति मीणा का राशन डीलर लाइसेंस रसद विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। प्राथमिक जांच में गड़बड़ी सामने आई है। विभाग आगे जांच कर रहा है जिसमें लोगों के बयान व निलंबित राशन डीलर का रिकॉर्ड देखा जाएगा। फिर जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। बता दें कि विधायक पुत्री जो सेमारी ब्लॉक के लालपुरिया सेंटर की राशन डीलर है।



उस पर ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए दो दिन पहले कलेक्टर ताराचंद मीणा को शिकायत की थी। जिसमें ग्रामीणों ने बताया था कि वे लालपुरिया सेंटर से राशन नहीं लेना चाहते। क्योंकि वे राशन देने वाली पोश मशीन में गड़बड़ी करती है। ग्रामीणों ने कोरोना के वक्त मिले अतिरिक्त गेहूं के वितरण नहीं करने का भी आरोप लगाया था। सेमारी में 14 जुलाई 2022 को जनसुनवाई के दौरान भी लालपुरिया ग्रामीणों ने कलेक्टर ताराचंद मीणा को शिकायत की थी। विधायक पुत्री प्रिती मीणा का राशन डीलर सेंटर लालपुरिया है जिससे ग्रामीणों ने राशन लेने को मना कर दिया था। ऐसे में कलेक्टर ने इन्हें लालपुरिया की जगह सेमारी लेम्पस से राशन देने की बात कही थी। सेमारी सेंटर ने सितम्बर और अक्टूबर माह तक गेहूं दिया लेकिन नवंबर में मना करते हुए वापस लालपुरिया सेंटर से ही लेने की बात कही थी। ऐसे में ग्रामीण दोबारा दो दिन पहले कलेक्टर को मिले।

# नियमित का वादा, लेकिन आदेश में नियमित शब्द नहीं

## कर्मचारियों ने सरकार पर लगाया अन्याय का आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




उदयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान एनएचएम प्रबंधकीय कर्मचारी महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

राजस्थान एनएचएम प्रबंधकीय कर्मचारी महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महासंघ जिला अध्यक्ष निवेदिता जोशी ने बताया कि हमें इस बार सरकार से नियमित करने की आस थी, लेकिन नए संविदा नियमों में हमारे अनुभव को शून्य करते हुए दोबारा संविदा पर लिया जा रहा है। ये हमारे साथ अन्याय है। प्रावधान में हमारा 10 से 15 साल तक का अनुभव नहीं जोड़ा जा रहा। इतने समय सेवाएं देने का ये तोहफा मिला है। सरकार ने हमें नियमित करने का वादा किया था लेकिन जो आदेश हाल ही आया है उसमें नियमित शब्द कहीं नहीं लिखा है।

कोरोना के समय हमने पूरी मुस्तैदी से काम किया। हमारा वेतन भी नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में हम ठगे सा महसूस कर रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने अगर जल्द हमारी मांगे नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि इन कार्मिकों प्रोजेक्ट मैनेजर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, फिजियोथैरेपिस्ट, आयुष चिकित्सक, अकाउंट मैनेजर, ब्लॉक आशा समन्वयक, सुपरवाइजर आदि शामिल हैं।

**नए नियम में पुराना अनुभव नहीं जोड़ा**

बता दें कि राज्य सरकार ने हाल ही संविदा कर्मचारियों के जो सेवा नियम लागू किए हैं। उसमें उनके पुराने अनुभव को शून्य करते हुए नए नियम के तहत काम पर ले रही है। इसमें कार्मिकों को नियमित पदों पर स्क्रीनिंग के माध्यम से नियुक्ति देने का प्रावधान किया गया है

# दिव्या बोलीं- बागी गुट को घुटने टेकने वाला प्रभारी चाहिए

## पायलट समर्थक एमएलए ने कहा- जिन्हें चेंज करना है, तत्काल करें




जयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के राजस्थान आने की तारीख नजदीक आने के साथ कांग्रेस की गुटबाजी फिर सामने आने लगी है। सचिन पायलट कैंप के विधायक अब नए सीएम पर फैसला और उन तीन नेताओं पर कार्रवाई की खुलकर बात करने लगे हैं, जिन्हें नोटिस दिया गया था। इस बीच अजय माकन के इस्तीफे पर भी जंग छिड़ गई है। सचिन समर्थक नेता उनका इस्तीफा मंजूर नहीं करने की मांग कर रहे हैं।

बुधवार को पायलट समर्थक विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा ने सीएम अशोक गहलोत खेमे पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में आने से पहले ही विधायक दल की बैठक बुलाकर नए नेता का चयन करने और नोटिस वाले तीनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बैरवा ने कहा- एक साल का राज बचा है, फिर से राज में आना है तो सब जल्दी फैसले करने होंगे। जो कुछ करना है वह एक साल में ही करना होगा। जिन्हें बदलना है, वह काम राहुल गांधी की यात्रा से पहले ही कर देना चाहिए। जिन्हें चेंज करना है, उन्हें तत्काल कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि- राहुल की यात्रा गेम चेंजर है। आज यही दुख है कि प्रभारी महासचिव को यह कहना पड़ा कि 51 दिन हो गए, कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, विधायक दिव्या मदेरणा ने कहा विरोधी कैंप ऐसा महासचिव चाहता है जो उनकी ब्लैकमेलिंग के आगे सरेंडर हो जाए।

**विधायक दल की बैठक तुरंत बुलाएं**

बैरवा ने कहा-विधायक दल की बैठक तुरंत बुलानी चाहिए, यह बहुत जरूरी है। राहुल गांधी की यात्रा से पहले सभी विधायकों का मन टटोलना चाहिए। मन में पता नही क्या क्या टीस है? प्रदेश में इतनी बड़ी पैंडेंसी पड़ी है, क्या इसे ठीक नहीं करना चाहिए? यात्रा से पहले सब ठीक होना चाहिए।

**कार्यकर्ताओं का असमंजस दूर करें, बदलाव होगा**

बैरवा ने कहा- यही तो रोना है कि विधायक दल की बैठक होनी थी, अब पहले उस बैठक के क्या नतीजे निकले वह सबके सामने हैं , वह पेंडेंसी पड़ी है। वह बैठक दोबारा नहीं हुई। आम कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति है, क्या वह असमंजस मिटाना नहीं चाहिए? वह असमंजस तभी मिटेगा, जब आलाकमान नए सिरे से विधायक दल की बैठक बुलाकर विधायकों की पीड़ा पूछे और फिर फैसला करें। बदलाव होगा और अगली सरकार भी आएगी, पहले 21 रह चुके हैं, इसलिए आंकड़ा घटता हुआ आता है।

**कांग्रेस का मजाक बन रहा है**

बैरवा ने कहा- कुछ विधायकों ने 25 सितंबर को इस्तीफे दिए थे, आज तक यह तय नहीं है कि कितने विधायकों ने इस्तीफे दिए थे। बीजेपी के नेता इस मुद्दे को लेकर कभी राजभवन का मार्च कर रहे हैं, इससे कांग्रेस का मजाक बन रहा है। समझ नहीं आता ऐसे क्यों किया जा रहा है?

**माकन के पद छोड़ने से आम कांग्रेसियों को धक्का लगा**

बैरवा ने कहा- अजय माकन के पद छोड़ने से आम कांग्रेसियों को धक्का लगा है। हमारे प्रभारी महासचिव को यह कहना पड़े कि 25 सितंबर को 51 दिन हो गए और कार्रवाई नहीं हुई। 25 सितंबर को जो हुआ वो आज के अध्यक्ष के सामने हुआ।

उस दिन क्या ड्रामा हुआ, हम तीन घंटे तक सीएम हाउस पर बैठक के लिए इंतजार करते रहे। आलाकमान ने माना कि तीन लोग जिम्मेदार थे, उन तीनों के खिलाफ 51 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं होना गंभीर बात है। राहुल गांधी की यात्रा से पहले जो भी बदलाव करने हैं वह कर लेने चाहिए।

बैरवा ने कहा- विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करने के मामले में उस समय तीन नेताओं को दोषी माना था। उनके खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं हुई, तीनों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

# गुजरात चुनाव में राजस्थान के स्टार प्रचारक से दूरी

## वसुंधरा समेत अरूण सिंह का नाम नहीं, पूनिया-शेखावत के साथ 108 नेताओं को फील्ड टास्क

जयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए कैंपन शुरू हो चुका है। बीजेपी की ओर से बुधवार को 40 स्टार प्रचारक की लिस्ट जारी की गई थी। लेकिन, इसमें राजस्थान के एक भी नेता का नाम शामिल नहीं है। राजस्थान से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल वसुंधरा राजे समेत अन्य नेताओं को इस बार गुजरात चुनाव से दूर रखा गया है। जबकि पूनिया व शेखावत समेत 150 नेताओं को फील्ड टास्क के लिए उतारा गया है। दरअसल, राजस्थान से पूर्व CM वसुंधरा राजे बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। सांसद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। अलका सिंह




गुर्जर राष्ट्रीय सचिव हैं। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह राष्ट्रीय महामंत्री हैं। सह प्रभारी विजया राहटकर राष्ट्रीय सचिव हैं। सांसद जसकौर मीणा, अरुण चतुर्वेदी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य हैं। लेकिन इनमें से किसी भी नेता को गुजरात चुनाव प्रचार में स्टार कैम्पेनर नहीं लगाया गया है। ये बात अलग है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बतौर सीएम वसुंधरा राजे को स्टार प्रचारक लिस्ट में शामिल किया था। लेकिन, इस बार उन्हें जगह नहीं दी गई है।

हालांकि राजस्थान बीजेपी के प्रदेश नेतृत्व और संगठन को बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने गुजरात चुनाव में पहले से एक्टिव कर रखा है। पड़ोसी राज्य होने के कारण राजस्थान के 108 नेताओं की ड्यूटी सतीश पूनिया ने गुजरात चुनाव में अलग से लगा रखी है। राजस्थान से आने वाले केंद्रीय मंत्री भी गुजरात चुनाव में संगठनात्मक कामों और राजस्थानी वोटरों को साधने के काम में हिस्सा लेते रहे हैं। गुजरात में राजस्थान के 4 केंद्रीय मंत्रियों- गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी के अलावा बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया समेत संगठन के 108 नेताओं की टीम को जिम्मा सौंपा गया है।

# सांसद किरोड़ीलाल का चिकित्सा मंत्री पर हमला

## बोले- ब्यूरोक्रेसी से बदसलूकी कर रहे मंत्री-एमएलए, पायलट-गहलोत की लड़ाई में सैंडविच बनी जनता

दौसा, 17 नवंबर (एजेंसियां)। राज्यसभा सांसद डॉ किरोडीलाल मीणा ने चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा पर निशाना साधते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया है। अधिकारियों की एसीआर भरने व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा द्वारा सीनियर आरएएस को मीटिंग से गेट आउट करने के मुद्दे पर राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने सरकार व सिस्टम के साथ चिकित्सा मंत्री का आड़े हाथों लिया है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था, रेलवे ट्रेक पर आरडीएक्स मिलने, धर्मांतरण, लव जिहाद जैसे मुद्दों पर मीडिया से बात करते हुए सांसद ने कहा राज्य सरकार के मंत्री-विधायक मनमानी कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री जिला अधिकारियों की मीटिंग बुलाए और



उसमें सबसे सीनियर आरएएस अधिकारी जिला परिषद सीईओ को गेट आउट कर दे। इससे पता चलता है कि सत्ताधारी दल के नेताओं का मनोबल कितना बढ़ा हुआ है कि वे ब्यूरोक्रेसी के साथ बदसलूकी करें। अधिकारियों की एसीआर भरने को लेकर चल रही खींचतान पर राज्यसभा सांसद ने कहा एसीआर भरने के पावर नहीं मिले तो क्या है और मिल जाए तब स्थिति और ज्यादा खतरनाक हो जाएगी। जिला परिषद के सीईओ को मीटिंग से बाहर निकाल दें और बदतमीजी करें तो यह तो मंत्रियों की भूख है।

यदि ऐसा हो गया तो पूरी तरह से ब्यूरोक्रेसी का राजनीतिकरण हो जाएगा और आमजन को न्याय मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा ट्रांसफर, पोस्टिंग, डिजायर के पावर मंत्री-विधायकों के पास हैं, लेन-देन भी खूब हो रही है। भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, विशेष तौर पर पुलिस का राजनीतिकरण बहुत ज्यादा हो गया, जिसके कारण कानून व्यवस्था और इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल हो गई है।

प्रदेश कांग्रेस में चल रही गहलोत-पायलट की गुटबाजी को लेकर सांसद ने कहा वो तो राख के नीचे धधकते अंगारे हैं। वो कभी एकदम विस्फोट करेंगे तो कांग्रेस पूरी तरह बिखर जाएगी। गहलोत-पायलट दोनों के बीच जबरदस्त लड़ाई है, जिसमें भ्रष्टाचार, भेदभाव व पक्षपात हो रहा है।

# जयपुर की सड़कों पर दौड़ा आग का गोला बना ट्रक

## पुलिस कमिश्नरेट के सामने चक्कर लगाता रहा; गाड़ियां छोड़ भागे लोग, ड्राइवर जला

जयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी का सबसे सुरक्षित इलाका जयपुर पुलिस कमिश्नरेट। यहां बुधवार देर रात अचानक एक दिल दहलाने वाले हादसा हुआ। कमिश्नरेट के सामने अचानक भगदड़ मच गई और लोग गाड़ियां छोड़कर इधर-उधर दौड़ते नजर आए। दरअसल, रात करीब एक बजे कमिश्नरेट के गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे पर खड़े ट्रक में आग लग गई। ड्राइवर देवा ने पहले तो आग बुझाने



का प्रयास किया, लेकिन जब कामयाब नहीं हुआ तो उसने ट्रक दौड़ा दिया। जानकारी के अनुसार ट्रक में कड़वी (पशु आहार) भरी थी। हवा लगते ही आग पूरे ट्रक में फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ सौ मीटर दूर से ट्रक ऐसा नजर आया जैसा कि मानों आग का गोला हो। ड्राइवर कुछ दूर ट्रक दौड़ाने के बाद चौराहे पर जलते ट्रक को गोल-गोल घुमाने लगा। इससे एमआईए रोड, चांदपोल और अजेमर रोड की तरफ से आने वाला ट्रैफिक रुक गया। मौके पर काफी लोग भी जमा हो गए। हालांकि, इतना हंगामा होने के बाद भी सामने मौजूद पुलिस कमिश्नरेट बिल्डिंग से कोई पुलिसमकर्मी बाहर नहीं आया।

# ओबीसी आरक्षण पर बेनीवाल और हरीश आमने-सामने

## हरीश बोले-मुद्दे को नहीं भटकाएं; बेनीवाल का तंज-जब हरीश मंत्री थे, तब युवाओं के साथ अन्याय हुआ

जयपुर, 17 नवंबर (एजेंसियां)। ओबीसी आरक्षण के ताजा विवाद को लेकर मारवाड़ के दो नेता आपस में भिड़ गए हैं। कैबिनेट में इस मामले में फैसला नहीं होने पर अपनी ही सरकार पर हमलावर हो रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक हरीश चौधरी सीएम गहलोत पर धोखा देने का आरोप लगा चुके हैं। उन्होंने नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को नसीहत दी है कि वे इस मुद्दे पर बयानबाजी करके लोगों




को मुद्दे से नहीं भटकाएं। वहीं बेनीवाल ने हरीश पर पलटवार किया है कि हरीश चौधरी मंत्री पद जाने से आहत हैं और ओबीसी आरक्षण का मामला उठाकर वे फिर से चर्चा में आना चाहते हैं। ओबीसी आरक्षण में विसंगतियों के मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ओबीसी आरक्षण में विसंगतियों को लेकर राजनीति कर मुद्दे को भटकाने व कमजोर करने के लिए साजिश का हिस्सा नही बनें। अपनी लड़ाई किसी और वक्त लड़ लेंगे। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण मामले को लेकर विवाद पैदा करवाने से युवाओं को मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि जाट आरक्षण के समय जो अग्रणी लोग विजय पूनिया, राजाराम मील, एडवोकेट डालूराम चौधरी व सोनाराम जाट समेत जो थे, उनसे पूछ लो कि हरीश चौधरी उस दौरान विरोध में थे या पक्ष में थे।

# भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले जिला कलेक्टर का तुरंत तबादला करने की मांग

## आदिवासी अधिकार संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन



आसिफाबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिवासी अधिकार संघर्ष समिति कोटनाका के तुदुमदेब्बा जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने कुमुरम भीम आसिफाबाद जिला केंद्र में पार्टी के सभी नेताओं और सामाजिक समूहों द्वारा आयोजित धरना कार्यक्रम का समर्थन किया। इस अवसर पर विजय कुमार ने बोलते हुए कहा कि जिलाधिकारी राहुल राज भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और पूर्व कलेक्टरों ने भी जिले में होने वाले भ्रष्टाचार को रोका और लोगों की समस्याओं को हल किया, लेकिन वर्तमान जिला कलेक्टर राहुल राज भारत में सबसे सम्मानित आईएएस का अपमान करने के लिए भ्रष्ट अधिकारियों को प्रोत्साहित करके टीआरएस नेता की तरह काम कर रहे हैं। कम से कम वह एक जिला प्रशासनिक अधिकारी है, ना कि टीआरएस की कठपुतली। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के मुद्दों पर कई बार दी गई याचिकाओं को बिना किसी प्रतिक्रिया के नजरअंदाज कर दिया गया है। इसलिए कई भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों को अंजाम देने वाले आरडीओ पर भी कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि क्या आरडीओ के घोटालों के लिए प्रशासन को कोई शेयर मिल रहा है, टीआरएस विधायक और सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के संरक्षण के कारण ही आसिफाबाद जिले में काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे भ्रष्टाचार अधिकारियों का तबादला सरकार नहीं करती की सूरत में भारी मात्रा में आंदोलन करने की चेतावनी दी।इस कार्यक्रम में उनके साथ भाजपा, कांग्रेस, बसपा, वाम दल, छात्र युवा संघ, सभी संघ व अन्य दलों के नेता शामिल थे।

# पुलिस ने 12 मिनट में हाईटेक सिटी से निम्स तक लाइव हार्ट ट्रांसपोर्ट में मदद की

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आज एक बार फिर हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने जीवित अंग (हृदय) को ले जाने वाली एम्बुलेंस को बिना रुके आवाजाही प्रदान करके परिवहन की सुविधा प्रदान की। गुरुवार को सुबह 10.10 बजे, हैदराबाद और साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने समन्वय किया और मेडिकवर अस्पताल, हाईटेक सिटी से निम्स अस्पताल, पंजागुट्टा, हैदराबाद तक हार्ट के परिवहन के लिए ग्रीन चैनल की व्यवस्था की। मेडिकवर अस्पताल से एनआईएमएस अस्पताल, पंजागुट्टा के बीच की दूरी 11 किमी है जिसमें 12 मिनट शामिल हैं। लाइव हार्ट को लेकर मेडिकल टीम हाईटेक सिटी के मेडिकवर अस्पताल से सुबह 10.10 बजे रवाना हुई और सुबह 10.22 बजे निम्स अस्पताल पंजागुट्टा पहुंची। हार्ट के परिवहन में हैदराबाद और साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस के प्रयासों की मेडिकवर और एनआईएमएस अस्पतालों के प्रबंधन द्वारा सराहना की गई क्योंकि इससे बहुमूल्य जीवन बचाने में मदद मिलेगी। इस साल 2022 में हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने 32 बार ऑर्गन ट्रांसपोर्ट की सुविधा दी है।



**राउण्ड टेबल इंडिया एवं एकल युवा द्वारा आगामी 8 जनवरी, 2023 को वंचित बच्चों में शिक्षा जागरूकता के उद्देश्य से रन फॉर एजुकेशन की थीम आधारित 3 कि.मी, 5 कि.मी और 10 कि.मी दौड का आयोजन जलविहार, नेकलेस रोड, हैदराबाद में किया जायेगा। इसी संदर्भ में आयोजित बैठक में उपस्थित आलोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, धीरज सेवकमणि, करण बंसल, स्वाति रेड्डी, कृष्णा राव और सीए पंकज अड्डुकिया।**

# समन्वय बनाकर काम करें जनप्रतिनिधि व अधिकारी : बीबी पाटिल



कमारेड्डी, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के आदेशानुसार जिलाधीश कार्यालय में जिलाधीश जीतेश पाटील की अध्यक्षता में एक सभा बुलाई गई। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए सांसद बीबी पाटिल ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को विविध योजना के बारे में समन्वय बनाकर काम करना चाहिए इस के साथ साथ जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए। उन्होंने गुरुवार को एकीकृत जिला कार्यालय परिसर में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (निर्देशन) की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए जनप्रतिनिधि, अधिकारियों को संबोधित किया। बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उन्हें हल करने के लिए अधिकारियों को त्वरित कदम उठाने का सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले का हर एक क्षेत्र में विकास किया जाएगा। विविध समस्याओं के समाधान पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देना चाहिए। जिला कलेक्टर जितेश वी. पाटिल ने बात की। आंगनबाड़ी केंद्रों में कोई कुपोषित बच्चा नहीं रहे, यह सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। वे देखना चाहते हैं कि सरकारी कल्याणकारी योजनाएं उन लोगों के लिए उपलब्ध हों जो पात्र हैं। इससे पहले रोजगार गारंटी, कृषि, मिशन भागीरथ, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क और सिंचाई विभागों की समीक्षा की गयी. डीआरडीओ सयाना ने बात की। जिले में रोजगार गारंटी कर्मियों के लिए 39.64 लाख कार्य दिवस उपलब्ध कराये गये हैं। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने, श्रमिकों के पलायन को रोकने, सूखे की रोकथाम और अधोसंरचना की व्यवस्था करने का कार्य किया जा रहा है।

# केंद्रीय विद्यालय पिकेट में युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की गई




हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय विद्यालय पिकेट, सिकंदराबाद में 33वीं आंचलिक युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय पिकेट स्काउट्स एंड गाइड्स और एनसीसी छात्रों के द्वारा गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भूतपूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री सर्वे सत्यनारायण, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त आयुक्त सुश्री चन्दना मंडल, शरद द्विवेदी, सचिव, संसदीय मामलों के मंत्रालय (भारत सरकार) एवं मो. असदुल्लाह, सहायक अनुभाग अधिकारी संसदीय कार्य मंत्रालय एवं सभी गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। केंद्रीय विद्यालय हैदराबाद संभाग के प्रभारी उपायुक्त टी. प्रभुदास द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शरद द्विवेदी द्वारा छात्रों को अद्भुत और प्रेरक संदेश युक्त संबोधन दिया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सुश्री चंदना मंडल संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण) केवीएस मुख्यालय नई दिल्ली ने सभा को संबोधित किया और छात्रों को पूरी क्षमता एवं लगन से प्रतियोगिता से भाग लेने और लोकतंत्र के मूल्यों को विकसित एवं संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य अतिथि, सर्वे सत्यनारायण ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवा संसद के महत्व और भारत के भावी जिम्मेदार नागरिकों के रूप में उनके भविष्य पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। राजेश्वर राव, सहायक उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन हैदराबाद संभाग द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों, अन्य संभागों से आए शिक्षकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

# खम्मम कलेक्टर ने अधिकारियों से बीसी भवन के कार्यों में तेजी लाने को कहा



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम जिला कलेक्टर वीपी गौतम ने इंजीनियरिंग व बीसी कल्याण विभाग के अधिकारियों को बीसी भवन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। गुरुवार को कलेक्टर ने सूडा अध्यक्ष बच्चू विजय कुमार के साथ शहर में बायपास रोड पर 2 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बीसी भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इंजीनियरिंग अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने और कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के साथ ही क्षेत्र स्तर पर कार्यों की बार-बार निगरानी करने के निर्देश दिए। बाद में, उन्होंने नए खुले बीसी स्टडी सर्कल भवन का निरीक्षण किया और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग ले रहे छात्रों से बातचीत की। उन्होंने उनसे कक्षाओं, किताबों, सुविधाओं के बारे में पूछताछ की और क्या उन्हें कोई समस्या आ रही है। बीसी स्टडी सर्कल निदेशक श्रीलता, बीसी कल्याण अधिकारी ज्योति, पंचायत राज ईई श्रीनिवास आदि उपस्थित थे।

# आज से तीन माह के लिए मिनिस्टर रोड पर ट्रैफिक डायवर्जन

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने आज अधिसूचित किया कि मिनिस्टर रोड, बेगमपेट पर रसूलपुरा से रामगोपालपेट पीएस के बीच सड़क के तहत जीएचएमसी, नाला के सामरिक नाला विकास कार्यक्रम (एसएनडीपी) के संबंध में कार्यकारी अभियंता, एसएनडीपी-द्वितीय, जीएचएमसी के अनुरोध के अनुसार 18 नवंबर से 16 फरवरी, 2023 तक तीन महीने के लिए नवीनीकरण के लिए ट्रैफिक डायवर्जन का निर्णय लिया गया है।

ट्रैफिक डायवर्जन : बेगमपेट फ्लाईओवर से आने वाले ट्रैफिक को रसूलपुरा टी जंक्शन पर केआईएमएस अस्पताल, मिनिस्टर रोड, रानीगंज, नल्लागुट्टा, पीवीएनआर मार्ग की ओर राइट टर्न लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और सीटीओ फ्लाईओवर के तहत आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी, यू टर्न लेना होगा और लेना होगा हनुमान मंदिर बाई-लेन से फूड वर्ल्ड, सिंधी कॉलोनी, रामगोपालपेट पीएस, मिनिस्टर रोड, केआईएमएस अस्पताल की ओर डायवर्जन रहेगा। रानीगंज, नल्लागुट्टा, पीवीएनआर मार्ग से आने वाले यातायात को रसूलपुरा की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और रामगोपालपेट पीएस, सिंधी कॉलोनी, फूड वर्ल्ड, हनुमान मंदिर, बाएं मुड़ से रसूलपुरा की ओर दाएं मुड़ना चाहिए। सिकंदराबाद की ओर से केआईएमएस अस्पताल की ओर आने वाले यातायात को हनुमान मंदिर उप-लेन से फूड वर्ल्ड, सिंधी कॉलोनी, रामगोपालपेट पीएस, लेफ्ट टर्न मिनिस्टर रोड, केआईएमएस अस्पताल या सीटीओ, पैराडाइज, रानीगंज राइट टर्न केआईएमएस अस्पताल की ओर मोड़ना चाहिए।

बेगमपेट फ्लाईओवर से केआईएमएस अस्पताल, मंत्री रोड जाने वाले एम्बुलेंस या मरीजों को सीटीओ/मीटिंग प्वाइंट पर 'यू' मोड़ लेना पड़ता है और केआईएमएस अस्पताल की ओर सिंधी कॉलोनी, रामगोपालपेट पीएस तक पहुंचने के लिए बाय-लेन लेना पड़ता है। हनुमान मंदिर से सिंधी कॉलोनी, पीजी रोड, सिकंदराबाद की ओर दोनों तरफ भारी वाहनों (बस, डीसीएम, लॉरी) की अनुमति नहीं है और मंत्री रोड तक पहुंचने के लिए रानीगंज मार्ग लेना पड़ता है।

सीपी ने कहा कि सभी नागरिकों और अन्य यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और उपरोक्त मार्ग से बचें और ट्रैफिक डायवर्जन की अवधि के दौरान ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, निकाली गई रैली




हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग के समर्थन में अखिल भारत गौ सेवा फाउंडेशन तथा पंचगव्य डॉक्टर्स द्वारा पीपुल्स प्लाजा नेकलेस रोड पर आयोजित वॉक फॉर गौ कार्यक्रम को भारी जनसमर्थन मिला। अखिल भारत गौ सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष बाल कृष्ण गुरु स्वामी तथा अभा गौ सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष जिग्नेश दोशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नगरद्वय के कई गो प्रेमी शामिल रहे। सभी ने केंद्र सरकार से गोमाता को राष्ट्रीय प्राणी (राष्ट्र माता) घोषित करने की मांग की। गौरतलब है कि यह मांग देश के कई सामाजिक संगठन कई वर्षों से कर रहे हैं। इस दौरान सभी से गौमाता को उचित सम्मान दिलाने की शपथ ली। इस अवसर पर अखिल भारतीय पंचगव्य एसोसिएशन के निरंजन वर्मा गुरुजी, डॉ. इंदुमति, डॉ. सुदर्शन सिंह, मल्लेश, लोकेश यादव, चंद्रस्वामी, योगिश प्रभु, गायत्री, श्रीनिवास गौड़, मुरली कृष्ण आदि की विशेष सहभागिता रही।

# वीरभद्र स्वामी कल्याण महोत्सव मनाया गया



मदनूर, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हर वर्ष की तरह स्थानीय वीरभद्र व भद्रकाली मंदिर में कल्याण उत्सव संपन्न हुआ। मंदिर के पूजारी संगय्यापा स्वामी, शिव अप्पा स्वामी ने भक्तों को संबोधित करते हुए बताया कि वीरभद्र स्वामी कल्याण उत्सव तीन दिन मनाया गया। मंगलवार के दिन मंदिर के सामने मंडप डालने के बाद वीरभद्र स्वामी व भद्रकाली माता हल्दी लगाया गया। बुधवार के दिन सुबह स्वामी व माता पंचामृत से महाआभिषेक के साथ इन दोनों को नवस्त्र अर्पण किये जाने के बाद मंगल अष्टक की सहयता से कल्याण उत्सव मनाया गया। गुरुवार के दिन आग्निकुंड, कार्यक्रम के बाद वीरभद्र स्वामी मंदिर से लेकर पुराना बस्थांनक हनुमान मंदिर तक स्वामीजी की पालकी शोभा यात्रा निकाली गई। इस समय स्थानिक भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।




**राजीव दीक्षित के जन्मदिन पर अखिल भारत गौ सेवा फाउंडेशन तथा पंचगव्य डॉक्टर्स द्वारा पीपुल्स प्लाजा नेकलेस रोड पर आयोजित वॉक फॉर गौ में भाग लेते हुए बाल कृष्ण गुरु स्वामी, योगेश प्रभु, रामुलु, एनआर लक्ष्मण राव, सूर्या शुक्ल के साथ कई चिकित्सक।**

# अग्रवाल समाज दिलसुखनगर शाखा का अन्नकूट प्रसाद कल

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज दिलसुखनगर शाखा की मंगसिर की थाली एवं अन्नकुट महा प्रसाद का आयोजन 19 नवंबर शनिवार को शाम 7.01 बजे से श्री वेकटेश्वरा स्वामीवारी देवस्थान कम्नुयरि हाल मुसाराम बाग, दिलसुखनगर में हमेशा की भाति किया जाएगा। सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह है कि इस आयोजन में परिवार के सभी सदस्यों के साथ पधार कर इस महाप्रसाद का लाभ लेवे एवं अपने समाजकी शाखा की शोभा बढाये शाखा के सभी सदस्य परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारे।

# दीपावली मिलन एवं कार्तिक मास वन भोजनम आयोजित



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सोलिटेयर हारमोनी माधोपुर राष्ट्रीय चेतना सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दीपावली मिलन एंव कार्तिक मासवन भोजनम का आयोजन बहुत ही प्राचीन 1958 में बना शिवमंदिर श्री वेंन्डीकोण्डा सिद्धलिंगेश्वरा देवस्थान, श्मशाबाद में किया गया। इस दौरान सदस्यों ने शिव जी का पूजन-अर्चन और वन भोजनम का आनन्द लिया। राष्ट्रीय चेतना सेवा समिति तेलांगना प्रदेश अध्यक्षा अरुणा गुप्ता, शिरिषा, नम्रता, उमा, दीपा, वैन्नारसी, माधवी, श्रावंति, लक्ष्मी, पूनम, नीलिमा, भाग्यलक्ष्मी एंव अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भाग लिया।

# अग्रणी महिला मंच की मीटिंग 20 को, हुआ निर्णय



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया ने कहा हिमायत नगर स्थित कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा एवं अग्रणी विवाह बंधन की मीटिंग 20 नवंबर रविवार को आयोजित की जाएगी। मीटिंग में बबिता गर्ग, रितु गर्ग, सुनयना नरसरिया, टीना खंडेलवाल, वंदना पचारीरा, रीता अग्रवाल, रितु गोयल, शीतल बंसल , स्मिता शाह आदि उपस्थित थे।

# दत्तात्रेय स्वामी मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कार्तिक मास के अवसर पर न्यू बोइनपल्ली में श्री दत्तात्रेय स्वामी मंदिर में बुधवार रात दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मंदिर के स्थानीय भक्त दामोदर गौड़ हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप ने शिरकत की और मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों ने जम्पाना प्रताप को सम्मानित किया। टीआरएस की युवा शाखा के नेता वरप्रसाद व मंदिर समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

# टीआरएस ने भाजपा को विकास पर खुली बहस की चुनौती दी

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी पर राज्य सरकार के खिलाफ निराधार टिप्पणी फैलाने का आरोप लगाते हुए, टीआरएस पार्टी ने भगवा पार्टी को किसी भी समय और किसी भी स्थान पर तेलंगाना के विकास पर खुली बहस के लिए चुनौती दी है।

तेलंगाना भवन में गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, टीआरएस एमएलसी भानु प्रसाद ने कहा कि भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष बंडी संजय को अधिक बजट आवंटन और मंजूरी के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए तेलंगाना तक सीमित रहने के बजाय राज्य से संबंधित सभी लंबित परियोजनाओं के लिए करीमनगर से नई दिल्ली तक अपनी पदयात्रा करनी चाहिए। सबसे पहले बंडी संजय को सांसद होने के नाते लोगों को समझाना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में करीमनगर के साथ क्या किया। तेलंगाना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या किया। तेलंगाना की कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा शासित राज्यों में लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। भाजपा नेताओं को तेलंगाना के विकास पर बहस के लिए आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कुछ नहीं कह रहे हैं कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो किस तरह का विकास किया जा सकता है। बंदी संजय सहित भगवा पार्टी के नेता निराधार टिप्पणी करने और टीआरएस सरकार के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान फैलाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। वे टीआरएस सरकार की आलोचना करने के अलावा, तेलंगाना की प्रगति के लिए कोई कार्य योजना नहीं है। यह याद दिलाते हुए कि भाजपा ने पिछले आम चुनाव के दौरान 100 विधानसभा क्षेत्रों में जमा सुरक्षित नहीं किया है, टीआरएस एमएलसी ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा के सत्ता में आना असंभव होगा क्योंकि उसके पास 100 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार नहीं हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## कोर्ट ने मामला ...

ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अन्जुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज होने योग्य है।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलीलें रखी थी कि राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में नाबालिग होने के कारण वाद मित्र के जरिये यह वाद दाखिल किया गया है। भगवान की प्रॉपर्टी है, तब माइनर मानते हुए वाद मित्र के जरिये क्लेम किया जा सकता है। स्वीकृति से मालिकाना हक हासिल नहीं होता है। यह बताना पड़ेगा कि संपत्ति कहां से और कैसे मिली। अदालत में वाद के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट की 6 रूलिंग और संविधान का हवाला भी दिया गया।

**मुस्लिम पक्ष की दलील :**

वहीं मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि एक तरफ कहा जा रहा है कि वाद देवता की तरफ से दाखिल है। वहीं दूसरी तरफ पब्लिक से जुड़े लोग भी इस वाद में शामिल हैं। यह वाद किस बात पर आधारित है, इसका कोई पेपर दाखिल नहीं किया गया है और कोई सबूत नहीं है। कहानी से कोर्ट नहीं चलती, कहानी और इतिहास में फर्क है। जो इतिहास है वही लिखा जाएगा। साथ ही कानूनी नजीरे दाखिल कर कहा था कि वाद सुनवाई योग्य नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाए।

## श्रद्धा मर्डर केस ...

महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति और उद्धव गुट की नेता नीलम गोरहे ने श्रद्धा के पिता से मुलाकात की। मुलाकात के बाद नीलम ने कहा कि आफताब पैसों के लिए श्रद्धा को परेशान करता था। वह श्रद्धा से पैसे ऐंठता था। यह भी हत्या का कारण हो सकता है। श्रद्धा अपनी मां को झगड़ों के बारे में बताती थीं। इसी गम में मां की मौत हो गई। श्रद्धा की कोई मजबूरी थी, जिस वजह से वह आफताब को छोड़कर वापस नहीं आ पा रही थी।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस पूछताछ में आफताब ने बताया कि 18 मई यानी मर्डर वाले दिन श्रद्धा और उसके बीच घरेलू खर्च को लेकर झगड़ा हुआ था। रोज-रोज के खर्च कौन देगा, इसे लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई थी, इसके बाद ही उसने श्रद्धा की हत्या की। वारदात के बाद आफताब ने श्रद्धा के अकाउंट से 55 हजार रुपये निकाले थे। ये खर्च उसने फ्रिज खरीदने से लेकर धारदार चाकू और कूड़ा फेंकने वाला बैग खरीदने में किए थे।

**आफताब का कटे हाथ का इलाज करने वाला डॉक्टर मुख्य गवाह :**

जिस डॉक्टर ने मई में आफताब के कटे हुए हाथ का इलाज किया था, उसे पुलिस ने मुख्य गवाह बनाया है। बता दें कि पुलिस ने जब आफताब के फ्लैट की तलाशी ली थी तब एक डॉक्टर का पर्चा उन्हें हाथ लगा था। इसके बाद पुलिस आफताब को लेकर महरौली में डॉक्टर के क्लिनिक पहुंची थी। डॉक्टर ने बताया कि जब मैंने चोट के बारे में पूछा तो उसने कहा कि फल काटते समय उसका हाथ कट गया था। वह आक्रामक और बेचैन लग रहा था।

**बाथरूम में लाश के 35 टुकड़े किए, खून सीवेज में बहाया :**

न्यूज एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से यह खबर भी दी है कि आफताब ने 18 मई को फ्लैट के बाथरूम में श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए थे। इस दौरान वह शॉवर चालू रखता था, ताकि बॉडी से निकला खून सीवेज में बह जाए। सूत्रों ने यह भी बताया है कि आफताब ने फ्रिज को केमिकल से साफ किया था, ताकि सबूत मिटाए जा सकें। दोनों लिव-इन में रहते थे। श्रद्धा के शरीर के टुकड़े रखने के लिए आफताब ने 300 लीटर का फ्रिज खरीदा था। वह 18 दिन तक रोज रात 2 बजे जंगल में शव के टुकड़े फेंकने जाता था।

## राहुल बोले-सावरकर ...

उन्होंने दया याचिकाएं लिखनी शुरू की थीं। सावर ने अंग्रेजों की हर तरह से मदद की थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया था किवह अंग्रेजों से पेंशन लेते थे, उनके लिए काम करते थे और कांग्रेस के खिलाफ काम करते थे।

**महाराष्ट्र सरकार को दी चेतावनी :**

राहुल ने कहा कि यह अवधारणा गलत है कि कांग्रेस, भाजपा के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ रही है। 2024 के आम चुनाव में राहुल गांधी के कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होने संबंधी सवाल पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि यह भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने का प्रयास है। राहुल गांधी ने उनकी भारत जोड़ो यात्रा के कांग्रेस पर होने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मैं ज्योतिषी नहीं हूं, भविष्य नहीं बता सकता।

## कठुआ रेप-मर्डर ...

लेकिन उसके केस को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में ट्रांसफर कर दिया गया था। 16 अप्रैल को कठुआ की सेशन कोर्ट में ट्रायल शुरू हुआ, लेकिन 7 मई 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को कठुआ से करीब 30 किमी दूर पड़ोसी राज्य पंजाब के पठानकोट की जिला एवं सत्र अदालत में ट्रांसफर कर दिया। क्योंकि, जम्मू-कश्मीर सरकार और कुछ वकीलों ने कठुआ में निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने की आशंका व्यक्त की थी। जून, 2018 के पहले हफ्ते में सुनवाई शुरू हुई। जून, 2018 में 7 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर की रणबीर दंड संहिता के तहत आरोपियों पर धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 302 (हत्या) और 376डी (गैंगरेप) के तहत आरोप तय किए। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद किशोर आरोपी को छोड़कर सभी आरोपियों को गुरदासपुर जेल में भेज दिया गया था।

3 जून, 2019 को मामले का ट्रायल पूरा हो गया। सेशन कोर्ट में लगातार 245 दिन तक सुनवाई चली। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर्स की ओर से 114 गवाहों को पेश किया गया, जबकि उसके बचाव में डिफेंस की ओर से 18 गवाह मात्र 20 दिन में पेश गए। 10 जून को स्पेशल कोर्ट ने ग्राम प्रधान सांझी राम, दीपक खजूरिया और प्रवेश कुमार को 25 साल की उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वहीं, सुरेंद्र कुमार, आनंद दत्ता, तिलक राज को पांच साल की सजा सुनाई थी, जबकि सांझी राम के बेटे विशाल को बरी कर दिया।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ इंडिया की पॉसिबल प्लेइंग-11

## ईशान को मिल सकता है मौका, विराट की जगह श्रेयस

खेल डेस्क , 17 नवंबर (एजेंसियां)। 15 साल बाद टीम इंडिया के पास टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का मौका था, जो सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार कर हाथ से निकल गया। अब भारतीय टीम 18 नवंबर को वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज करने जा रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस सीरीज में टीम पूरी तरह से बदल गई है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज टीम का हिस्सा नहीं हैं। रोहित की जगह हार्दिक पंड्या कप्तानी करेंगे।

ऐसे में हम आपको इस स्टोरी में बताएंगे कि 18 नवंबर से शुरू हो रही सीरीज में किन 11 खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है।

**ऐसी हो सकती है ओपनिंग जोड़ी**

रोहित शर्मा और केएल राहुल न्यूजीलैंड के खिलाफ इस टी-20 सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। ऐसे में



श्रेयस अय्यर का T20I करियर
47 मैच / 1030 रन / 32.19 औसत / 136.06 स्ट्राइक रेट



ईशान किशन का T20I में परफॉर्मेंस
19 मैच | 543 रन | 30.16 औसत | 131.15 स्ट्राइक रेट

युवा बल्लेबाज ईशान किशन टीम इंडिया के लिए ओपनिंग कर सकते हैं। ईशान विस्फोटक बल्लेबाजी में माहिर हैं। उनका भारत के लिए खेलते हुए स्ट्राइक रेट 131.15 का है। वहीं, ईशान का साथ दीपक हुड्डा दे सकते हैं। वर्ल्ड कप की टीम में दीपक को जगह मिली थी, लेकिन उनको बहुत कम मौके मिले।

दीपक पहले भी भारतीय टीम के लिए ओपनिंग बल्लेबाजी कर चुके हैं और इस खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट 153. 40 का है।

**मिडिल ऑर्डर में इन खिलाड़ियों को मिलेगा मौका**

न्यूजीलैंड के खिलाफ इस टी-20 सीरीज में नंबर 3 पर स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। श्रेयस इन दिनों बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं, नंबर 4 पर सूर्यकुमार यादव को मौका मिलना तय है। नंबर 5 पर कप्तान हार्दिक पंड्या आ सकते हैं। बॉलिंग में भी ये खिलाड़ी योगदान दे सकता है।

**पंत हो सकते हैं विकेटकीपर**

टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हो सकते हैं। उन्हें नंबर 6 पर मौका मिल सकता है। वो मैच फिनिशर का रोल भी निभाते नजर आ सकते हैं। वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने दिनेश कार्तिक पर भरोसा जताया था, लेकिन खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है।

**लोअर ऑर्डर में इन खिलाड़ियों की बनेगी जगह**

लोअर ऑर्डर में नंबर 7 पर ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह पक्की है। सुंदर नंबर 7 पर बल्लेबाजी के साथ-साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से टीम इंडिया के लिए अहम भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं।

**गेंदबाजी में किसे मिलेगा मौका?**

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में जगह मिलना तय माना जा रहा है। पूरे वर्ल्ड कप में इस खिलाड़ी को एक भी मैच में मौका नहीं मिल पाया था। इस कारण टीम मैनेजमेंट की काफी आलोचना भी हुई थी। इसके अलावा मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल को बतौर तेज गेंदबाज आप प्लेइंग इलेवन में देख सकते हैं।

**पहले टी-20 के लिए पॉसिबल प्लेइंग इलेवन**

ईशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, हर्षल पटेल, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

# मिशन एशियाई खेल: बुल्गारिया में तैयारियां करेंगी पहलवान विनेश फोगाट

## न्यूयॉर्क में खेलेंगे बजरंग पूनिया





नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसियां)। तीन बार की राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश के साथ उनके फिजियो अश्विनी पाटिल भी बेलमेकेन जाएंगे। बेलमेकेन समुद्र तल से लगभग 2600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट बुल्गारिया के बेलमेकेन में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सेराफिम बेर्जाकोव की देखरेख में ट्रेनिंग करेंगी और खेल मंत्रालय इसके लिए टॉप्स के जरिये आर्थिक मदद करेगा।

तीन बार की राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश के साथ उनके फिजियो अश्विनी पाटिल भी बेलमेकेन जाएंगे। बेलमेकेन समुद्र तल से लगभग 2600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। 19 दिनों का यह शिविर सात नवंबर से शुरू होगा और इस दौरान शीर्ष पहलवान बिलयाना दुदोवा (2021 विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण विजेता) और इवेलिना निकोलोवा (2020 ओलंपिक कांस्य विजेता) भी जुड़ सकते हैं।

इसके अलावा खेल मंत्रालय बजरंग पूनिया की भी सहायता करेगा जो 18-19 नवंबर को न्यूयॉर्क में बिल फेरेल अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। बजरंग और विनेश ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इन दोनों से आगामी एशियन गेम्स में काफी उम्मीदें हैं। एशियन गेम्स को इस साल स्थगित कर दिया गया था। अब वह अगले साल सितंबर-अक्तूबर में खेला जाएगा।

# नीरज चोपड़ा की फिटनेस देख फैंस हुए हैरान

खेल डेस्क , 17 नवंबर (एजेंसियां)। जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा का वर्कआउट का वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर फैंस काफी हैरान नजर आए.

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा खुद को फिट रखने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं. उनका खेल ही ऐसा है जिसके लिए फिट रहना काफी अहम है. भारत के लिए ओलिंपिक गोल्ड मेडल जीत चुका यह स्टार एक बार फिर से यह कारनामा दोहराने को तैयार है और इसके लिए जमकर पसीना भी बहा रहा है. उन्होंने हाल ही में अपना वर्कआउट करता हुआ वीडियो शेयर किया है जिसने फैंस का दिल जीत लिया है.

हाल ही में डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा अब आगे आने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स की तैयारियों में लगे हुए हैं. नीरज



की फिटनेस पर तो किसी को शक नहीं है उन्होंने अपने एक वीडियो से एक बार फिर अपनी फिटनेस साबित कर दी. सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है.

**नीरज चोपड़ा का वीडियो वायरल**

नीरज ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह दो रस्सियों के बल पर बिना पैर लगाए सिर्फ हाथ की मदद से चढ़ते दिखाई दिए और फिर उसी तरह उतरे. इससे उनकी हाथों की ताकत साफ नजर आ रही थी. उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रुकना नहीं है'. उन्होंने इसके साथ ही तिरंगे का इमोजी भी शेयर किया. फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आया और उन्होंने इसे जमकर शेयर किया. फैंस अपने पसंदीदा स्टार का सुपरमैन अवतार देखकर काफी खुश दिखाई दिए.

**नीरज चोपड़ा की नजर 90 मीटर के लक्ष्य पर**

नीरज चोपड़ा पिछले काफी समय से 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं. वह कई बार इसके करीब आकर चूक गए. उनसे पहले पाकिस्तान नदीम यह कारनामा कर चुके हैं और अब भारतीय फैंस की नजरें भी अपने स्टार पर टिकी हैं. इसी साल नीरज चोपड़ा वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने से भी चूक गए थे. ऐले में अगले साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप उनके लिए काफी अहम है. इस टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल 19 से 27 अगस्त के बीच हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में होगा.

# मैराडोना के मशहूर गोल वाली फुटबॉल 20 करोड़ में नीलाम

## 36 साल पहले किया था हैंड ऑफ गॉड गोल

खेल डेस्क , 17 नवंबर (एजेंसियां)। फुटबॉल जगत का सबसे चर्चित गोल...हैंड ऑफ गॉड। जिस फुटबॉल से यह गोल किया गया, वो बुधवार को 20 करोड़ रुपए में नीलाम हुई।

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डियागो मैराडोना ने 1986 वर्ल्डकप में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में यह गोल किया था। फुटबॉल में ये गोल मशहूर तो है ही, कंट्रोवर्शियल भी उतना है।

फुटबॉल से पहले वो जर्सी भी नीलाम हो चुकी है, जिसे गोल करते वक्त मैराडोना ने पहना था। 6 महीने पहले हुई इस नीलामी में जर्सी 75 करोड़ में बिकी थी। 2 साल पहले डिएगो मैराडोना की 60 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

हैंड ऑफ गॉड गोल वाली फुटबॉल को जान लीजिए

1986 क्वार्टर फाइनल में जो फुटबॉल 2.4 लाख डॉलर में बिकी है, उसका नाम एजटेका है। एडीडास की सफेद रंग की यह फुटबॉल ट्यूनीशिया के रेफरी अली बिन नासेर के पास थी। नासेर ही उस मैच में रेफरी थे। इस बॉल को ग्रेट ब्रिटेन के ग्राहम बड ऑक्शन में नीलाम किया गया। बिन ने नीलामी से पहले कहा था- 'दुनिया के साथ इस गेंद को साझा करने का यह सही समय है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि इसका खरीदार इसे सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए रखेगा।'

**कैसे हुआ था हैंड ऑफ गॉड गोल**

22 जून को इंग्लैंड-अर्जेंटीना के बीच 1986 वर्ल्ड कप का क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला जा रहा था। माराडोना ने उछलकर गेंद को गोल पोस्ट में डालने की कोशिश की। वे गेंद को अपने सिर से मारना चाहते थे, लेकिन बॉल उनके सिर की बजाय हाथ से लगी और गोलकीपर पीटर शिल्टन को छकाते हुए नेट में जा लगी। इस हैंड बॉल को रेफरी नासेर देख नहीं पाए और गोल करार दिया। इस तरह अर्जेंटीना को मैच में 1-0 की बढ़त मिल गई। अर्जेंटीना ने मैच 2-1 से जीता और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

**क्यों खास था हैंड ऑफ गॉड गोल**

एक अनोखा गोल...जो हैंडबॉल पर हुआ। यह फुटबॉल इतिहास का इकलौता गोल है, जो हैंड होने के बाद भी दिया गया। रेफरी ने बॉल को हाथ से लगते हुए नहीं देखा था। और उस टाइम पर कोई तकनीक भी नहीं इस्तेमाल की जाती थी, जिससे फैसले को बदला जा सके। इस गोल की बदौलत 1986 में अर्जेंटीना सेमीफाइनल और फिर फाइनल पहुंचा। खिताब भी उठाया। उसके बाद अब तक वो वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीत सकता है।

**फुटबॉल की दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी नीलामी**



यह फुटबॉल आइटम्स की दूसरी सबसे बड़ी नीलामी है। इससे ज्यादा कीमत में 6 माह पहले मैराडोना की जर्सी बिकी थी। उस जर्सी की कीमत 75 करोड़ रुपए थी। आगे देखिए फुटबॉल आइटम्स की बड़ी नीलामी...

मैराडोना की हैंड ऑफ गॉड की जर्सी : 75 करोड़, हैंड ऑफ गॉड फुटबॉल : 20 करोड़, शेफील्ड फुटबॉल क्लब के रूल एंड रजिस्ट्रेशन लॉ : 10 करोड़, FA कप 1912 की ट्रॉफी : 7 करोड़, जूल्स रिमेट ट्रॉफी रिप्लिका : 2 करोड़।

**मैराडोना ने वर्ल्ड कप में 8 गोल दागे**

डियागो मैराडोना ने वर्ल्ड कप के 21 मुकाबलों में आठ गोल दागे हैं। 1986 वर्ल्ड कप में मैराडोना ने अर्जेंटीना की ओर से 5 गोल दागे थे और इतने ही असिस्ट किए थे।

**वर्ल्ड कप के 19 मैचों में 6 गोल ही कर सके हैं मैसी**

कतर वर्ल्ड कप खेल रहे अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मैसी ने वर्ल्ड कप के 19 मुकाबलों में 6 गोल दागे हैं। वे क्लब और देश के लिए 750 गोल दाग चुके हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप की यूथ ब्रिगेड

## कोई 18 तो कोई 19 साल की उम्र में करेगा डेब्यू

दोहा, 17 नवंबर (एजेंसियां)। रविवार से फीफा वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। वर्ल्ड कप खेलना खिलाड़ियों का सपना होता है, खासकर युवाओं के लिए। कतर में हो रहे इस वर्ल्ड कप में कुछ युवा ऐसे हैं, जो दबाव के बावजूद बिना अनुभव के देश के लिए बड़ा सितारा बनकर उभर सकते हैं। यह इन उभरते सितारों के लिए अवसर है, जहां से वो फुटबॉल की दुनिया में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। आइए जानते हैं उन युवा खिलाड़ियों के बारे में, जो कतर में अपनी टीम के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं...

ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। परिवार के साथ 6 साल की उम्र में शरणार्थी के रूप में ऑस्ट्रेलिया आए थे। केवल 16 साल की उम्र में ए-लीग में गए। अच्छे प्रदर्शन के चलते सितंबर 2022 में प्रीमियर लीग की टीम न्यूकैसल ने करार किया।

केवल 17 साल की उम्र में स्पेन के लिए डेब्यू कर वह स्पेन के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।




बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उनकी तुलना पूर्व स्पेनिश स्टार जेवियर हर्नांडेज यानी जावी से की जा रही है।

पेड्रो ने केवल 17 साल की उम्र में बार्सिलोना के लिए डेब्यू कर लिया था। तब से वह टीम के अहम खिलाड़ी बने। मिडफील्ड में खेलने वाले पेड्रो ने बार्सिलोना के लिए 37 मैच खेले हैं। मार्च 2022 में उन्हें 19 साल की उम्र में ही स्पेन के लिए डेब्यू का मौका मिला।

16 की उम्र में डेब्यू कर सीनियर टीम में सबसे युवा खिलाड़ी बने। पिता मार्क और भाई जोब भी फुटबॉलर हैं। बोरूसिया डॉर्टमंड ने 2020 में जूड को अपने क्लब इतिहास में सबसे ज्यादा राशि देकर खरीदा। केवल 19 साल की उम्र में जूड ने कप्तानी भी की।

बायर्न म्यूनिख के लिए केवल 17 साल की उम्र में ही डेब्यू किया। जमाल का जन्म जर्मनी में हुआ था। फिर माता-पिता के साथ इंग्लैंड में जा बसे। जूनियर लेवल में जमाल ने इंग्लैंड व जर्मनी दोनों के लिए खेला है। लेकिन, सीनियर में जर्मनी के लिए डेब्यू किया।

कम उम्र में ही स्पेन के सबसे अच्छे युवा खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बार्सिलोना के लिए 2019 में डेब्यू किया और तब से लगातार टीम का हिस्सा हैं। स्पेन के लिए 4 मैचों में एक गोल कर चुके हैं। दोनों भाई और पिता फुटबॉलर हैं।

ब्राजील के पास बहुत बड़ा टैलेंट पूल है। एंटनी 11 मैच खेल चुके हैं। हालांकि, वर्ल्ड कप में शुरुआती इलेवन में चुना जाना मुश्किल है, क्योंकि टीम के पास नेमार, गैब्रियल जीसस जैसे स्टार हैं। वे बतौर सबस्टिट्यूट आ सकते हैं। उन्होंने अयाक्स के लिए 53 मैच में 17 गोल किए।

ऑरेलियन डिफेंसिव मिडफील्डर हैं। 2018 में डिफेंसिव खेल के कारण वह लोगों की नजरों में आए। लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से उन्होंने रियल मैड्रिड के साथ 676 करोड़ में 6 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। वह फ्रांस के लिए 14 मैच खेल चुके हैं।

# पूर्व इंग्लिश कप्तान ने पूछा- 2011 के बाद क्या किया

## हार्दिक बोले– हमें साबित करने की जरूरत नहीं

वेलिंग्टन, 17 नवंबर (एजेंसियां)। वेलिंग्टन में प्रैक्टिस के बाद लक्ष्मण ने कहा- 'पंड्या बेहतरीन लीडर...हमने देखा, उसने IPL में क्या किया। वे न सिर्फ तकनीकी रूप से मजबूत हैं, बल्कि मैदान पर शांत भी रहते हैं।'

न्यूजीलैंड दौरे पर टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने एक स्टेटमेंट से जाहिर कर दिया है कि वे आक्रामक कप्तान साबित होंगे। वर्ल्ड कप में हार पर पूर्व इंग्लिश कैप्टन माइकल वॉन ने जब इंडिया की बुराई की तो हार्दिक ने कहा कि हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। हार्दिक ने अग्रेसिव अंदाज में कहा- ये खेल है, आप हमेशा बेहतर की कोशिश करते हैं।

न्यूजीलैंड दौरे पर हार्दिक टी-20 टीम के कप्तान बनाए गए हैं। 3 मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच वेलिंगटन में 18 नवंबर को खेला जाएगा। बीसीसीआई इस फॉर्मेट में हार्दिक को लॉन्ग टर्म कैप्टेंसी भी सौंप सकता है।

वॉन बोले- अगर मैं इंडियन क्रिकेट चला रहा होता तो...




वर्ल्ड कप में इंडिया की हार पर माइकल वॉन ने कहा- अगर मैं भारत की क्रिकेट चला रहा होता तो मैं अपना अभिमान भूल जाता और इंग्लैंड से प्रेरणा लेता। इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम है। वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद उन्होंने किया क्या है? कुछ भी नहीं। इंडिया वो व्हाइट बॉल क्रिकेट खेल रही है, जो बरसों पहले खत्म हो चुका है।

**हार्दिक का जवाब- ये खेल है, आप हमेशा बेहतर की कोशिश करते हैं**

वॉन की बातों से हार्दिक ज्याद खुश नजर नहीं आए। उन्होंने इस पर पलटवार किया। बोले, जब आप अच्छा नहीं कर रहे होते हैं तो स्वाभाविक है कि लोग अपनी राय बताएंगे, इसका हम सम्मान करते हैं। मुझे पता है कि लोगों का अपना और अलग नजरिया होता है। इंडिया को इंटरनेशनल लेवल पर किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। ये खेल है, आप हमेशा और लगातार बेहतर करने की कोशिश करते हैं। और जब नतीजा मिलना होता है तब मिलता है। कुछ चीजें हैं, जिन पर हमें काम करना है। हम आगे ऐसी ही चीजों की पहचान करेंगे और उन पर काम करेंगे।'

**वीवीएस लक्ष्मण ने कहा- हार्दिक मैदान और बाहर कूल हैं**

टीम इंडिया के हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा- 'पंड्या एक बेहतरीन लीडर हैं। हमने देखा है कि उसने पिछले IPL में गुजरात टाइटंस के लिए क्या किया है। मैंने आयरलैंड सीरीज में पांड्या के साथ समय बिताया है। वे तकनीकी रूप से मजबूत हैं। साथ ही मैदान पर काफी शांत भी रहते हैं, जो महत्वपूर्ण है।'

न्यूजीलैंड दौरे पर टी-20 सीरीज में इंडिया के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टीम को मैसेज दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा- हमें हार भूलकर आगे बढ़ना चाहिए और गलतियों को सुधारना चाहिए।

# फीफा वर्ल्ड कप 2022: अर्जेंटीना की जीत में मेसी छाए, रोनाल्डो हुए बीमार

खेल डेस्क , 17 नवंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने अभ्यास मैच में दागा गोल, यूएई को 5-0 से रौंदा. क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तबीयत खराब हो गई और वो प्रैक्टिस मैच नहीं खेलेंगे. स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी फुटबॉल वर्ल्ड कप 2022 से पहले कमाल की फॉर्म में हैं. अर्जेंटीना के कप्तान ने यूएई के खिलाफ शानदार गोल किया और इस मैच में उनकी टीम को 5-0 से एकतरफा जीत मिली. खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल अर्जेन्टीना ने इसके साथ ही अपने विजय रथ को 36 मैच तक पहुंचा दिया. मेसी ने हाफ टाइम से पहले टीम की ओर से चौथा गोल दागा. इससे पहले उन्होंने जूलियन इवारेज की गोल करने में मदद भी की जिन्होंने 17वें मिनट में अर्जेन्टीना को बढ़त दिलाई. टीम की ओर से एंजेल डी मारिया ने दो गोल दागे जबकि जोकुन कोरिया ने



एक गोल किया.

बता दें मेसी अर्जेन्टीना के लिए पिछले पांच मैच में 10 गोल कर चुके हैं और उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या को 91 तक पहुंचाया. अर्जेन्टीना विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 22 नवंबर को ग्रुप सी में सऊदी अरब के खिलाफ करेगा.

मेसी के जबरदस्त खेल के बीच रोनाल्डो के फैंस को बुरी खबर मिली. ये खिलाड़ी बीमार हो गया है और नाइजीरिया के खिलाफ होने वाले प्रैक्टिस मैच में वो नहीं खेलेंगे. रोनाल्डो के पेट में इंफेक्शन हो गया है.

दूसरी तरफ जर्मनी ने डेब्यू कर रहे निकलास फल्करुग के गोल से मस्कट में ओमान को 1-0 से हराया. पोलैंड ने क्रिस्टोफ पियाटेक के अंतिम लम्हों में दागे गोल से चिली को 1-0 से हराया. इस मैच में स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवेंडस्की नहीं खेले लेकिन उनके विश्व कप में 22 नवंबर को मैक्सिको के खिलाफ टीम के पहले मैच में खेलने की उम्मीद है.

# साल के अंत में रैंकिंग में शीर्ष पर रहेंगे अल्कारेज

## यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी



टुरिन, 17 नवंबर (एजेंसियां)। कार्लोस अल्कारेज दुनिया के पहले खिलाड़ी होंगे, जो 19 साल की उम्र में साल के अंत में टेनिस रैंकिंग में शीर्ष पर रहेंगे। वहीं, वह ऐसा करने वाले स्पेन के दूसरे खिलाड़ी होंगे। स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज इस साल एक खास उपलब्धि अपने नाम करने जा रहे हैं। वह साल के अंत में एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर रहेंगे। इसके साथ ही वह दुनिया के पहले खिलाड़ी होंगे, जो 19 साल की उम्र में किसी साल के अंत में एटीपी रैंकिंग में पहले स्थान पर होंगे। वह ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बनेंगे। एटीपी फाइनल 2022 में राफेल नडाल को फेलिक्स ऑगर-अलियासिम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही नडाल सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए और इस साल के अंत तक अल्कारेज का एटीपी रैंकिंग में पहला स्थान पक्का हो गया। अल्कारेज से पहले सबसे कम उम्र के एटीपी वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लेटन हेविट थे, जो साल 2001 के अंत में नंबर टेनिस खिलाड़ी बनने के समय 20 साल, 275 दिन के थे।

# नकली गन लाइसेंस रैकेट का भंडाफोड़, 30 सिंगल बोर गन जब्त

## नगर पुलिस आयुक्त ने निजी सुरक्षा एजेंसियों को दी नियम का उल्लंघन ने करने की चेतावनी



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स (पश्चिम) की टीम ने एक नकली बंदूक लाइसेंस रैकेट का भंडाफोड़ किया और उन लाइसेंसों का उपयोग करके खरीदे गए हथियारों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी निवासी अल्ताफ हुसैन को पकड़ा, जिसके पास बंदूक का लाइसेंस और एक डबल बोर गन थी। पुलिस के मुताबिक रैकेट का मुख्य सरगना अल्ताफ सिकंदराबाद स्थित ग्रेस मैनेजमेंट सिक्योरिटी सर्विस में काम करता है। उसने संदिग्ध तरीके से जम्मू-कश्मीर से नकली बंदूक का लाइसेंस हासिल किया था। इसका इस्तेमाल करते हुए वह नागपुर से एक हथियार हासिल करने में कामयाब रहा और एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करना शुरू कर दिया।

हैदराबाद के पुलिस आयुक्त, सीवी आनंद ने विवरण देते हुए कहा कि जाली बंदूक लाइसेंस तैयार करने में शामिल अल्ताफ ने भारी मात्रा में धन के लालच में ग्रेस मैनेजमेंट सिक्योरिटी सर्विसेज के क्षेत्रीय प्रबंधक वेंकट कोंडा रेड्डी और एक अन्य व्यक्ति फोटोकॉपी की दुकान करने वाला आई. श्रीनिवास की मिलीभगत से मुद्रित लाइसेंस दस्तावेज और रबर स्टैम्प तैयार करवाया। उन्होंने बिहार और अन्य राज्यों के बेरोजगार युवाओं को प्रत्येक लाइसेंस 10,000 रुपये से 20,000 रुपये में बेचा। बाद में उन दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए युवक नागपुर और अन्य शहरों से हथियार खरीद कर शहर ले आए। टास्क फोर्स के एक अधिकारी ने कहा कि अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों में बंदूक लाइसेंस के साथ सुरक्षा गार्ड की नौकरी में प्रवेश लेने वालों से 25,000 रुपये लिया गया। उन्हें बताया गया कि हथियार रखने वाले एक गार्ड को लगभग 25,000 रुपये का भुगतान किया जाता है, जबकि नियमित गार्ड को महीने में केवल 15,000 रुपये मिलते हैं। गार्ड को एशियन सिक्योरिटी सर्विसेज, नंदामुरी सिक्योरिटी एंड सर्विसेज और ग्रेस मैनेजमेंट सिक्योरिटी सर्विसेज द्वारा लगाया गया था, जिसका संचालन तेलंगाना में हुआ था। विशेष सूचना पर टास्कफोर्स इंस्पेक्टर खलील पाशा के नेतृत्व में एक टीम ने रैकेट का भंडाफोड़ किया और 30 सिंगल बोर गन, तीन डबल बोर गन, एक रिवॉल्वर, 140 राउंड, 34 नकली हथियार लाइसेंस बुक, 29 अप्रयुक्त हथियार लाइसेंस बुक, नौ हथियार लाइसेंस, छह रबर स्टाम्प और एक अनापत्ति पत्र दस्तावेज जब्त करने के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने निजी सुरक्षा एजेंसियों को निजी सुरक्षा एजेंसी विनियमन अधिनियम के उल्लंघन के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि उसे आग्नेयास्त्रों के लाइसेंस वाले गार्डों को नियुक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर बैंक या व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र गार्ड चाहते हैं, तो उन्हें हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन करना चाहिए और इसे प्राप्त करने के बाद ही सशस्त्र गार्ड को रिटेनर के रूप में नियुक्त करना चाहिए। इस मुद्दे पर चर्चा के लिए शहर की पुलिस जल्द ही निजी सुरक्षा फर्मों के साथ बैठक करेगी।

# टास्कफोर्स ने पांच को गिरफ्तार किया

## 5.53 लाख रुपये के पीडीएस चावल जब्त



वारंगल/हनमकोंडा, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टास्कफोर्स ने बुधवार को दो अलग-अलग मामलों में पीडीएस चावल खरीदने और बेचने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया और 5.53 लाख रुपये मूल्य का 200 क्विंटल चावल जब्त किया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने वर्धन्नापेट पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत धम्मनापेट के पास एक नंदीश्वर चावल मिल पर छापा मारा और पीडीएस चावल रखने के लिए रेड्डी कॉलोनी, वर्धन्नापेट के एक पेद्दाबोइना शंकर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ करने पर, उसने खुलासा किया कि उसने आसपास के गांवों से पीडीएस चावल खरीदा था और उसे दो मिनी वैन पर मिल में लाया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने चिलपुर मंडल के राजावरम गांव के मोतम प्रवीण को भी गिरफ्तार किया है। मामले के संबंध में भोनागीर और जफरगढ़ गांव के चावल मिल संचालक मोहम्मद अलीम को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए वर्धन्नापेट पुलिस को सौंप दिया। इस बीच, टास्कफोर्स पुलिस ने धर्मसागर मंडल के उनिकचेरला गांव के बाहरी इलाके में 91,000 रुपये मूल्य के लगभग 35 क्विंटल चावल भी जब्त किए. उन्होंने पीडीएस चावल रखने के आरोप में हसनपार्थी गांव के एक चितारी गणेश को गिरफ्तार किया। जब्त संपत्ति को आरोपी के साथ आगे की कार्रवाई के लिए धर्मसागर पुलिस को सौंप दिया गया है। अतिरिक्त डीसीपी और टास्क फोर्स टीमों के प्रभारी वैभव रघुनाथ गायकवाड़ ने पीडीएस चावल तस्करों को पकड़ने के लिए एसीपी डॉ. एम. जितेंद्र रेड्डी, टास्कफोर्स इंस्पेक्टर वी नरेश कुमार, एन वेंकटेश्वरलु, एसआई वी लवन कुमार और अन्य की सराहना की है।

## चंद्रयानगुट्टा में व्यक्ति की हत्या

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चंद्रयानगुट्टा के डीआरडीएल रोड पर गुरुवार तड़के एक ऑटो रिक्शा चालक की उसके चार दोस्तों ने कथित तौर पर हत्या कर दी। भवानीनगर निवासी पीड़ित शाकिर (30) को उसके परिचितों ने रात में लोगों के समूह के साथ देखा। सुबह के समय उसका शव डीआरडीएल रोड पर खून से लथपथ पड़ा मिला। शरीर पर कई चोट के निशान हैं। एसीपी फलकनुमा, सैयद जहांगीर ने कहा कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चार लोगों ने उसकी हत्या की थी। मामला दर्ज है। एक बार संदिग्धों को पकड़ लेने के बाद हम मकसद जान सकते हैं। आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है और हमलावरों को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है।

# सरकार ने छात्राओं को स्वास्थ्य किट बांटने का आदेश जारी किया



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गुरुवार को सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को किशोर स्वास्थ्य किट की खरीद और वितरण के लिए 69.52 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी देते हुए एक जीओ जारी किया। शासनादेश के अनुसार, व्यय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कोष से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चलाया जाएगा। किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में कक्षा 8वीं से इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (12वीं कक्षा) में पढ़ने वाली छात्राओं को ज़िप बैग, सैनिटरी नैपकिन और पानी की बोतल से युक्त किट प्रदान की जाएंगी। अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए छात्रों को 11 लाख किट खरीद कर वितरित करेगी। इसी तरह, अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तेलंगाना में कुल 22 लाख किट छात्रों को वितरित किए जाएंगे।

## 18-20 नवंबर तक विजयवाड़ा, गुंटूर, माचेरला रूट पर कुछ ट्रेनें रद्द

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुंटूर मंडल में ट्रैक के रखरखाव के काम के चलते 18 से 20 नवंबर के बीच कुछ ट्रेन सेवाओं को रद्द कर दिया गया है।

जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है, उनमें विजयवाड़ा-गुंटूर, गुंटूर- माचेरला, माचेरला - नाडिकुडी, नाडिकुडी - माचेरला और माचेरला-विजयवाड़ा हैं। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे परिवर्तनों पर ध्यान दें और असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

# पहाड़ीशरीफ पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई

## *कारखाना के मालिक समेत तीन गिरफ्तार*




हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा की पहाड़ी शरीफ पुलिस ने हत्या के एक मामले को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफतार किया है। जैतरणा, पाली, राजस्थान के हैदराबाद में रहने वाले महेंद्रजी चौधरी की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में यूपी के निवासी रोहित कुमार, रंगारेडडी जिले के निवासी ओमप्रकाश, रंगारेड्डी जिले के निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। पहाड़ी शरीफ पुलिस को बीते 31 अक्टूबर 2022 को राजस्थान के जैताराम थाने से आईपीसी की धारा 302 के तहत जीरो एफआईआर प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता प्रकाश, पुत्र मोहनलाल जाट, निवासी सागियाडा थाना, जैतारण जिला पाली, राजस्थान ने बताया कि बीते 4 अक्टूबर को मनीष धाड़िया द्वारा मोबाइल फोन से उन्हें सूचित किया गया कि उनके चाचा महेंद्रजी चांगल (40) दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई है। उनके मृत शरीर को शिवरामपल्ली के चंद्रा मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के सामने रखा गया है। सूचना के बाद वे अस्पताल पहुंचे, अपने चाचा के शव को देखा, जिसे पूरी तरह से पैक करके एम्बुलेंस में रखा गया था। जब सब लेकर राजस्थान पहुंचे तो एंबुलेंस से उतारने के बाद शव को खोल कर देखा गया तो उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान दिखाई दिए, जिससे उन्हें पता चला कि मृतक की मौत हार्ट अटैक से नहीं हुई बल्कि उसकी हत्या की गई है। मृतक हैदराबाद में श्रीराम कॉलोनी स्थित श्री सानवी इंडस्ट्रीज में काम कर रहा था। मालिक सुनील और उसके आदमी मृतक की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने मौत के असली कारण को गुमराह करके उनसे झूठ बोला और यह माना कि उनके चाचा की मौत नहीं हुई है। शव को बिना पोस्टमार्टम कराए दुर्भावना से उसके गांव भेज दिया गया। ऐसे में शक होने पर राजस्थान के स्थानीय जैतारण थाने में जाकर शिकायत की और जीरो एफआईआर दर्ज की। राजस्थान राज्य से जीरो एफआईआर प्राप्त होने पर पहाड़ शरीफ पुलिस ने एक मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। जांच के दौरान इंस्पेक्टर पहाड़ी शरीफ ने कारखाने का दौरा किया और मामले की छानबीन की। जांच के दौरान जांच अधिकारी ने मुख्य आरोपी रोहित को निशाने पर लिया क्योंकि उसके खिलाफ सबूत पर्याप्त थे। पूछताछ में पता चला कि उसे कारखाने के मालिको द्वारा द्वारा यूपी भेजा गया था। बीते 14 नवंबर को यह सोचकर हैदराबाद लौट आया कि मामला बंद हो गया है। हमेशा की तरह कारखाने में काम करना शुरू कर दिया। आज रोहित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने महेंद्र के सिर पर स्पैनर से मारने की बात कबूल की, जिससे उसकी मौत हो गई।

## व्यक्ति ने पत्नी की हत्या की, शव पर माल्यार्पण कर पुलिस के हवाले किया

गुंटूर, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ब्यूटी पार्लर में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी, बाहर जाकर फूलों की एक माला खरीदी जिसे उसने उसके गले में डाल दिया और फिर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। गुंटूर जिले के तेनाली में गुरुवार को अजीबोगरीब घटना घटी। दंपति कोटेश्वर राव और स्वाति तेनाली के गांधीनगर में रह रहे थे। स्वाति परिवार चलाने के लिए ब्यूटी पार्लर चला रही थी। पुलिस के अनुसार, कोटेश्वर राव कर्ज चुकाने के लिए स्वाति को जमीन बेचने के लिए कुछ समय से परेशान कर रहा था, लेकिन उसने कर्ज लेने से इनकार कर दिया।

गुरुवार को कोटेश्वर राव ब्यूटी पार्लर गए और इस मुद्दे पर उनके साथ विवाद किया। उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसमें कोटेश्वर राव ने उस पर चाकू से हमला किया और उसकी मौके पर ही हत्या कर दी। फिर वह पास की एक दुकान में गया, फूलों की एक माला खरीदी और उसे अपनी पत्नी के शरीर के गले में डाल दिया। बाद में उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे उनके दो बेटे अनाथ हो गए।

# 104 लिंक सड़कें विकसित करने का प्रस्ताव



हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार ने मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट्स (चरण- III) के तहत 2,410 करोड़ रुपये की लागत से 104 लिंक सड़कों को विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। आने वाले दिनों में लिंक रोड के विकास से जुड़े कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा। उनमें से, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की सीमा में कुल 72 सड़कें 95.47 किलोमीटर की दूरी पर 1,160 करोड़ रुपये के साथ विकसित की जाएंगी और इसके आसपास के 10 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में, 103.45 किलोमीटर की 32 सड़कों की 1,250 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया जाएगा। बंड्लागुड़ा जागीर, घाटकेसर, कोतुर, दम्मईगुड़ा, नगरम, बदनगापेट, शमशाबाद, इब्राहिमपट्टनम, मानिकोंडा और जवाहरनगर यूएलबी हैं जहां ये सड़कें बनेंगी। हैदराबाद रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इन लिंक सड़कों को प्रस्तावित करने का उद्देश्य गतिशीलता में सुधार, यातायात को आसान बनाना और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के विकास को बढ़ाना है। एमए एंड यूडी मंत्री के निर्देशों के बाद, केटी रामा राव ने कुल 126.20 किलोमीटर की लंबाई के साथ 135 लिंक सड़कों की पहचान की। इनमें से एचआरडीसीएल ने शुरू में 572.17 करोड़ रुपये की लागत से 37 लिंक सड़कों का विकास किया और 273.61 करोड़ रुपये की लागत से 21 सड़कों का विकास पूरा किया, जबकि शेष 16 सड़कों के लिए 298.56 करोड रुपये की लागत से काम चल रहा है।






मुख्यमंत्री केसीआर ने गुरुवार को नवनिर्मित सचिवालय भवन का दौरा कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का आदेश दिया तथा अब तक के निर्माण कार्यों पर प्रसन्नता जतायी।

## प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की चाकू मारकर हत्या

करीमनगर, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जम्मीकुंटा कस्बे में बुधवार की रात 24 वर्षीय युवक की कथित रूप से प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, गांधी चौक में एक शराब की दुकान के परमिट रूम में कथित तौर पर जिदी शिवरामकृष्ण द्वारा किए गए हमले में मंदा संतोष को चाकू मार दिया गया और उनका गला काट दिया गया। हालांकि पुलिस मौके पर पहुंची और संतोष को जम्मीकुंटा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया।

जम्मीकुंटा नगरपालिका के कोठापल्ली के निवासी, शिवरामकृष्ण और संतोष दोनों रिश्तेदार थे और चित्रकार के रूप में काम करते थे। पुलिस के मुताबिक पत्नी के जाने के बाद अकेले रह रहे संतोष का शिवरामकृष्ण की बहन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले महीने, दोनों भाग गए, जिसके बाद शिवरामकृष्ण और उनके माता-पिता ने 24 अक्टूबर को पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। कुछ दिन बाद दंपति वापस लौटे और पंचायत में मामला सुलझ गया, जिसके बाद शिकायत वापस ले ली गई।

## मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मोटरसाइकिल चोरी में कथित रूप से शामिल एक सुरक्षा गार्ड को मलकपेट पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने सात मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार व्यक्ति पनम शिवा रेड्डी (27), दिलसुखनगर का निवासी और सूर्यापेट जिले का मूल निवासी, इलाकों में घूमता रहा और कथित तौर पर मोटरसाइकिलों की चोरी को अंजाम दिया। उसने वाहनों को चोरी करने के बाद चैतन्यपुरी मेट्रो स्टेशन की पार्किंग और एमजीबीएस बस स्टैंड की पार्किंग में रख दिया। एसीपी मलकपेट, एन वेंकट रमना ने कहा कि पार्किंग स्टैंड में वाहनों को पार्क करने के बाद, वह खरीदारों की तलाश करेगा। उन लोगों की पहचान करने पर जिन्होंने वाहनों के पंजीकरण दस्तावेजों पर जोर नहीं दिया, शिव रेड्डी इसे सस्ती कीमत पर बेच देंगे और पैसे का इस्तेमाल अपनी निजी जरूरतों के लिए करेंगे। शिवा रेड्डी मालकपेट और चैतन्यपुरी थाना क्षेत्र में वाहनों की चोरी में शामिल है।

## आदिलाबाद में बाघों द्वारा मानव हत्याओं ने सोशल मीडिया पर फैलाया फर्जी वीडियो

कुमराम भीम आसिफाबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले में हाल ही में यहां की ग्रामीण जनता के बीच पशु-व्यक्तियों का संघर्ष, जिसमें एक किसान को एक जंगली जानवर द्वारा मार डाला गया था, जिसे तेंदुआ या बाघ होने का संदेह था, ने अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई नकली वीडियो और तस्वीरें फैला दी हैं, जिससे डर पैदा हो गया है।

एक पक्की सड़क पर शांति से आराम कर रहे एक बाघ का एक वीडियो बुधवार और गुरुवार को व्हाट्सएप ग्रुप में व्यापक रूप से साझा किया गया, जिससे दहशत फैल गई। वीडियो साझा करने वालों में से कुछ ने दावा किया कि बाघ को वांकीडी मंडल में एक सड़क पर देखा गया था, जहां मंगलवार को एक बुजुर्ग आदिवासी किसान सिदाम भीम की मौत हो गई थी। हालांकि वन अधिकारियों ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि यह बाघ था या तेंदुआ, मौके पर बाघ के पगमार्क नहीं पाए गए। जहां तक वीडियो की बात है, वन अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया है कि यह वांकिडी का था।

वांकीडी मंडल में काम करने वाले फील्ड स्टाफ और पेट्रोलिंग विंग ने भी स्पष्ट किया कि वीडियो क्षेत्र का नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने तर्क दिया कि जाहिर है, कुछ लोग ऐसे वीडियो उठाते हैं जो अतीत में देश में कहीं और वायरल हुए थे और फिर आनंद लेने और जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए क्लिप को फिर से प्रसारित करते हैं। बुधवार रात मनचेरियल के श्रीरामपुर में आरके-5 भूमिगत खदान में एक लॉरी के चालक द्वारा कथित तौर पर क्लिक की गई एक बाघ की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे कोयला खनिकों और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों में दहशत फैल गई। हालांकि वन अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इलाके में बाघ के पगमार्क नहीं मिले हैं।

## व्यवसायी के अपहरण के आरोप में तीन गिरफ्तार

हैदराबाद, 17 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मीरपेट पुलिस ने गुरुवार को एक कारोबारी को वित्तीय विवाद में कथित तौर पर अगवा करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान वी. पवन कुमार (36), रेनिवातला वेंकटेश (30) और अबोटुला गोविंदा राव (29) के रूप में हुई है, जो सभी आंध्र प्रदेश के मूल निवासी हैं। उनका एक साथी पटनाम कन्नन (42) फरार है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित रायदी राधाकृष्ण और पवन ने एक इंटरनेट व्यवसाय शुरू किया था और पूर्व ने करीब 70 लाख रुपये का निवेश किया था। समय के साथ उनके बीच मतभेद पैदा हो गए और पवन ने राधाकृष्ण को पैसे वापस करने के लिए कहा, जिसके लिए बाद में उनके बीच दुश्मनी पैदा नहीं हुई। बाद में, राधाकृष्ण हैदराबाद चले गए। पवन ने अपने स्रोतों के माध्यम से शहर में राधाकृष्ण के आवासीय पते को ट्रैक किया और हाल ही में अपने दो सहयोगियों गोविंदा और कन्नन के साथ यहां आया था। मीरपेट इंस्पेक्टर, एम महेंद्र रेड्डी ने कहा कि मंगलवार की सुबह संदिग्धों ने राधाकृष्ण का अपहरण कर लिया, जो उनके कार्यालय के रास्ते में थे और उन्हें एक कार में बांध दिया और उनके परिवार से पैसे की मांग की। बाद में व्यवसायी को छोड़ दिया गया। राधाकृष्ण की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने टीमों का गठन किया और तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उस व्यक्ति को छुड़ा लिया।




स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.